

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजद नेता तेजस्वी यादव मीटिंग करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 105 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## राष्ट्रपति को निर्देश देना असंवैधानिकः उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्य सरकार के विधेयकों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की न्यायिक समीक्षा की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए, जिसमें राष्ट्रपति को राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयकों पर विचार के लिए तीन महीने का समय तय किया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को संविधान की व्याख्या का अधिकार है लेकिन ऐसी कोई स्थिति नहीं हो सकती जहां राष्ट्रपति को निर्देशित किया जा सके और वह भी किस आधार पर। धनखड़ ने आज उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्न के छठे बैच को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा होता है। राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं। यह शपथ केवल राष्ट्रपति और उनके द्वारा नियुक्त राज्यपालों द्वारा ली जाती है। वहीं उपराष्ट्रपति,

**उठाए सवाल**

**▶▶ भारत के राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा होता है। राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं**



प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसद, न्यायाधीश ये सभी संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उन्होंन कहा कि अनुच्छेद 142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है, जो न्यायपालिका के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कोई भी आदेश पारित करने की शक्ति रखता है। धनखड़ ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि जीवन में यह दिन भी देखना पड़ेगा। उपराष्ट्रपति ने कड़े शब्दों में कहा कि राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर विधेयक अपने आप कानून बन जाएगा। उन्होंने कहा, हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? हमें बेहद संवेदनशील होना होगा। यह सवाल नहीं है कि कोई समीक्षा दायर करे या नहीं। हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र नहीं चाहा था उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्यपालिका का काम करेंगे, जो सुपर संसद के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संवैधानिक विषयों पर पांच या उससे अधिक न्यायाधीश फैसला लेते हैं। उन्होंने कहा, जिन न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति को वस्तुतः एक आदेश जारी किया और एक परिदृश्य प्रस्तुत किया कि यह देश का कानून होगा, वे संविधान की शक्ति को भूल गए हैं। न्यायाधीशों का वह समूह अनुच्छेद 145(3) के तहत किसी चीज से कैसे निपट सकता है। अगर इसे संरक्षित किया जाता तो यह आठ में से पांच के लिए होता। हमें अब उसमें भी संशोधन करने की जरूरत है।

## दाऊदी बोहरा समुदाय ने पीएम मोदी से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दाऊदी बोहरा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नए वक्फ कानून को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। साथ ही इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है। दाऊदी बोहरा समुदाय ने आगे प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन पर भी विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे इस सोच के साथ खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। बता दें कि दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल की पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे।

**क्या बोले पीएम मोदी..**

सूत्रों की माने तो प्रधानमंत्री ने बोहरा समुदाय के प्रतिनिधियों से विस्तार से बातचीत की और उनकी बातों को ध्यान से सुना।

**धन्यवाद किया**

**▶▶ इस दौरान उन्होंने नए वक्फ कानून को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया**

इसके साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार सभी समुदायों के विकास और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह मुलाकात सरकार और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच मजबूत रिश्ते का संकेत देती है।

**वक्फ कानून पर बोहरा समुदाय**

बोहरा सुमदाय के प्रतिनिधियों ने आगे नए वक्फ कानून की खासियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह संशोधन समुदाय के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ वक्फ संपत्तियों से जुड़ी व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा। साथ ही न केवल दाऊदी बोहरा बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए लाभकारी साबित होगा।

# वक्फ कानूनः सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश

● नियुक्तियां रोकीं, केंद्र से 7 दिन में मांगा जवाब; 5 मुख्य आपत्तियों पर होगी सुनवाई, तीन सदस्यीय बेंच ने केंद्र सरकार को एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया



**विवादित प्रावधान**

**▶▶ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि वक्फ संशोधन कानून के विवादित प्रावधान फिलहाल लागू नहीं होंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** वक्फ कानून पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई के दौरान गुरुवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि वक्फ संशोधन कानून के विवादित प्रावधान फिलहाल लागू नहीं होंगे। यानी फिलहाल इस कानून पर यथास्थिति बनी रहेगी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच ने केंद्र सरकार के बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

मामले की अगली सुनवाई 5 मई को होगी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं हैं। मेहता ने कहा कि आप एक ऐसा कानून रोकने जा रहे हैं, जिसे संसद ने पास किया है। मैं देश के सॉलिसिटर जनरल के तौर पर बहुत जिम्मेदारी से ये बात कह रहा हूं। मेहता ने कहा कि मैंने कोर्ट की बातों पर ध्यान दिया है, लेकिन सिर्फ कुछ धाराओं को देखकर पूरे कानून पर रोक लगाना सही नहीं होगा। मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस कानून को बनाने से पहले लाखों लोगों से बात की है, हम जनता के प्रति जवाबदेह हैं। कई गांवों की जमीन पर वक्फ बोर्ड ने दावा किया है। ऐसे में आम लोगों के हितों का भी ध्यान रखने की जरूरत है। कोर्ट का इस कानून पर तुरंत रोक लगाना बहुत सख्त कदम होगा।

### '...तो हम अपना धर्म भूल जाते हैं: संजीव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून 2025 को लेकर सुनवाई हुई। सुनवाई के पहले दिन ही बहस लंबी चली। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच वक्फ एक्ट 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि जब हम अदालत में बैठते हैं, तो अपना धर्म भूल जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के समर्थन में केंद्र की तरफ से प्रस्तुत किए गए एक उदाहरण और इस तर्क पर कड़ी टिप्पणी की कि इस तर्क के अनुसार हिंदू न्यायाधीशों की पीठ को वक्फ से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई नहीं करनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के उन प्रविधानों पर सवाल उठा रही थी, जो केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों के नामांकन की अनुमति देते हैं।

## यमुना नदी की सफाई को लेकर प्रधानमंत्री ने की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यमुना नदी की मौजूदा स्थिति का आकलन, इसकी सफाई और कायाकल्प के लिए चल रही भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में नदी को साफ करने के लिए एजेंसी-वार कार्य योजना की समीक्षा की गई। कार्य योजना में अल्पकालिक गतिविधियां



(3 महीने), मध्यम अवधि की गतिविधियां (3 महीने से 1.5 वर्ष) और दीर्घकालिक गतिविधियां (1.5 से 3 वर्ष) शामिल थीं। नाली प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवेज प्रबंधन, सेप्टेज और डेयरी अपशिष्ट प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन, अपशिष्ट जल उपचार बुनियादी ढांचे की कमी की पहचान और निगरानी उपायों, यमुना नदी में प्रवाह में सुधार, बाढ़ के मैदानों की सुरक्षा, हरित नदी तट विकास और सार्वजनिक आउटरीच के लिए की जाने वाली कार्रवाइयों पर विशिष्ट समयसीमा के साथ चर्चा की गई।

### फिर से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जल्द ही दोबारा शुरू होने की संभावना है। इस संबंध में जनता के लिए शीघ्र ही सूचना जारी की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री की पिछली चीन यात्रा के दौरान दोनों देश विमान सेवा फिर शुरू करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के तकनीकि दल विमान सेवाओं को बहाल करने के संबंध में विचार कर रहे हैं। दोनों देशों के नागर विमानन अधिकारियों की बैठक हुई है।

## वक्फ बिल को कांग्रेस ने बताया अधिकारों पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** वक्फ अधिनियम-2025 के मुद्दे पर कांग्रेस आक्रामक मुद्रा में है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन एवं सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने इसे सुधार की बजाय स्क्रिप्टेड, रणनीतिक समयबद्ध और संवैधानिक रूप से संदिग्ध प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसका सड़क से संसद तक विरोध करेगी। कांग्रेस मुख्यालय में आज एक पत्रकार वार्ता में सिंघवी ने कहा कि सरकार जिसे सुधार बता रही है, दरअसल वह अधिकारों पर प्रहार है। वक्फ



अधिनियम प्रशासनिक कदम नहीं है, यह एक मूल वैचारिक हमला है। इसे ढंग से पढ़ने और समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कानून सुधार की भाषा में यह अधिनियम पूरी तरह से शत-प्रतिशत नियंत्रण की नीति लाने का प्रयास करता है। यह न सिर्फ धार्मिक संस्थाओं पर चोट करता है बल्कि अल्पसंख्यकों के आत्मनिर्णय, स्वायत्तता की भावना को कुचलता है। ये सत्ता की दखलंदाजी को सुशासन कहकर पेश करता है लेकिन कांग्रेस चुप नहीं रहेगी। पार्टी सड़क से लेकर संसद तक इस अधिनियम का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि वक्फ अधिनियम एक लक्षित अतिक्रमण है। यह अधिनियम प्रशासनिक कार्यकुशलता के नाम पर स्थापित न्यायिक सिद्धांतों को कुचलता है। हमारे मानवाधिकार के पार्ट-3 में दो अनुच्छेद बेहद जरूरी हैं। इनमें 25, 26 विशेष हैं।

**प्रतिशोध**

**▶▶ सुधार की बजाय स्क्रिप्टेड, रणनीतिक समयबद्ध और संवैधानिक रूप से संदिग्ध प्रतिशोध करार दिया**

## वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की आशंकाः सीतारमण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि संरक्षणवादी नीतियों के बढ़ने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की आशंका है, लेकिन भारत उपयुक्त नीतियों और दीर्घकालिक निवेश के साथ वैश्विक व्यवधानों से निपट लेगा। वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर जारी चिंताओं बीच सीतारमण ने कहा कि सरकार का ध्यान





मजबूत घरेलू आधार बनाने पर रहेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ नियमों पर आश्वासन दिया कि भारत अपनी नीतियों के साथ इन 'वैश्विक व्यवधानों' से निपट लेगा।

## ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा से लगातार तीसरे दिन की पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित जमीन से जुड़े सौदा मामले में लगातार तीसरे दिन लगभग 6.30 घंटे तक पूछताछ की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने रॉबर्ट वाड्रा से इससे पहले मंगलवार और बुधवार को 6-6 घंटे की पूछताछ की थी। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा को पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है। कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा पूछताछ के बाद ईडी के दफ्तर से रवाना हो गए।



ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश होने के दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने मीडिया से बात करते हुए केंद्र सरकार पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जितने दिन भी बुलाएं, हम उपस्थित होंगे। वाड्रा ने कहा कि सभी सवालों के जवाब दे दिए हैं। इनके जवाब पहले ही दिए जा चुके हैं और इसमें कुछ भी नया नहीं है। गुरुग्राम में स्थित जमीन सौदा से जुड़ा ये मामला साल 2008 का है। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे। इसी दौरान रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में 3.5 एकड़ जमीन ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी। इस जमीन का म्यूटेशन कुछ घंटों में ही पूरा करवा लिया गया। इसके तुरंत बाद हरियाणा की सरकार ने वाड्रा की कंपनी को इस जमीन पर कमर्शियल कॉलोनी बनाने का लाइसेंस दे दिया।

**पेश हुए**

**▶▶ रॉबर्ट वाड्रा 6.30 घंटे तक पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय से घर के लिए हुए रवाना**

## राणा के प्रत्यर्पण से पाकिस्तान हुआ बेनकाबः विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान की ओर से मुंबई आतंकी हमले के दोषी तहव्वुर राणा से पल्ला झाड़ने पर प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि पड़ोसी देश कितनी भी कोशिश कर ले वैश्विक आतंकवाद के केन्द्र के रूप में उसकी छवि सुधर नहीं सकती। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण इसकी ताजा मिसाल है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि इससे यह भी जाहिर होता है कि पाकिस्तान को मुंबई आतंकी हमले के जिम्मेदार अन्य लोगों, जिन्हें वह पनाह दे रहा है, उनको कानून के कटघरे में खड़ा करे। बयान पर प्रवक्ता ने कहा कि भारत का भूभाग पाकिस्तान की प्राण वाहिनी कैसे हो सकता है।

**स्पेस डोमेन** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, साइबर और स्पेस डोमेन तेजी से नए युद्ध क्षेत्र के रूप में उभरे

## मल्टी स्पेक्ट्रम चुनौतियों का सामना करने को तैयार हो रही हैं सेनाएंः राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भविष्य के सैन्य युद्धों पर चिंता जताते हुए कहा कि आज साइबर और स्पेस डोमेन तेजी से नए युद्ध क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं। साथ ही पूरी दुनिया में नैरेटिव और परसेप्शन का भी एक युद्ध चल रहा है। इसलिए हम भारतीय सेनाओं को इन मल्टी स्पेक्ट्रम चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संघर्ष और युद्ध ज्यादा हिंसक और अप्रत्याशित होंगे। साथ ही टेक्नोलॉजी के तेजी से हो रहे विकास के कारण भविष्य के युद्धों की तस्वीरें भी काफी हद



तक बदल गई हैं। राजनाथ सिंह राजधानी में 'द वीक डिफेंस कॉन्क्लेव' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रीय रक्षा मजबूत हुई है, क्योंकि हमने उसे भारत की रक्षा और रणनीतिक आवश्यकताओं के अनुसार मजबूत किया है। इसका मतलब है कि आज न केवल भारतीय रक्षा क्षेत्र मजबूत है, बल्कि भारत का ढांचा भी मजबूती के साथ पूरी दुनिया में उभर रहा है। वह दिन दूर नहीं, जब भारत सिर्फ एक विकसित देश के रूप में सामने नहीं आएगा, बल्कि हमारी सैन्य शक्ति भी दुनिया में नंबर वन बनकर उभरेगी। डिफेन्स सेक्टर में आत्मनिर्भरता को और अधिक बढ़ावा देने के लिए और अपने सुरक्षा उपकरणों को और भी मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है। यह संकल्प सिर्फ एक टैग लाइन नहीं है, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के इस डिफेंस कॉन्क्लेव की थीम फोर्स फॉर दि फ्यूचर है। इसलिए सरकार में आने पर हमारे सामने डिफेंस को लेकर एक अजीब सोच को लेकर सबसे बड़ी चुनौती थी। उस समय फोर्स फॉर दि फ्यूचर की बात सोचने का भी साहस लोग नहीं करते थे क्योंकि कोई भी मौजूदा तैयारी दिखाई नहीं देती थी।

**प्रतिबद्धता**

**▶▶ रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है। यह संकल्प सिर्फ बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है**

## बंगालः 25 हजार शिक्षकों को सुप्रीम राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के कारण जिन शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द कर दी गई हैं, उन्हें नए सिरे से चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पद पर बने रहने की अनुमति दे दी है। सीजेआई संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह राहत केवल उन शिक्षकों के लिए है, जिनकी नियुक्तियां बेदाग थीं। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार और पश्चिम बंगाल कर्मचारी चयन आयोग को 31 मई तक सहायक शिक्षकों की नई भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने और भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 9वीं से 12वीं के बच्चों के हितों को देखते हुए उन शिक्षकों को रियायत दी



है, जो भर्ती से जुड़े गड़बड़ी में शामिल नहीं थे। यह रियायत इसी अकादमिक सत्र के लिए मिली है। शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के फैसले के बाद राज्य में शिक्षकों की कमी को देखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से रियायत की मांग की थी। दागी शिक्षकों को कोई राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सरकार 31 मई तक नई भर्ती का विज्ञापन निकाले और नियुक्ति की प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी होनी चाहिए। 3 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के करीब 25 हजार शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले पर मुहर लगाई थी।

## दुकान से घर जा रहे मेडिकल स्टोर संचालक पर ईंट से हमला

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के असावरपुर रोड पर मेडिकल स्टोर संचालक पर ईंट से हमला कर घायल करने व गाली-गलौज सहित जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। गांव असावरपुर निवासी राजबीर ने बताया कि उसने अपनी गांव में मेडिकल शॉप कर रखी है। वह दुकान से घर पर चाय पीने के लिए जा रहा था।

### उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 101/2024–25 दिनांक 28.02.2025 क्र.सं. 05**
**निविदा संख्या 10255029 खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है। **दिनांक: 16.04.2025** **1153/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 101/2024–25 दिनांक 28.02.2025 क्र.सं. 04**
**निविदा संख्या 10255032 खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है। **दिनांक: 16.04.2025** **1148/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 101/2024-25 दिनांक 28.02.2025- क्र.सं. 02**
**निविदा संख्या 10255031 खुलने की तिथि 28.04.2025.**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं तथा पार्ट डी में पैटर्न और पैनटोन नंबर का डिजाइन जोड़ा गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **नोट: उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है। दिनांक: 16.04.2025.** **1151/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 101/2024-25 दिनांक 28.02.2025. क्र.सं. 03**
**निविदा संख्या 10255027 खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **नोट: उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है। दिनांक: 16.04.2025.** **1146/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.PC. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **वीना** पत्नी स्व. शिव चंदर झा, निवासी मकान सं. 2126/2एन, गली नं. 6, प्रेम नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 197/2018 धारा 323/341/506/34 भा.द.सं. थाना पटेल नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वीना** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वीना** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.PC. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 197/2018 धारा 323/341/506/34 भा.द.सं. थाना पटेल नगर, दिल्ली की उक्त अभियुक्ता **वीना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.05.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री आकृति महेन्द्रू,**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (पश्चिम),**
**कमरा नं. 145,**
**तीस हजारी न्यायलय, दिल्ली।**

**DP/4858/CD/2025**

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि/ गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| N.I.T No. | GSU_DLI_SNT_11 dated 17.04.2025 | | | | |
| कार्य का नाम | दिल्ली रेलवे मंडल के सब्जी मंडी स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ सिग्नलिंग गियर्स का प्रतिस्थापन करते हुए सिग्नलिंग और टेलीकॉम सामग्रियों की आपूर्ति सहित M/s क्योसान मेक के EI के बैलेंस आउटडोर और इनडोर कार्यों के लिए टेंडर। | | | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 1,81,46,804.43/- | धरोहर राशि | ₹ 2,40,700.00/- | समापन अवधी | 06 Months |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 09.05.25 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 09.05.25 को 11:30 बजे | | | | |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है | | | | |

पत्र संख्या.: GSU_DLI_SNT_11 Dated: 17.04.2025 **1155/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/सर्वे व निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | पलवल (आईआर) – न्यू पृथला (डब्ल्यू डी एफ सी) के बीच नई रेल कनेक्टिविटी का शेष कार्य। |
| 2 | कार्य निष्पादन की अवधि | 06 माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 5,18,35,552.80 |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 4,09,200.00 |
| 5 | ई–निविदा जमा करने व खुलने का समय, तारीख व स्थान 29.07.25 | निविदाएं दिनांक 24.04.2025 तक आरईपीएस वेब साईट और www.ireps.gov.in पर 15.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदकार्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, जो 24.04.2025 को 15.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेब साईट www.nr.indianrailways.gov.in निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आरईपीएस पर उपलब्ध है और पर उपलब्ध है। वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 15.04.2025 से 24.04.2025 तक उपलब्ध होगें। उपरोक्त निविदकों के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्ते निविदा दत्त्वापेज में दी गयी है। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा संख्या: 288-W-BAL-WORK-PWL-PNUN Date/Time: 15.04.2025 **1143/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

| निविदा सुचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 32-W-PAINTING-MET-MB DATE 16.04.2025 | मुरादाबाद डिवीज़न के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर पुल पोषण मुरादाबाद और सीनियर सेक्शन इंजीनियर पुल पोषण बरेली के स्टील गर्डर पुल संख्या 1298UP, 1306UP, 46/SL, 1282DN, 132/SL, 1234UP&DN, 19/SL, 36/SL, 1252UP&DN, 1260UP,1282UP, 1175B/UP&DN, 821DN, 1125UP, 966/A, ROB, 90, 121/A, 126, 1231UP&DN, 1232UP, 1233UP&DN, 1255UP&DN, 41/SL,1259UP&DN, 116UP, 1227UP&DN, 44DN, 3DN, 1224UP, 1262-A-ROB, 1275DN, 3, 96, 98, 99, 970-B/ROB, 34,114, 894-A UP&DN and 1134DN इत्यादि को जंग से बचाने के लिए पेंटिंग और मेटलाइजिंग द्वारा सतह सुरक्षा का कार्य। | ₹32593506.15 | ₹313000/- | 12 (बारह) महीने | दिनांक: 13.05.2025 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात। |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। **1139/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## विद्यार्थी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने आप को करें मजबूत: ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त सहयोग से आर्य पीजी कॉलेज के सभागार में लोकमान्य तिलक अंकनाद पहाड़े समावेश प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का वीरवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शिरकत कर गणीत पर फोकस किया व किस तरह से गणित की बदौलत भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ देशों की गिनती में आता है, इस पर प्रकाश डाला। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने हमेशा दुनिया को नेतृत्व दिया है। भारत दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता पहले भी रखता था। आज भी इस दिशा में भरसक प्रयास कर रहा है। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एक दौर ऐसा भी था जब दुनिया भर के लोग भारत में शिक्षा के लिए आते थे व इसमें निपुण होकर वापिस अपने देश लौटते थे। यह सब अच्छी टैक्रोलॉजी के कारण था। आज हम भले ही तकनीकी की दुनिया में ऊंचाईयों को छू रहे हों लेकिन इस दिशा में हमें और प्रयास करने की नितांत जरूरत है। उन्होंने युवाओं को आह्द्वान किया कि वे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने आप को मजबूत करें। वर्तमान समय में भारत ताकतवर देशों की श्रेणी में पहुंच रहा है। उनके ये प्रयास देश के दम पर हो रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि युवाओं के दिमाग दुनिया को चुनौती दे सकते हैं। वर्तमान समय में दुनिया जिन हालातों से गुजर रही है उसमें भी भारत अर्थव्यवस्था को स्थापित करने में उसे मजबूत करने में लगा है। भारत का पूरा ध्यान खुद को मजबूत बनाने में लगा है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में पहुंचते-पहुंचते भारत विकसित राष्ट्द्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। सबका कल्याण करने की भावना भारत के हर जन में समाहित है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सारी दुनिया को भारत ने चुनौती दी है। यह सब हमारी मेहनत और लगन के कारण संभव होगा जब भारत 2047 तक दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनेगा। इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए आम आदमी को कार्य करना होगा। एक काम-एक विचार पर कार्य करना होगा।

## दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस टीम ने ज्वैलरी व रुपये छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नदीम व साहिल उर्फ मुन्ना यूपी बागपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 17/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : गोला नदी हल्द्वानी स्टेशन पर नदी संरक्षण कार्य के रूप में टो वॉल, सीसी ब्लाक, टो वॉल के साथ प्रीकास्ट टेट्रापॉड बैरियर कार्य आदि का शेष कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 17,38,09,304.43, बयाना राशि रूपयों में : रू. 10,19,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 08.05.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),**
**मुजाधि/डब्लू - 18** **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ छोटा निवासी बराही झज्जर हाल में भौवापुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने गश्त के दौरान नसीरपुर से भौवापुर की तरफ आते हुए युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास से एक देशी पिस्तौल व तीन जिंदा राउंड बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ राई थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया। सिपाही नवीन की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। आरोपित पर पहले भी हत्या, अवैध हथियार सहित मारपीट करने के अलग-अलग थानों में तीन मुकदमे दर्ज है।

### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर बोगी & व्हील, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा सूचनाः एमसीएफ/आरबीएल/बोगी फ्रेम और बोगी बोल्स्टर का निर्माण/2024–26/सी655 दिनांक 15.04.2025, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** कार्यक्षेत्र के अनुसार उप–संयोजनों के निर्माण और बोगी फ्रेम घटकों के स्ट्रैस रिलीविंग सहित फिएट बोगी के बोगी फ्रेम और बोगी बोल्स्टर (सभी प्रकार) का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 2,51,10,531.75 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)** शून्य **अमानत राशिः (₹)** 2,75,600.00 (दो लाख पचहत्तर हजार छह सौ मात्र) **कार्य की मात्रा** -चेप्टर VI परिणाम बिल के अनुसार। कार्य समापन की अवधि– 18 माह। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय–** दिनांक **08.05.2025** को **11:00** बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बोगी & व्हील**

**ई-निविदा सूचना सं0: 17/2024-25 (खुली)/उमुइं।।/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर–।।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** इको कम जॉगर्स और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पार्क एमसीएफ/आरबीएल में दो साल के लिए बागवानी कार्य का रखरखाव और विकास का कार्य। **निविदा संख्याः** 17/2024-25-RT **अनुमानित लागत (₹)** 2,15,33,035.99 **निविदा खुलने की तिथिः** 06.05.2025 **कार्य समापन की अवधि-** 24 माह • निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

**उप मुख्य इंजीनियर-।।**

**ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 01/ईटी./2025-26 दिनांक: 16.04.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241224 | एन्टीग्रेटेड डब्ल्यूटीसीसी फॉर अन्तोदय/दीनदयालु कोचेज | 3109 नग | 06.05.2025 |
| 02 | 11241431 | सेट ऑफ अन्डर फ्रेम फन्ट पार्ट टू बी मस्क | 1192 सेट | 08.05.2025 |
| 03 | 03251105 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशिनिंग आफ अटैचमेंट वाल आफ इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल साइड फॉर एलएचबी जीएस कोचेज | 639 नग | 07.05.2025 |
| | | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशिनिंग आफ अटैचमेंट वाल आफ इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल साइड फॉर एलएचबी एससीएन कोचेज | 527 नग | |
| 04 | 04251043 | लाइट वेट कम्पोजिट पार्टीशन फ्रेम सेट फॉर एलडब्लूएससीएन कोचेज | 150 सेट | 15.05.2025 |
| 05 | 05241278 | सेट ऑफ पैनेल्स फॉर एलएचबी ईओजी नॉन एसी कोचेज | 500 सेट | 20.05.2025 |

वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### भारतीय रेल

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**
**शुद्धिपत्र–IV**

**विषयः अट्ठारह नग सेल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार "स्पर्ट कार" की आपूर्ति के लिए दिनांक 30.05.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम– 2402**

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 16.04.2025 को स्थगित कर 30.05.2025 कर दिया गया है।
निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगीं।

**कार्यपालक निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी.)**
**रेलवे बोर्ड**
**दूरभाष नं. 011–47845531**
**ई मेल : vijay.singh.2017@gov.in**

1114/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील** पुत्र **श्री दिलीप कुमार** पता **मकान नं 281, गली नं.2, 40 फुटा जैन नगर, बेगमपुर, दिल्ली** ने **ई–एफआईआर नं 444/2020 धारा 379/356/411 भा.द.स. के तहत** थानाः **मंगोलपुरी**, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनील** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **ई–एफआईआर नं. 444/2020 धारा 379/356/411 भा.द.स. के तहत थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त सुनील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**रितिका जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 05**
**नार्थ वेस्ट कोर्ट नं.105**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/4793/OD/2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता नामः **नैना, पत्नीः आशीष, निवासीः फ्लैट नं.31/3, एफएफ, एमसीडी झील कॉलोनी टाइप–1, मॉडल टाउन–III, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.321/2012 U/S 135 विद्युत अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना आदर्श नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **नैना** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **नैना** फरार हो गयी हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.321/2012 U/S 135 विद्युत अधिनियम, थाना आदर्श नगर, दिल्ली** की आरोपी **नैना** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए **31.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार प्रशांत कुमार**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत),**
**उत्तर–पश्चिम जिला,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/4801/NW/2025**
**(अदालती मामला)**

### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | |
|---|---|
| एनआईटी | 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25 - 2025-26-डब्ल्यू-4 |
| **काम का नाम (स्थान के साथ) : 16.** एडीईएन/जेएचएल के अधीन डीएलआई–बीटीआई सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 165 पर एलएचएस का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृतिः** पाइप एवं बॉक्स पुशिंग तकनीक से पुलों का निर्माण/भूमिगत केबल/पाइप लाइन को पार करना आदि। | |
| **17.** एडीईएन/जेएचएल के अधीन डीएलआई–बीटीआई सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 180 पर एलएचएस का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृतिः** बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित उच्च सबवे का निर्माण। | |
| **18.** डीईएन–IV डीएलआई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एनएनओ, एमजीएलपी, एमक्यूसी और जीएचई स्टेशनों पर संवेदनशील स्थानों पर चारदीवारी/कंपाउंड दीवार का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| **19.** डीईएन–IV/ एनडीएलएस के तहत माल शेड उचाना का उन्नयन। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| **20.** एडीईएन/जींद के अधीन जेएचआई–पीएनपी लाइन पर सीएच.2/18–3/2, 4/5–4/12, 7/3–7/19 के बीच बायीं और दायीं ओर सेस की मरम्मत, सेक्शन में गित को 110 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में। **कार्य की समान प्रकृतिः** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य जिसमें बैंकों/किटंग में मिट्टी संबंधी कार्य शामिल हो। | |
| **21.** टी–28 एम/सी का उपयोग करते हुए डीएलआई–बीटीआई सेक्शन पर एडीईएन/आरओके सेक्शन में टर्नआउट स्लीपरों के साथ–साथ पॉइंट्स और क्रॉसिंग के टीटीआर के साथ आपूर्ति, स्टैकिंग और पिटिंग। | |
| **22.** डीईएन–IV के अंतर्गत शाखा लाइन जेएचआई–एसएनपी पर एलएचएस 20ए, 21ए, 22, 23, और 28 पर शेड को कवर करना और जल निकासी व्यवस्था में सुधार करना। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| **23.** डीईएन–IV खंड में एल.सी. गेटों ओर रबरयुक्त सतह पर नागरिक बुनियादी ढांचे में सुधार। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| **24.** एडीईएन/आरओके के अधिकार क्षेत्र में डीएलआई–बीटीआई खंड पर मार्ग के उन्नयन और गित बढ़ाने के साथ–साथ अतिक्रमण और अतिक्रमण को रोकने के लिए किमी 3.0 से 24.0 तक सीमा दीवार का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृतिः** प्रीकास्ट आरसीसी/पीएससी कार्य | |
| **25.** एडीईएन/जेएचएल के अधीन डीएलआई–बीटीआई सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 186 पर एलएचएस का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृतिः** बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित उच्च सबवे का निर्माण। | |

| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | | |
|---|---|---|
| | **16.** रुपये 7,34,59,331.71 | **17.** रुपये 8,29,81,530.00 |
| | **18.** रुपये 4,50,39,309.81 | **19.** रुपये 4,10,58,341.28 |
| | **20.** रुपये 3,85,62,430.00 | **21.** रुपये 47,43,640.00 |
| | **22.** रुपये 5,42,84,686.93 | **23.** रुपये 7,04,59,598.43 |
| | **24.** रुपये 13,87,68,276.50 | **25.** रुपये 7,41,91,197.46 |

**अग्रिम राशि (रुपये) :** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (**नोट:**– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा.. ।)

| | | |
|---|---|---|
| **16.** रुपये 5,17,300.00 | **17.** रुपये 5,64,900.00 | **18.** रुपये 3,75,200.00 |
| **19.** रुपये 3,55,300.00 | **20.** रुपये 3,42,800.00 | **21.** रुपये 94,900.00 |
| **22.** रुपये 4,21,400.00 | **23.** रुपये 5,02,300.00 | **24.** रुपये 8,43,900.00 |
| **25.** रुपये 5,21,000.00 | | |

| काम की समाप्ति अवधि | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **16.** 12 महीने | **17.** 12 महीने | **18.** 12 महीने | **19.** 12 महीने |
| | **20.** 09 महीने | **21.** 06 महीने | **22.** 09 महीने | **23.** 12 महीने |
| | **24.** 12 महीने | **25.** 12 महीने | | |

| | |
|---|---|
| **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय** | 09.05.2025 को 15:00 बजे तक तथा 09.05.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा** | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

सं. **128-W/280/OET/2025-26/W-IV/16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25** दिनांक: **16.04.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **1126/2025**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
**9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं, जरनैल सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह निवासी ग्राम राक्सेहड़ा, तहसील समालखा, जिला पानीपत सूचित करता हूँ कि मेरा लडका अमरीक सिंह व उसकी पत्नी सुनीता कौर मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। मैने इन्हें अपनी चल-अचल संपति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में मैं व मेरा परिवार इनके किसी भी लेन-देन एवं कानूनी-गैर कानूनी कार्य का जिम्मेदार नहीं होगा।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।









# दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र पेपरलेस होगा

## दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने किया ओडिशा विधानसभा का दौरा, ई विधान से जुड़ी तकनीकी बारीकियों का किया अध्ययन

**नवीनतम**

**ई-विधान एप्लीकेशन) क्रियान्वयन के अंतर्गत नवीनतम तकनीक से लैस सॉफ्टवेयर और ऐप का प्रयोग करेंगे।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज कहा कि हम दिल्ली विधानसभा में नोवा ( नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन) क्रियान्वयन के अंतर्गत नवीनतम तकनीक से लैस सॉफ्टवेयर और ऐप का प्रयोग करेंगे। जुलाई में प्रस्तावित विधानसभा का आगामी मानसून सत्र पूरी तरह से पेपरलेस होगा। गुप्ता गुरुवार को ओडिशा विधानसभा के दौरे पर रहे। इस दौरान उनके साथ विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट मौजूद रहे। विजेंद्र गुप्ता और मोहन सिंह बिष्ट ने प्रतिनिधि मंडल के साथ नोवा परियोजना के अंतर्गत विकसित हो रहे सॉफ्टवेयर,





गैजेट्स और ऐप्स का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और मुख्यमंत्री मोहन चरन मांझी ने दिल्ली से आए प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और नोवा के कार्यान्वयन से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की। गुप्ता ने कहा कि ओडिशा विधानसभा देश की सबसे नई नोवा प्रणाली से जुड़ी विधानसभा है। यहां की तकनीक बहुत अच्छी और नई है। ओडिशा ने दूसरे राज्यों से सीखकर एक अच्छा तरीका अपनाया है। अब दिल्ली विधानसभा इस तरीके को समझेगी और उसे और बेहतर बनाकर अपनाएगी। गुप्ता ने बताया कि हमने नोवा के ऐप्स, सॉफ्टवेयर, डैशबोर्ड और वॉर रूम जैसे तंत्रों की कार्यप्रणाली को निकट से समझा। प्रतिनिधि मंडल ने सेवा केंद्रों में जाकर यह भी देखा कि किस प्रकार तकनीक के माध्यम से विधायी कार्यों को सहज और पारदर्शी बनाया गया है। गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा भविष्य में आवश्यकता अनुसार ओडिशा मॉडल की तकनीक को अपनाएगी।

उन्होंने कहा कि हम ओडिशा के विशेषज्ञों को दिल्ली विधानसभा में आमंत्रित करेंगे ताकि उनके अनुभवों का लाभ हमें मिल सके।

गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वन नेशन, वन एप्लीकेशन अभियान को लेकर भी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा इस डिजिटल क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाएगी। न केवल कार्यवाही अधिक प्रभावी होगी, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। ई-विधान एप्लीकेशन से विधायी कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी। दौरे के अंत में गुप्ता और उनके प्रतिनिधि मंडल ने लिंगराज मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि लिंगराज मंदिर का दर्शन अत्यंत आत्मिक और शांतिप्रद रहा। इस स्थान की दिव्यता और ऊर्जा अद्भुत है। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी शोभा विजेंद्र भी उनके साथ थीं।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने आआपा को चंदाखोर पार्टी बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी नेता दुर्गेश पाठक के घर पर सीबीआई छापेमारी के बाद कहा कि आआपा तो चंदाखोर पार्टी है। उन्होंने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि आआपा मुखिया अरविंद केजरीवाल की पार्टी अजीब है, हमने चंदा चोर नाम तो सुना था यह आआपा तो चंदाखोर पार्टी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दुर्गेश पाठक ने अपनी ही पार्टी का चंदा खाने का काम किया है, अगर जांच एजेंसी अपना कम कर रही है तो उनको इसमें परेशानी क्या है? अपनी ही पार्टी के चंदे को खाने वाले यह चंदाखोर लालू यादव से भी ज्यादा भ्रष्ट निकले। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शराब घोटाले का पैसा गोवा विधानसभा चुनाव में आआपा ने उपयोग किया। यह बात सभी जानते हैं।

## चार-पांच वर्षों में कूड़े के पहाड़ नहीं दिखाई देंगेः मनजिंदर सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि राजधानी में चार-पांच वर्षों में कूड़े के पहाड़ नहीं दिखाई देंगे। इसको खत्म करने के लिए सरकार दोगुनी रफ्तार से काम करेगी। इस क्रम में गुरुवार को मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से कहा कि दिल्ली में हर लैंडफिल साइट की निगरानी की जाएगी। लैंडफिल साइट पर कितना कचरा साफ हुआ और कितना अभी बाकी है। इसको हर दिन अपडेट किया जाएगा। इसका वास्तविक समय डेटा दिल्ली सरकार के डैशबोर्ड पर उपलब्ध होगा। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली वालों को साफ पानी और हवा देने का जो वादा किया था, उसको पूरा करने की दिशा में दिल्ली सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चुनाव के समय आपदा को खत्म करने के बाद अब यहां गंदगी को खत्म करना है। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने का दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को मौजूदा रफ्तार को दोगुनी करने और नई एजेंसी को नियुक्त करने का भी कहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए यह कूड़े के पहाड़ खतरा है। इनको खत्म करने की दिशा में दिल्ली सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हर दिन लैंडफिल साइट पर कूड़े को साफ करने की निगरानी होगी।



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को नए संसद भवन का भ्रमण किया। उन्होंने संसद भवन की विभिन्न गैलरियों, कैंटीन तथा लोकसभा और राज्यसभा के चैम्बर का अवलोकन किया

## दुर्गेश पाठक के दिल्ली आवास पर सीबीआई का छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) से संबंधित एक मामले में आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता दुर्गेश पाठक के राजेन्द्र नगर स्थित आवास पर आज छापेमारी की। सीबीआई ने एक दिन पहले ही इससे संबंधित मामला दर्ज किया था। दिल्ली की राजेंद्र नगर सीट से आआपा के विधायक रहे दुर्गेश पाठक से इससे पहले आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय पूछताछ कर चुका है। पूरे मामले में आम आदमी पार्टी का आरोप है कि सीबीआई की छापेमारी पार्टी के गुजरात में बढ़ते कद के कारण की गई है। दुर्गेश पाठक



गुजरात में पार्टी के सह-प्रभारी हैं। सीबीआई की छापेमारी के बाद दुर्गेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पत्रकार वार्ता की। पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व ने उन्हें गुजरात का सह-प्रभारी बनाया और उन्हें ऐसा लगता है कि गुजरात में हमारी बढ़ती ताकत को देखते हुए यह उन्हें डराने की कोशिश की गई है।

## एआईसीटीई ने आईजी ड्रोन्स के साथ की साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने देशभर में एआईसीटीई-अनुमोदित संस्थानों में 50 सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (सीओई) स्थापित करने के लिए आईजी ड्रोन्स के साथ गुरुवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को उन्नत ड्रोन तकनीकों में व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें उभरते तकनीक-संचालित उद्योगों में काम करने के लिए तैयार करना है। इस मौके पर एआईसीटीई मुख्यालय में एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम ने कहा कि इन सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना हमारे युवाओं को ड्रोन तकनीक में अत्याधुनिक कौशल से लैस करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। यह



**तकनीक**

**व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें उभरते तकनीक-संचालित उद्योगों में काम करने के लिए तैयार करना है**

सहयोग छात्रों को कृषि, स्वास्थ्य सेवा, आपदा प्रतिक्रिया और अन्य क्षेत्रों में अभिनव समाधान विकसित करने के लिए सशक्त बनाएगा, जिससे अंततः जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा, हमारे छात्र वास्तविक समस्याओं को हल करने के लिए विभिन्न क्षमताओं वाले ड्रोन के नए वेरिएंट बनाना भी सीखेंगे। इस दौरान एआईसीटीई के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे और सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार भी मौजूद रहे। आईजी ड्रोन्स के संस्थापक और सीईओ बोधिसत्व संघप्रिया ने कहा कि आईजी ड्रोन्स में हम पूरे भारत में छात्रों के लिए उन्नत ड्रोन शिक्षा को सुलभ बनाकर भविष्य में काम करने के लिए तैयार कार्यबल तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एआईसीटीई के साथ यह साझेदारी इस उच्च मांग वाले क्षेत्र में कौशल के अंतर को पाटने और वैश्विक रोजगार के अवसर पैदा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रत्येक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस अनुभवात्मक शिक्षा के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी धरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** **दक्षिण पश्चिमी** जिले की साउथ कैंपस पुलिस ने इलाके में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों को पकड़ा है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने गुरुवार को बताया कि इन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश करने के बाद उन्हें निर्वासन केंद्र भेज दिया है। इनको बांग्लादेश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोपितों की पहचान राबिउल इस्लाम, पत्नी सीमा, बेटा अब्राहम, पापिया खातून, सादिया सुल्ताना, सुहासिनी, आर्यन व रिफत अरा मोयना नामक बांग्लादेशियों के रूप में हुई है। पुलिस इनसे पूछताछ कर इनके अन्य साथियों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस के मुताबिक 15 अप्रैल को साउथ कैंपस पुलिस को सत्या निकेतन इलाके में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर जाकर आरोपित राबिउल इस्लाम को पकड़ा। पूछताछ में इससे पता चला कि वह साल 2012 में त्रिपुरा बॉर्डर

**निर्वासन केंद्र**

**विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश करने के बाद निर्वासन केंद्र भेज दिया**

से होकर अवैध रूप से भारत आया। तभी से वह दिल्ली के किशनगढ़ इलाके में रह रहा था। साल 2016 में सीमा नामक लड़की से शादी करने के बाद पत्नी सीमा व बाद में बेटे अब्राहम के साथ यहां बस गया। वह दिल्ली में साफ सफाई व घरेलू सहायक का काम करता था। इसकी पत्नी भी घरेलू सहायिका थी। जांच में इसके पास से आधार कार्ड भी बरामद हुआ। उसने पुलिस को बताया कि उसके कुछ रिश्तेदार दिल्ली के कटवारिया सराय व मोती बाग इलाके में पहले से रह रहे थे। वह काम व अन्य बहाने से अक्सर वहां आया करता था। इसके बाद आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने पांच अन्य आरोपितों को जिले के विभिन्न इलाकों से पकड़ा।

## आरपीएफ की सजगता, फरक्का एक्सप्रेस से 27 कछुए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तत्परता और सजगता का परिचय देते हुए फरक्का एक्सप्रेस से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 27 कछुए बरामद किए हैं। वहीं सिलचर रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर लावारिस बैग से 450 जिंदा मेंढक बरामद किए। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि आरपीएफ को सिक्योरिटी कंट्रोल दानापुर से सूचना मिली थी कि गाड़ी संख्या 15734 फरक्का एक्सप्रेस में कुछ संदिग्ध लोग यात्रा कर रहे हैं। इस सूचना के बाद करीब 21.20 बजे ट्रेन के आरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आगमन के बाद आरपीएफ तथा जीआरपी आरा के अधिकारी ने जवानों के साथ फरक्का एक्सप्रेस को अटेंड किया। ट्रेन में जीआरपी बक्सर की एस्कॉर्ट पार्टी के साथ अन्य स्टाफ के द्वारा कोच संख्या एस-2 के शौचालय के पास तीन पुरुष एवं एक महिला खड़े हुए पाए गए। इनके पास पिट्ठू बैग और झोला था, जिसको जीआरपी आरा, आरपीएफ आरा



को सुपुर्द कर दिया गया। बाद में इस बैग को जीआरपी आरा के द्वारा विधिवत चेक किया गया तो रिहाना (31 वर्ष) पति विनोद के झोले से 7 कछुए बरामद किए गए। वहीं विनोद नाम के व्यक्ति के झोलों में 7 कछुए मिले। तीसरे व्यक्ति उमेश के बैग में 13 कछुए पाए गए। शिकायत पत्र के आधार पर जीआरपी थाना आरा में 15 अप्रैल को बीएनएस और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। इसी तरह रेलवे सुरक्षा बल ने सिलचर रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल ने प्लेटफॉर्म नंबर एक के पास पड़े तीन लावारिस बैग बरामद किए।

**सख्ती**

**सिलचर रेलवे स्टेशन पर विशेष अभियान चलाकर लावारिस बैग से 450 जिंदा मेंढक बरामद किए**

बरामद प्रत्येक बैग से रेलवे को 450 जिंदा मेंढक मिले। मामले को तुरंत बराक वैली वाइल्डलाइफ डिवीजन के डीएफओ को सूचित किया गया। इसके बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें जिंदा मेंढक सौंप दिए गए।


## एम्स दिल्ली दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली को न्यूजवीक और स्टेटिस्टा द्वारा 2024 की दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की सूची में वैश्विक स्तर पर 97वां सर्वश्रेष्ठ अस्पताल नामित किया गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने, चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने और लाखों लोगों को किफायती उपचार प्रदान करने के लिए मिला है। इस सूची में दो अन्य



भारतीय अस्पतालों को भी वैश्विक सूची में स्थान मिला है। गुरुग्राम स्थित मेदांता मेडिसिटी को 146वां स्थान और चंडीगढ़ में पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर) को 228वां स्थान मिला है। न्यूजवीक-स्टेटिस्टा रैंकिंग के छठे संस्करण में रोगी संतुष्टि, नैदानिक परिणामों, स्वच्छता मानकों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सिफारिशों के आधार पर 30 देशों के 2,400 से अधिक अस्पतालों का मूल्यांकन किया गया। इसमें एम्स दिल्ली को शीर्ष-100 में स्थान मिला, भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में अग्रणी के रूप में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है।

## सीसीपीए ने कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कुछ कोचिंग संस्थानों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए नोटिस जारी किया है। सीसीपीए ने भ्रामक दावों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए आईआईटी-जेईई और एनईईटी की तैयारी करा रहे कुछ कोचिंग सेंटरों को नोटिस भेजा है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि इस संबंध में सीसीपीए ने 49 नोटिस जारी किए हैं। सीसीपीए ने 24 कोचिंग सेंटरों पर कुल 77.60 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। इसके साथ ही सीसीपीए ने उन्हें भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं को बंद करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय ने कहा कि सीसीपीए ने इससे पहले यूपीएससी सीएसई, आईआईटी-जेईई, एनईईटी, आरबीआई, नाबार्ड सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सेवाएं देने वाले कोचिंग सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इससे यह सुनिश्चित करने की उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन में कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन नहीं किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि आईआईटी-जेईई और एनईईटी जैसी परीक्षाओं के परिणामों की हाल ही में घोषणा के बाद सीसीपीए ने पाया कि कोचिंग केंद्र कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश, 2024 का पालन नहीं कर रहे हैं।

**जवाब तलब**

**भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए नोटिस जारी किया**

## दिल्ली के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक जय किशन का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक जय किशन (66) का बुधवार रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जय किशन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके आकस्मिक निधन से दिल्ली कांग्रेस परिवार को बड़ी क्षति पहुंची है, जिसको भरा नहीं जा सकता। जय किशन ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा विधानसभा सीट से 1993, 2003, 2008 और 2013 में चार बार जीत हासिल की। 1998 के चुनावों में उन्होंने अपनी पत्नी सुशीला देवी को मैदान में उतारा और वह भी सीट से जीतीं। जय



किशन अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करने से पहले सफाई कर्मचारी थे। वह 1980 में कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने लंबे समय तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। देवेंद्र यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से जय किशन के पार्थिव शरीर पर फूलों की रीथ चढ़ाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनकी पत्नी सुशीला जय किशन से फोन पर बात करके उन्हें सांत्वना दी और दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

**दुखद**

**दलित नेता जय किशन का निधन दिल्ली कांग्रेस के लिए बड़ी क्षतिः देवेंद्र यादव, वाई ब्लाक सुल्तानपुरी शमशान घाट पर किया गया अंतिम संस्कार**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने शोक संदेश मे कहा, "पूर्व एआईसीसी सचिव और विधायक रहे जय किशन का निधन कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने एक समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ता के नाते जनता की सेवा की और समाज के वंचितों के सशक्तीकरण के लिए अपना योगदान दिया। दिवगंत आत्मा के शोकाकुल परिवार, परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भावभीनी श्रद्धांजलि।" राहुल गांधी ने अपने शोक संदेश में कहा कि पूर्व कांग्रेस सचिव और दिल्ली में चार बार विधायक रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयकिशन के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। जनसेवा, कमजोरों के उत्थान और कांग्रेस की विचारधारा के प्रति सदा समर्पित जयकिशन का देहांत हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवारजनों और उनके सभी समर्थकों के प्रति मैं गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि आज हमारे वरिष्ठ कांग्रेस नेता और दिल्ली से विधायक रहे जय किशन के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। पूरे कांग्रेस परिवार की ओर से मैं उनके परिवार और समर्थकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। वे एक हाशिये की पृष्ठभूमि से उठकर कई वर्षों तक जनता और पार्टी की अप्रतिम निष्ठा के साथ सेवा करते रहे।

# सोनिया-राहुल के खिलाफ चार्जशीट, भड़की प्रदेश कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान के नेतृत्व में वीरवार को हरियाणा कांग्रेस ने चंडीगढ़ स्थित ईडी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल की नेता व पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा चार्जशीट दायर करने के विरोध में हजारों की तादाद में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर पार्टी के सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, सुरेश गुप्ता, रामकिशन गुज्जर, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, सांसद वरुण मुलाना, सांसद जय प्रकाश और लगभग सभी विधायक, पूर्व विधायक व पार्टी संगठन के विभिन्न विभागों प्रकोष्ठों के प्रमुख मौजूद रहे। सभी ने



बीजेपी सरकार द्वारा राजनीतिक द्वेष के चलते जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान चंडीगढ़ पुलिस ने कॉंग्रेसजनों पर बल प्रयोग भी किया और बैरिकेड लगाकर ईडी दफ्तर को किले में तब्दील कर दिया। पुलिस ने दफ्तर का घेराव करने से पहले कांग्रेस नेताओं को रोका और रास्ते से हिरासत में लेकर थाने ले गई और वहाँ कई घंटों तक रोके रखा। कांग्रेस नेताओ ने थाने में भी जमकर प्रदर्शन किया। देर शाम को सभी को रिहा कर दिया गया। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि स्वतंत्र एजेंसियां और न्याय व्यवस्था लोकतंत्र का आधार हैं। अगर इनका इस्तेमाल राजनीतिक दुर्भावना से किया जाएगा तो यह लोकतंत्र के लिए बेहद घातक साबित होगा। कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जो की जा रही कार्रवाई बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार के इशारे पर ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस को मनी लॉन्ड्रिंग केस में बदल दिया और ईडी द्वारा 10 साल बाद चार्जशीट पेश की गई है। जबकि यह नो प्रॉफिट, नो लॉस ट्रस्ट है। यह हमारे शीर्ष नेताओं के खिलाफ एक राजनीतिक प्रतिशोध है। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। हुड्डा ने कहा कि हम यह लड़ाई सड़कों पर, कोर्ट में और संसद में लड़ेंगे। उदयभान ने कहा कि बीजेपी राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है। इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने बीजेपी को बहुमत के आंकड़े से दूर कर दिया और आने वाले समय में सत्ता से भी बेदखल करेगी। यही वजह है कि बीजेपी अपने सामने खड़ी इस सबसे मजबूत चुनौती को खत्म करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस और गांधी परिवार का इतिहास संघर्ष से भरा हुआ है। जो पार्टी अंग्रेजों के सामने नहीं झुकी, वह बीजेपी के सामने क्या झुकेगी। आखिरकार जीत सत्य की होगी और सत्य की शक्ति कांग्रेस के साथ है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने फर्जी चार्जशीट दायर की है, क्योंकि इसमें कोई मामला ही नहीं बनता। भाजपा राज में पिछले 11 वर्षों में ईडी और अन्य जांच एजेंसियां एक ही उद्देश्य से काम कर रही हैं कि विपक्ष की आवाज को किस तरह दबाया जाए। पिछले 11 वर्षों में ईडी ने 911 मामले दर्ज किए, लेकिन एक भी मामले में दोष साबित नहीं हुआ। वहीं ईडी ने भाजपा नेताओं के खिलाफ एक भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, जबकि बीजेपी शासित प्रदेशों में इनके मंत्री और नेता खुलेआम भ्रष्टाचार व लूट को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन ये सब ईडी को नजर नहीं आता। कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक अरोड़ा, रघुबीर कादयान, आफताब अहमद, गीता भुक्कल, आदित्य सुरजेवाला, शकुंतला खटक, इंदुराज नरवाल, शीशपाल केहरवाला, पूजा मुलाना, बलराम दांगी, मंजू चौधरी, विकास सहारण, राकेश कंबोज, रघुवीर तेवतिया, अर्जुन सिंह, सुधा भारद्वाज, मनोज बागड़ी, देवेंद्र हंस, चंद्र प्रकाश जांगड़ा, नरेश सेलवाल, राव दान सिंह, रमन त्यागी, मनदीप चठा, रेनू बाला, शैली चौधरी, बलवान दौलतपुरिया, कुलदीप वत्स, दिव्यांशु बुद्धिराजा, बलबीर वाल्मीकि,अमित सिहाग, सुल्तान जड़ौला, जस्सी काला, रोहित नागर,पूनम चौहान चाँदवीर हुड्डा आदि हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया और गिरफ्तारी दी।

# हर स्कूल में 21 अप्रैल तक पहुंचेगी एनसीईआरटी की किताबें

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि आगामी 21 अप्रैल तक प्रदेश के प्रत्येक स्कूल में एनसीईआरटी की किताबें पहुंचा दी जाएंगी। इसे लेकर रोजाना अधिकारियों से रिपोर्ट ली जा रही है। गुरुवार को जारी जानकारी में महिपाल ढांडा ने कहा कि अभिभावकों को एक दुकान से किताबें लेने के लिए बाध्य करने वाले स्कूल संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने उन अधिकारियों को फिर से चेताया है, जोकि विधायक, मंत्रियों के फोन नहीं उठाते और न ही कॉल बैक करते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का विजन है कि नशे की वजह से हो रही बर्बादी को रोका जाए।मैं समाज के हर व्यक्ति से निवेदन करूंगा कि वह इस मुहिम का हिस्सा बने और जो भी कोई इस प्रकार का बच्चा या बच्ची जो आदतन नशे की

**स्पष्ट किया**

**एक दुकान से किताबें लेने के लिए बाध्य करने वाले स्कूल संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी**

लत लग गई है, बीमारी में फंस गए हैं। उसको समझाकर सही राह पर लाएं। बिजली निगम के एसई के फोन न उठाने को लेकर महिपाल ढांडा द्वारा मंत्री अनिल विज को शिकायत कि गई इसके बाद अनिल विज ने उनको सस्पेंड कर दिया। इस बारे में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सरकार का निर्देश है कि कोई भी विधायक के मंत्री किसी को भी फोन करें तो या तो उसका मैसेज से रिप्लाई करें। नहीं तो पांच मिनट बाद 10 मिनट बाद वापस कॉल करें।

## न्यूज फ्लैश

### कैमरे से भी सफाई कार्य पर रखी जाएगी निगरानी: निगमायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने निगम अधिकारियों को बैठक में दिशा निर्देश दिए हैं कि 15 जून तक निमार्णाधीन नालों का कार्य पूरा करायें और फरीदाबाद शहर के सभी बड़े 37 नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित किया जाए । नालों की इस सफाई पर लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने गुरुवार को सफाई कार्य पर निगरानी रखने के लिए निगम के सीनियर अधिकारियों की बैठक लेने के बाद अधिकारियों की ड्यूटी नालों की सफाई के कार्य की निगरानी के लिए लगाई है, जिसमे एडिशनल कमिश्नर और जॉइंट कमिश्नर सहित चीफ इंजीनियर भी अपने अपने एरिया में सभी नालों की सफाई पूरे सही तरीके से कराने और कैमरे से निगरानी करायेंगे । बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हर बुधवार को एडिशनल कमिश्नर -1 नालों की सफाई कार्य की समीक्षा बैठक लेंगे और हर सोमवार को स्वयं निगम कमिश्नर अधिकारियों के साथ नालों की सफाई की समीक्षा बैठक लेंगी। नगर निगम द्वारा नालों की होने वाले सफाई कार्य पर लगभग चार करोड़ की लागत आएगी, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है ताकि नालों की सफाई का यह कार्य 15 जून तक पूरा हो सके।

### महिला की अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने महिला का अश्लील फोटो तैयार कर पैसे मांगने के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सैंट्रल में फरीदाबाद निवासी महिला ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसके फोन पर एक मैसेज आया जिसमें सस्ता सामान खरीदने के लिए लिंक था। लिंक पर क्लिक करके के बाद उससे फोन के कुछ एक्सेस मांगे गये, जिनकी अनुमति उसके द्वारा दे दी गई, जिसके बाद उसके फोन के सभी एक्सेस ठगों को मिल गये और उन्होने शिकायतकर्ता के फोन से उसकी फोटो और कांटैक्ट नंबर चुरा लिये। जिसके दो दिन बाद शिकायतकर्ता के पास उसके व्हाट्सएप नंबर पर ठगों ने उसकी अश्लील फोटो बनाकर उसके पास भेजे और उससे पैसे की मांग की और ठगों ने कहा कि अगर वह पैसे नही देगी तो उसकी अश्लील फोटो उसके जानकारों और रिश्तेदारों के पास भेज देगे। बदनामी के डर से शिकायतकर्ता ने विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से एक लाख 74 हजार 359/-रू ठगों के खाता में भेजे। ठगों की लगातार मांग से परेशान होकर महिला ने शिकायत साइबर थाना सैंट्रल में दी जिसपर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी अनुज राणा (19) निवासी दयानन्द नगर आगरा उ.प्र. को आगरा से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अनुज कॉलिग का काम करता था और इसने कॉल करके महिला से पैसे भेजने के लिए कहा था। आरोपी को आज अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

### डीएचबीवीएन की लापरवाही पर आयोग सख्त, उपभोक्ता को 5 हजार रुपये मुआवजा देने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बिजली विभाग की खामियों के चलते शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। सिरसा निवासी रघबीर सिंह ने आयोग को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने औद्योगिक विद्युत कनेक्शन लेने के बाद निर्धारित सब्सिडी के लिए आवेदन किया था, परंतु निगम द्वारा उन्हें यह लाभ प्रदान नहीं किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने सब्सिडी के लिए सभी पात्रताएं पूरी की थीं। उनका कनेक्शन 20 किलोवाट से कम लोड का है और इकाई ह्यसीह्ल श्रेणी खंड में आती है। आयोग के प्रवक्ता ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि शिकायतकर्ता रघबीर सिंह, जो कि एक औद्योगिक इकाई के संचालक हैं, विद्युत सब्सिडी के पूर्णत: पात्र हैं। उनकी इकाई ह्यसीह्ल श्रेणी खंड में आती है तथा कनेक्शन का लोड 20 किलोवाट से कम है, जो कि निर्धारित सीमा के भीतर आता है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा दिनांक 29 जुलाई 2024 को जारी पत्र का हवाला देकर शिकायतकर्ता की पात्रता को नकारा गया और पूर्व प्रभाव से नई शर्तें थोप दी गईं, जो आयोग के अनुसार न केवल प्रशासनिक रूप से गलत, बल्कि कानूनी रूप से भी अमान्य हैं। शिकायतकर्ता को अनेक बार एस.डी.ओ. कार्यालय के चक्कर लगाने पड़े, जिससे उन्हें अत्यधिक मानसिक परेशानी हुई।

# बेदी से अनुसूचित जाति अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय सेवा मंत्री कृष्ण कुमार बेदी से आज यहां हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों पर क्रीमीलेयर के प्रावधान को लागू न कर सभी अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को प्रथम व द्वितीय श्रेणी में पदोन्नत करने के लिए ज्ञापन सौंपा। कृष्ण कुमार बेदी ने प्रतिनिधिमंडल को उपयुक्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है और इस मामले में भी नियमानुसार उपयुक्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने भी एक मामले में हरियाणा सरकार द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को जारी हिदायतों को सही माना है व सभी अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को प्रथम व द्वितीय श्रेणी में पदोन्नति देना उचित ठहराया है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग मना रहा पोषण पखवाड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़े का 7वां संस्करण 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। पोषण अभियान का उद्देश्य प्रौद्योगिकी, परंपरा के मिश्रण से बच्चों, महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने बताया कि यह पोषण पखवाड़ा बच्चे के जीवन के पहले 1,000 दिनों पर केंद्रित है क्योंकि यह बाल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है। इस दौरान प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में छह वर्ष तक के बच्चों के लिए वजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को

**पौष्टिक आहार**

**घर-घर जाकर बच्चों के टीकाकरण व पौष्टिक आहार की दी जा रही जानकारी- श्रीमती श्रुति चौधरी**

निर्देश दिए हैं कि पोषण पखवाड़े के तहत गांव-गांव तक संतुलित आहार और एनीमिया के बारे में जनता को जागरूक किया जाए। बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु जागरूक किया जाए। प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से इसको लेकर एक कैलेंडर तैयार किया गया है जिसके अनुसार सभी सुपरवाइजर अपने अपने सर्कल में गतिविधियां करवा रही हैं। पोषण अभियान के तहत मातृत्व पोषण और स्तनपान के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। दो वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण घर-घर जाकर किया जा रहा है। जन समुदाय में पोषण ट्रैकर के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, माताओं के लिए पौष्टिक थाली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषक तत्वों की जानकारी दी जा रही है। पोषण पखवाड़ा के तहत ग्राम सभाओं का भी आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत मातृ और शिशु पोषण लाभार्थियों के लिए स्वयं डिजिटल पंजीकरण करने की जानकारी दी जाएगी। अति कुपोषित बच्चों के लिए मातृ बैठकों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उनके खान-पान का ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है। 8 अप्रैल से शुरू हुए पोषण पखवाड़ा के दौरान विभिन्न विभागों के समन्वय से अनेकों गतिविधियां का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य जांच शिविर, वृक्षारोपण अभियान, पोषण वॉक, साइकिल रैली, योग सत्र, ग्राम सभा बैठकें, पोषण बैठक, कार्यशालाएं/ वेबिनार, प्रतियोगिताएं आदि शामिल हैं। पिछले साल पखवाड़े के दौरान 3,63,480 गतिविधियां की गई थी जिसमें 5.17 लाख प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

# साइक्लोथॉन यात्रा ड्रग फ्री हरियाणा में निभा रही है महत्त्वपूर्ण भूमिकाः ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में ड्रग फ्री हरियाणा को लेकर निकाली जा रही साइक्लोथॉन-2.0 का पानीपत जिला सचिवालय परिसर में पहुंचने पर प्रशासन की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने साइक्लोथॉन यात्रा के यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने 84 गांवों की पंचायतों के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी प्रदान करके ड्रग फ्री कार्य में

**ड्रग फ्री**

**शिक्षा मंत्री ने 84 गांवों की पंचायतों के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी प्रदान करके किया सम्मानित**

अहम भूमिका निभाने पर सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर ओलंपियन पहलवान सीमा बिसला और कॉमनवेल्थ गेम की ब्रांज मेडल विजेता पूजा गहलावत को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और परिसर में मौजूद सभी आयोजकों, खिलाड़ियों, व कॉलिज के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। शिक्षा महीपाल ढांडा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नशे को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है। साइक्लोथॉन यात्रा जहां-जहां से गुजर रही है वहां-वहां नशे को दूर करने का संदेश दे रही है। जिला प्रशासन भी नशे पर लगाम कसने को लेकर मुस्तैदी से कार्य कर रहा है।

# रबी विपणन सीजन में फसल की खरीद का कार्य तेजी से बढ़ रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा में रबी विपणन सीजन के दौरान तेजी से फसल खरीद का कार्य चल रहा है। बीती एक अप्रैल से अब तक प्रदेश भर में कुल 31.52 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें से 8.59 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अब तक 2 लाख से अधिक किसानों से गेहूं की खरीद की गई है तथा 14 सौ करोड़ रुपए की राशि किसानों के बैंक खाते में सीधे तौर पर स्थानांतरित की जा चुकी है।

# हरियाणा के मुख्य सचिव से मिले 13 देशों के 27 प्रतिनिधि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** विधायी प्रारूपण (लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग) से संबंधित 36वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे 13 देशों के 27 प्रतिनिधियों ने हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी से मुलाकात की। कोटेडीआइवर, इक्वाडोर, होंडुरास, ग्वाटेमाला, श्रीलंका, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, मालदीव, तंजानिया, जाम्बिया और जिम्बाब्वे जैसे देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागी लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने समावेशी कानून बनाने की प्रक्रियाओं के महत्व पर बल देते हुए कहा, "किसी भी कानून की रूपरेखा सभी हितधारकों की आवाज सुनकर ही प्रभावी ढंग से तैयार की जा सकती है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कानून की प्रासंगिकता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए उसमें समाज की आकांक्षाओं, भावनाओं और जरूरतें प्रतिबिंबित होनी चाहिए। रस्तोगी ने कहा कि भारतीय संविधान सावधानीपूर्वक तैयार किया गया दस्तावेज है और यह कानून बनाने के लिए एक व्यापक रूपरेखा और स्पष्ट प्रक्रिया प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान एक मार्गदर्शक

**समावेशी कानून**

**किसी भी कानून की रूपरेखा सभी हितधारकों की आवाज सुनकर ही प्रभावी ढंग से तैयार की जा सकती है**

प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है। इसमें सुनिश्चित प्रक्रियाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि कानून मजबूत होने के साथ-साथ अनुकूलनीय भी हों। उन्होंने भारत में हरियाणा की विशिष्ट स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा देश में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय और कर संग्रह वाला एक छोटा लेकिन प्रगतिशील राज्य है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने व्यक्तिगत रूप से सभी विदेशी प्रतिनिधियों को श्रीमद्भगवद्गीता की एक-एक प्रति भी भेंट की। उन्होंने कहा कि महाभारत एक ऐसी कथा है, जो किसी की भी कल्पना से परे है, जिसमें कर्म का महान सिद्धांत निहित है। जीवन में ऐसे हालात आते हैं, जब व्यक्ति को सांत्वना और सहारे की जरूरत होती है। ऐसे समय में श्रीमद्भगवद्गीता हमारे लिए शक्ति-स्तंभ का काम करती है। मुख्य सचिव ने कहा कि जब आप अपने साथ न केवल पेशेवर अंतर्दृष्टि बल्कि हमारी परंपराओं की गर्मजोशी और सहयोग की भावना भी ले जाएंगे।

# श्रम विभाग द्वारा सभी जिलों में चलाया जा रहा 10 दिवसीय पंजीकरण अभियान संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों में पिछले 10 दिन से गिग वर्कर्स और असंगठित श्रमिकों के लिए चलाया जा रहा विशेष पंजीकरण अभियान आज संपन्न हो गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के दौरान श्रम विभाग को गिग वर्कर्स की बहुत ही उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और बड़ी संख्या में उनका पंजीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य इस पहल के अंतर्गत एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। इस अभियान के दौरान राज्य के सभी जिलों में जागरूकता और पंजीकरण शिविर लगाए गए जिनमें बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया। इस दौरान कई स्थानों पर श्रमिकों की सक्रीय भागीदारी और भारी भीड़ देखने को मिली। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रिंट मीडिया, पेम्पलेट वितरण, जन घोषणाएं, घर - घर जाकर जनसम्पर्क, सोशल मीडिया अभियान तथा स्थानीय निकायों

**उभरा**

**ई - श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए उमड़ी श्रमिकों की भीड़, प्लेटफॉर्म्स से शामिल हुए श्रमिक**

और श्रम कल्याण अधिकारियों के सहयोग से जागरूकता फैलाई गई। इसके अलावा ब्लिंकिट, स्विग्गी, जोमेटो, फ्लिपकार्ट, अमेज़ॉन और अर्बन कंपनी जैसी प्लेटफॉर्म आधारित कंपनियों से संपर्क किया गया और इस पंजीकरण अभियान के बारे में जानकारी दी गई ताकि वे इसमें भाग ले सकें। गौरतलब है कि श्रम विभाग के ई - श्रम पोर्टल पर अब तक असंगठित क्षेत्र के लगभग 54 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है। इस ऑनलाइन पंजीकरण का आरम्भ 2021 में किया गया था और बीती 7 अप्रैल से से खासतौर से गिग वर्कर्स के लिए पहली बार पंजीकरण अभियान चलाया गया था।

# अस्पताल परिसर में आग से स्वास्थ्य विभाग की पांच गाड़ियां जली

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** सिविल अस्पताल के पीछे स्थित खुले मैदान में गुरुवार दोपहर अचानक सूखी झाड़ियों में आग लग गई, जिससे स्वास्थ्य विभाग की पांच कंडम गाड़ियां भी आग की चपेट में आकर जल गईं। आग की सूचना मिलते ही फायर विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल की मुख्य बिल्डिंग के पीछे एक बड़ा खुला मैदान है, जहां पर लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग की पुरानी, खराब और कंडम घोषित गाड़ियां खड़ी की जाती रही हैं। इसी मैदान में झाड़ियां भी उगी हुई थीं, जो हाल ही की गर्मी और सूखे मौसम की वजह से पूरी तरह सूख चुकी थीं। गुरुवार दोपहर अचानक इन्हीं सूखी झाड़ियों में आग भड़क उठी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वहां खड़ी पुरानी गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय कर्मचारियों द्वारा तुरंत आग की सूचना अस्पताल प्रशासन और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर फायर विभाग की दो गाड़ियां पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि वहां खड़ी पांच पुरानी कंडम गाड़ियों के हिस्से जल चुके थे। सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ. विकास गोयल ने बताया कि आग लगने के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर दो संभावनाएं सामने आ रही हैं। एक तो यह कि भीषण गर्मी के कारण सूखी झाड़ियों में खुद से आग लगी हो सकती है, दूसरी आशंका यह भी है कि किसी राहगीर ने लापरवाही वश जलती हुई बीड़ी या सिगरेट वहां फेंक दी हो, जिससे झाड़ियां जल उठीं। उन्होंने बताया कि जहां आग लगी, वह इलाका पूरी तरह खुला है।

# ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बिजली कंपनियों को दिए नए मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के ऊर्जा क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करने के साथ-साथ नई बुलंदियों को छूने के लिए राज्य की बिजली कंपनियों को ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नए मंत्र देते हुए संबंधित अधिकारियों को विभिन्न दिशानिर्देश दिए हैं जिसके तहत हरियाणा के नागरिकों को निर्बाध और पूर्ण वोल्टेज वाली बिजली 24 घंटे उपलब्ध होगी। विज ने बताया कि यूएचबीवीएन द्वारा 39477 और डीएचबीवीएन द्वारा 18240 गलत बिल बनाए गए हैं, इन बिजली के बिलों को अगले एक महीने में ठीक किया जाएगा। इसके अलावा, एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाएगा जिससे बिजली चोरी के मामलों की लंबित स्थिति देखी जा



सकेगी और भुगतान किया जा सकेगा तथा भुगतान के लिए एसएमएस का विकल्प भी दिया जाएगा। इसी प्रकार, उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर बिजली का बिल जमा करने के लिए जल्द ही जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। **यूएचबीवीएन और**

**डीएचबीवीएन को डिफाल्टर राशि वसूली का दिया जून, 2025 तक लक्ष्य- विज**
विज ने बताया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के 538.13 करोड़ तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के 1500

**निर्देश**

**ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नए फार्मूले को लागू करने हेतु अधिकारियों को निर्देश**

करोड़ रूपए की डिफाल्टर बकाया राशि है जिसे वसूलने के लिए अधिकारियों को लक्ष्य दिए गए है। इस लक्ष्य के तहत यूएचबीवीएन द्वारा अप्रैल, 2025 में 100 करोड़, मई 2025 में 200 करोड़ तथा जून 2025 में 238 करोड़ रूपए की डिफाल्टर राशि को वसूला जाएगा। इसी प्रकार, डीएचबीवीएन द्वारा अप्रैल, 2025 में 300 करोड़, मई 2025 में 600 करोड़ तथा जून 2025 में 600 करोड़ रुपए डिफाल्टर राशि को वसूला जाएगा। विज ने यह निर्देश गत दिवस चण्डीगढ में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक के दौरान दिए। अनिल विज ने इस बैठक में बिजली कंपनियों को घाटे उभारने, बिजली चोरी को रोकने व मामलों के समाधान, खराब ट्रांसफार्मर को बदलने, उपभोक्ताओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाने, लंबित राशि को वसूलने, डिफाल्टर उपभोक्ताओं के कनैक्शन, उपभोक्ताओं के आधार को बिजली कनेक्शन से लिंक करने, डिफाल्टर राशि को वसूलने के लिए लक्ष्य, गलत बिजली बिल पर कार्यवाही/सुधार, बिजली अदालतें, तारों/फीडर की जांच

# गन्नौर को दो साल पहले मिली नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेजा




**गन्नौर। शहर की दमकल विभाग की सरकार द्वारा लोगों** की मांग पर वर्ष 2023 में दी गई नई दमकल गाड़ी को गोहाना में भेज दिया है। अब अगर शहर व आसपास में आगजनी की घटना हो जाती है तो अब आगजनी की सुरक्षा दमकल विभाग की पुरानी गाड़ी के सहारे रह गई है। ऐसे में शहर के लोगों ने सरकार के प्रति रोष जताते हुए सरकार की तरफ से गन्नौर के लिए आई नई दमकल गाड़ी को वापिस गन्नौर के लिए ही भेजने की मांग प्रशासन व सरकार से की है। उनका कहना कि वे गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान से भी दमकल गाड़ी को वापिस बुलाने की मांग करेंगे। गन्नौर के दमकल विभाग की माने तो जो नई गाड़ी गोहाना में भेजी गई है। वह केमीकल से युक्त थी। जो जल्दी आग पर काबू पा सकती थी लेकिन अब पुरानी गाड़ी रह गई है। वह भी अधिकत्तर खराब रहती है। ऐसे में दमकल सुरक्षा खतरे में चली गई है।

**एक छोटी व एक पुरानी दमकल गाड़ी के भरोसे शहर की सुरक्षा**

नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेजे जाने के बाद अब आगजनी की घटना पर काबू पाने के लिए पुरानी गाड़ी रह गई है। इसके अलावा एक छोटी गाड़ी है जो तंग गलियों में जाकर आगजनी की घटनाओं पर काबू पाती है लेकिन उसके टैंक में पानी बहुत कम आता है। अब जो पुरानी गाड़ी रह गई है उसके टैंक से पानी टपकता रहता है।

**दमकल गाड़ी भेजेने के लिए मना किया था, लेकिन नही माने अधिकारी : शमशेर**

गन्नौर के दमकल अधिकारी श्मशेर सैनी ने बताया कि उन्होंने दमकल गाड़ी को गोहाना को देने के लिए मना किया था लेकिन सोनीपत दमकल विभाग ने उन्हें गोहाना में भेज दिया है। पुरानी गाड़ी कई बार खराब रहती है।

# समाधान शिविर की शिकायतों का समय से करें समाधान-एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह** सैनी के दिशा-निदेशों के अनुरूप अब समाधान शिविर सप्ताह में सोमवार और गुरुवार को आयोजित किए जाएंगे, जबकि शुक्रवार को इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी एसडीएम अनिल कुमार यादव ने समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में दी। उन्होंने उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के नेतृत्व में आयोजित समाधान शिविर में लम्बित मामलों को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। एसडीएम अनिल कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों के जरिए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जन समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। इन शिविरों का मकसद प्रशासन और



आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि समस्याओं का निराकरण समयबद्ध तरीके से किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में दर्ज कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए और जितना संभव हो, शिकायत का निपटारा उसी समय किया जाए। एसडीएम ने नगर पालिका सचिव को शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली वितरण निगम के अधिकारी को शहर में टूटे हुए व सड़कों के किनारे पड़े बिजली के खंबे एक सप्ताह में हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो विभाग समय पर शिकायतों का समाधान नहीं करेंगे, उनकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों या प्रतिनिधियों की होगी। बैठक के दौरान सभी विभागों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की स्थिति का विवरण साझा करें। समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी अलका, नगर पालिका सचिव अनिल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाले में गिरा गौ वंश, लोगों ने रस्से से बाहर निकाला, हादसा टला

**गन्नौर। वीरवार को माड्ल** संस्कृति स्कूल के गौ वंशों की लड़ाई के दौरान एक गौ वंश खुले पड़े नाले में गिर गया। गनीमत रही कि गौ वंश की लड़ाई के दौरान पास में खड़े बिजली के ट्रासफार्मर के पास खुली पड़ी बिजली के फेस से टच होने में बाल बाल बच गया। जिससे हादसा होने से टल गया। गौ वंश के नाले में गिरने के बाद उसकी जान बचाने के लिए आसपास के लोग दौड़े और रस्से की मदद से गौ वंश को करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्त के बाहर निकाला। उसके बाद गौ वंश के उपचार के लिए गौ सेवकों को बुलाया। गौ सेवकों के दल ने गौ वंश का उपचार किया। बच्चों के स्कूल के पास नाला खुला होने का लोगों ने रोष जताते हुए प्रशासन से खुले पड़े सभी नाले ढकने की मांग की। शहरवासी सतेन्द्र, विकास, महेन्द्र ने बताया कि शहर में ऐसे बहुत सी जगह है जहां घनी आबादी के बावूजद नाले खुले पड़े है। जिससे हादसे का हर समय भय रहता है।

# पुरानी अनाज मंडी के साथ लगती गली का होगा पुनर्निमाण : रेनू



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेयर रेनू बाला** गुप्ता ने गुरूवार को नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 13 में नावल्टी रोड स्थित पुरानी अनाज मंडी के साथ लगती गली के पुनर्निमाण कार्य का शुभारम्भ स्थानीय निवासी के हाथों नारियल फुड़वाकर करवाया। इस अवसर पर वार्ड 13 के पार्षद ईश गुलाटी, वार्ड 14 के पार्षद अमृत लाल जोशी, भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता तथा नगर निगम के अभियंता मौजूद रहे। विकास कार्य की जानकारी देते महापौर ने बताया कि पुरानी अनाज मंडी साथ लगती गली का पुनर्निमाण किया जाएगा। गली का निर्माण सीमेंट कंकरीट से होगा और इसके साथ-साथ बरसाती पानी की निकासी के लिए सीमेंट कंक्रीट से निर्मित पाईप लाईन भी डाली जाएगी। गली की लम्बाई 200 मीटर रहेगी, जबकि पाईप लाईन 250 मीटर डलेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य पर अनुमानित 28 लाख 62 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

महापौर ने मौके पर मौजूद नागरिकों को विकास कार्य शुरू होने पर बधाई दी और कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ करनाल शहर का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकाय कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है, कार्य प्रगति पर चलते रहेंगे। शहरवासियों की सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। रेगूलर साईट विजिट करें तथा निर्माण सामग्री के सैम्पल भरकर उनकी जांच भी करवाई जाए। उन्होंने कार्य की निगरानी बनाए रखने के लिए कार्यकारी अभियंता को रेंडमली साईट विजिट करने के भी निर्देश दिए। शुभारंभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, मोनू शर्मा, कमलेश अरोड़ा, विशाल चिनालिया, भगवत पाहवा, पुरानी अनाज मंडी व्यापारी वर्ग से जगमाल गुप्ता, सत्यनारायण गर्ग, मदन लाल गर्ग, तिलक राज गर्ग, विजय कौशल, डॉ.राजेन्द्र, डॉ.नीवन गुप्ता के अतिरिक्त अतिरिक्त अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हकेवि में 3डी प्रिंटिंग पर वेबिनार का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के अंतर्गत संचालित प्रिंटिंग और पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा गुरुवार को ह्य3डी प्रिंटिंगह्य पर केंद्रित वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार में ट्रोकुट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के तकनीकी निदेशक श्री अनंत देशपांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विभाग द्वारा आयोजित तकनीकी कार्यक्रम की सराहना की। वेबिनार में श्री देशपांडे ने मेटल



3डी प्रिंटिंग तकनीकों में माइक्रोन से लेकर मीटर तक के आकारों में 3डी प्रिंटिंग की तकनीकों जैसे लेजर डीईडी, लेजर वायर डीईडी और डब्ल्यूएएएम सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार चर्चा की। उन्होंने 3डी प्रिंटिंग तकनीक के माध्यम से प्रोटोटाइप और जटिल संरचनाओं और ज्योमेट्री बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न मटेरियल्स, विशेषकर धातुओं पर भी प्रकाश डाला। श्री देशपांडे ने एयरोस्पेस, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर और ऊर्जा क्षेत्रों में इसके उपयोग पर भी चर्चा की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. विकास गर्ग ने भी विभाग को इस वेबिनार के आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को इस तरह के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सह-संयोजक श्री तरुण सिंह ने आयोजन टीम के सदस्य डॉ. शम्मी मेहरा और श्री अनिल सहित सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

**चर्चा की**

**वेबिनार में ट्रोकुट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के तकनीकी निदेशक श्री अनंत देशपांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे**

# वाहन चोरी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**ऋटीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। वाहन चोरी के मामले** में थाना शहर पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान राहुल वासी खोल के रूप में हुई। आरोपित को रेवाड़ी से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ चोरी के अन्य मामले भी दर्ज हैं। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में एक आरोपित रोहित को पुलिस ने पहले गिरफ्तार किया था। शिकायतकर्ता सुशील कुमार वासी कनीना ने थाना शहर में बाइक चोरी की शिकायत देते हुए बताया कि वह अपनी मोटरसाईकिल लेकर समय करीब पांच बजे के आसपास अपने निजी काम से नजदीक अनाज मंडी आया था। जब करीब आठ बजे पर जब वह वापिस आया तो उसकी मोटरसाईकिल नही मिली, जो उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मछली पालन विभाग द्वारा गांव भुरजट में जागरूकता कैंप लगाया गया

**महेंद्रगढ़। मछली पालन विभाग** द्वारा गांव भुरजट में जागरूकता कैंप लगाया गया। कैम्प में मत्स्य अधिकारी सोमदत्त ने गांव के लोगों को मछली पालन से संबंधित जानकारियां दी तथा विभाग द्वारा विभिन्न स्कीमों पर दिए जाने वाले अनुदान के बारे में विस्तार से बताया।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपना योजना स्कीम के तहत यदि कोई किसान अपने खेत में मछली पालन के लिए तालाब बनाना चाहता है तो सामान्य वर्ग से संबन्धित किसान को 40% व अनुसूचित जाति या अन्य किसी भी वर्ग की महिला किसान को 60% के हिसाब से अनुदान दिया जाता है।

अधिकतम 7 लाख रुपए तालाब खुदाई की लागत पर व खाद खुराक के रूप में अधिकतम 4 लाख रुपए लागत पर अनुदान दिया जाता है।

अनुसूचित जाति से संबंधित कोई किसान किसी भी ग्राम पंचायत का जोहड पटे पर लेता है तो उसे वास्तविक पटा राशि का 50% या अधिकतम 50000 प्रति हेक्टेयर के हिसाब से प्रथम वर्ष पटा राशि पर अनुदान दिया जाता है।

# समस्याओं का शीघ्र समाधान प्रशासन की प्राथमिकता-उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा सरकार** द्वारा प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत वीरवार को महेंद्रगढ़ स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर की अध्यक्षता डीसी डॉ. विवेक भारती ने की। इस दौरान एसपी पूजा वशिष्ठ व एसडीएम अनिल कुमार यादव उपस्थित रहे। डीसी ने सभी विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में एक-एक करके 60 समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के



अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान हमारी प्राथमिकता है। समाधान शिविर का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जा सके। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और तत्काल समाधान प्रदान करने का प्रयास किया। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें शामिल हैं।

# देवास निवासी पांच महीने के बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। पांच महीने के** बच्चे की मौत हो गई। पीएचसी सेंटर पर एक महिला अपने बच्चे को पोलियो का इंजेक्शन दिलवाया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन में ज्यादा डोज देने और ठीक से न लगाने के कारण मौत हुई हैं। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा। गांव देवास निवासी बलबीर ने पुलिस में दिए अपने बयान में बताया कि उसका पोता आरव पांच महीने का है। 16 अप्रैल को उसको पोलियो का इंजेक्शन दिलवाने के लिए गांव के पीएचसी सेंटर पर शाम करीब तीन बजे उसकी बहू काजल और उसकी मां गीता लेकर गई थी। वहां पर उसके पोते को एक महिला कर्मचारियों ने टीका लगाया और उसके बाद वह घर आ गए। घर आने पर उसका पोता बेहोश हो गया, हमने सोचा कि इंजेक्शन का नशा है। रात को करीब दो-तीन बजे आरव बेहोश हो गया। फिर हम आरव को महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल में लेकर आए, जहां पर डॉक्टर ने कहा कि आप इसे सरकारी अस्पताल में लेकर जाओ। उसके बाद हम आरव को सरकारी अस्पताल में लेकर आए। जहां पर डॉक्टर ने उसके पोते आरव को चेक करके मृत घोषित कर दिया।

**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No.:- DRM/C/AGRA/PAY & USE/POLICY/2024 Dated:- 16.04.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक - आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

| श्रेणीः नार्मल पे एण्ड यूज | नीलामी कैटलॉग संख्याः PNU-AGRA-25-2 |
|---|---|
| एसेट्स डिटेल्स | अछनेरा जं0 रेलवे स्टेशन पर नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट का संचालन एवं रख-रखाव। |
| | वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ.सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। |
| | ईदगाह रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ.सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। |
| | छाता रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ.सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। |
| | रामगढ़ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ.सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। |
| ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक व समयः | दिनांकः- 02.05.2025 समयः- 11:00 |
| ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक व समयः | दिनांकः- 02.05.2025 समयः- 12:10 |

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **659/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः-

**04098/04097 आनन्द विहार टर्मिनल - सीतामढ़ी - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 48 फेरे**

| गाड़ी सं. 04098 आगमन | गाड़ी सं. 04098 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04097 आगमन | गाड़ी सं. 04097 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:30 | ---- |
| 02:30 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 03:45 |

**चलने के दिनः 04098 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार व शुक्रवार) को और **04097 सीतामढी** से दिनांक 23.04.2025 से 12.07.2025 तक (बुधवार व शनिवार) को। **ठहरावः** गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा जं., सोनपुर जं. हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन. **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04504/04503 चंडीगढ़ - पटना जं. - चंडीगढ़ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 04504 आगमन | गाड़ी सं. 04504 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04503 आगमन | गाड़ी सं. 04503 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:35 | चंडीगढ़ | 23:10 | ---- |
| 22:10 | ---- | पटना जं. | ---- | 22:45 |

**चलने के दिनः 04504 चंडीगढ** से दिनांक 24.04.2025 से 29.05.2025 तक (गुरुवार) को और **04503 पटना जं.** से दिनांक 25.04.2025 से 30.05.2025 तक (शुक्रवार) को। **ठहरावः** अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी. पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन। **स्थानः** प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04030/04029 आनन्द विहार टर्मिनल - मुजफ्फरपुर जं. - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 16 फेरे**

| गाड़ी सं. 04030 आगमन | गाड़ी सं. 04030 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04029 आगमन | गाड़ी सं. 04029 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 03:10 | ---- |
| 04:30 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 06:15 |

**चलने के दिनः 04030 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 22.04.2025 से 17.05.2025 तक (मंगलवार व शनिवार) को और **04029 मुजफ्फरपुर जं.** से 23.04.2025 से 18.05.2025 तक (बुधवार व रविवार) को। **ठहरावः** मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जं., औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04012/04011 दिल्ली जं. - दरभंगा जं. - दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 48 फेरे**

| गाड़ी सं. 04012 आगमन | गाड़ी सं. 04012 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04011 आगमन | गाड़ी सं. 04011 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:30 | दिल्ली जं. | 22:40 | ---- |
| 20:30 | ---- | दरभंगा जं. | ---- | 22:00 |

**चलने के दिनः 04012 दिल्ली जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार व शुक्रवार) को और **04011 दरभंगा जं.** से दिनांक 23.04.2025 से 12.07.2025 तक (बुधवार व शनिवार) को। **ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, सुल्तानपुर जं., जौनपुर सिटी, वाराणसी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी. बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल - जोगबनी - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 24 फेरे**

| गाड़ी सं. 04094 आगमन | गाड़ी सं. 04094 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04093 आगमन | गाड़ी सं. 04093 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 16:00 | ---- |
| 07:30 | ---- | जोगबनी | ---- | 09:30 |

**चलने के दिनः 04094 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 24.04.2025 से 10.07.2025 तक (गुरुवार) को और **04093 जोगबनी** से दिनांक 26.04.2025 से 12.07.2025 तक (शनिवार) को।

**ठहरावः** गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., लखनऊ, सुल्तानपुर जं., जौनपुर सिटी, वाराणसी, औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04213/04214 अयोध्या छावनी - आनन्द विहार टर्मिनल - अयोध्या छावनी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 72 फेरे**

| गाड़ी सं. 04213 आगमन | गाड़ी सं. 04213 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04214 आगमन | गाड़ी सं. 04214 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:20 | अयोध्या छावनी | 22:00 | ---- |
| 06:00 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 09:00 |

**चलने के दिनः 04213 अयोध्या छावनी** से दिनांक 20.04.2025 से 10.07.2025 तक (रविवार, मंगलवार व गुरुवार) को और **04214 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार व शुक्रवार)। **ठहरावः** बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04302/04301 योग नगरी ऋषिकेश - मुजफ्फरपुर जं. - योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04302 आगमन | गाड़ी सं. 04302 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04301 आगमन | गाड़ी सं. 04301 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | ---- |
| 13:00 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 15:00 |

**चलने के दिनः 04302 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 22.04.2025 से 15.07.2025 तक (मंगलवार) को और **04301 मुजफ्फरपुर जं.** से दिनांक 23.04.2025 से 16.07.2025 तक (बुधवार) को। **ठहरावः** हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., सुल्तानपुर जं., वाराणसी जं., बलिया, सुरेमनपुर, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**01021/01022 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - गोरखपुर जं. - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 01021 आगमन | गाड़ी सं. 01021 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01022 आगमन | गाड़ी सं. 01022 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 08:30 | ---- |
| 06:00 | 06:10 | वाराणसी | 01:20 | 01:30 |
| 14:30 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 16:30 |

**चलने के दिनः 01021 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस** से दिनांक 16.04.2025 को (बुधवार) को और **01022 गोरखपुर जं.** से दिनांक 18.04.2025 को (शुक्रवार) को। **ठहरावः** दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं मऊ जं. स्टेशन. **स्थानः** कुर्सीयान।

**04212/04211 सुल्तानपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस - सुल्तानपुर आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 22 फेरे**

| गाड़ी सं. 04212 आगमन | गाड़ी सं. 04212 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04211 आगमन | गाड़ी सं. 04211 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:00 | सुल्तानपुर | 23:00 | ---- |
| 14:00 | ---- | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | ---- | 16:35 |

**चलने के दिनः 04212 सुल्तानपुर** से दिनांक 05.05.2025 से 14.07.2025 तक (सोमवार) को और **04211 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 06.05.2025 से 15.07.2025 तक (मंगलवार) को। **ठहरावः** लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

1158/2025

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# स्वस्थ, सुखी और अच्छे जीवन के मूलमंत्र!

**कहते** हैं कि जीवन-मरण ऊपर वाले (ईश्वर) के हाथ है। हाल ही में एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में राजस्थान के कोटा से एक खबर पढ़ने को मिली। दरअसल, राजस्थान के पाली का रहने वाला एक छात्र नीट की तैयारी कर रहा था और चाय पीते-पीते ही इस कोचिंग छात्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है और दो साल पहले ही इस छात्र का हार्ट का ऑपरेशन हुआ था।इस खबर ने इस लेखक को विचलित किया और यह आलेख लिख रहा हूं। यह पहली खबर नहीं है जब हमें अचानक से किसी की मृत्यु की खबरें मिलतीं हैं। आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर, यू-ट्यूब, इंटरनेट, मीडिया में ऐसी खबरें लगभग लगभग आए दिन पढ़ने को मिलतीं रहतीं हैं कि फलां फलां व्यक्ति डांस करते, गाड़ी चलाते वक्त, स्कूल में पढ़ाते वक्त, यहां तक योग व कोई एक्सरसाइज करते वक्त मौत का शिकार हो गया। आखिर ऐसा क्या है जो आजकल अचानक ऐसी खबरें हमें पढ़ने-सुनने को मिल रही हैं, क्या यह सूचना क्रांति के विकास के कारण है कि हमें आज तेजी से ऐसी खबरें मिल रही हैं, क्या पहले भी ऐसा होता था, लेकिन हमें ऐसी खबरों के बारे में पता ही नहीं चल पाता था, क्यों कि मीडिया, सूचना क्रांति इस कदर विकास के पायदानों पर नहीं थी।आज कोई ट्रेडमिल पर एक्सरसाइज करते हुए मृत्यु को प्राप्त हो रहा है तो कोई चक्कर खाकर कहीं गिर जा रहा है और मृत्यु को प्राप्त हो रहा है? आखिर इन सबके पीछे कारण क्या हैं ? क्या हम इसके लिए बढ़ते प्रदूषण, खान-पान या हमारी जीवनशैली को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं ? यह सब सोचनीय है। कारण चाहे भी जो भी रहें हों लेकिन इतना जरूर तय है कि हमारे खान-पान, जीवनशैली और प्रदूषण के स्तर में तो जरूर परिवर्तन आए हैं। हालांकि, जीवन मृत्यु तो उस परमपिता परमेश्वर के हाथ है, लेकिन हम थोड़ी एहतियात तो अपने स्वास्थ्य को लेकर बरत ही सकते हैं। विज्ञान और तकनीक ने निश्चित रूप से आज बहुत तरक्की की है और आज हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में जीवन जी रहे हैं लेकिन जीवन मृत्यु के रहस्य तो हमेशा रहस्य ही रहेंगे। बहरहाल, यह लेखक एक फेसबुक पोस्ट को पढ़ रहा था।

यह फेसबुक पोस्ट कहीं न कहीं हमारे स्वास्थ्य की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करती है। मसलन, आज हमें अपनी जीवनशैली में कुछ चीजों की ओर ध्यान देना चाहिए। जैसे कि आज हमें अपने खान-पान की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। हमें अपने भोजन से विशेषकर नमक, चीनी, ब्लीच किया हुआ आटा, डेयरी उत्पाद,प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, जंक व फास्ट फूड आदि के उपयोग को कम करना चाहिए और बिल्कुल सादा भोजन करना चाहिए।हरी सब्जियाँ, दालें, फलियाँ,मेवे, कोल्ड-प्रेस्ड तेल (जैतून, नारियल, आदि) तथा फल आदि हमारे जरूरी आहार होने चाहिए। आज की जीवनशैली में हम हरदम भागम-भाग जिंदगी जीते हैं। न प्रकृति का सानिध्य और न ही अपनो संग हंसना-खेलना।वर्चुअल वर्ल्ड की दुनिया में हम रच-बस से चुके हैं। हम वास्तविक दुनिया से परे हैं। आज प्रतिस्पर्धा का दौर है, हर तरफ कड़ी प्रतिस्पर्धा है, हम धन की ओर, पदार्थ की ओर निरंतर भाग रहे हैं, न हमारे पास स्वयं के लिए ही समय बचा है और न ही दूसरों के लिए। आज हम मुस्कुराते भी हैं तो हमारी मुस्कुराहट ऊपरी होती है। हम मुस्कुराहट का दिखावा सा करते नजर आते हैं।

# बीजेपी की मजबूरी है तमिलनाडु में गठबंधन की सियासत

संजय सक्सेना

> वहीं पलानीस्वामी का यह दोहरा खेल यह दिखाता है कि वह एक तरफ बीजेपी का सहारा लेकर डीएमके को हराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी ओर बीजेपी को सत्ता से बाहर रखकर अपनी पार्टी की स्थिति को मजबूत भी करना चाहते हैं। यह रणनीति चतुर जरूर है, लेकिन स्थायित्व के लिहाज से बेहद खतरनाक भी है। बीजेपी के लिए यह गठबंधन एक बड़ा अवसर भी है और एक बड़ी चुनौती भी। अवसर इसलिए कि एआईएडीएमके जैसे मजबूत क्षेत्रीय दल के साथ आकर वह तमिलनाडु में अपनी मौजूदगी को मजबूत बना सकती है। और चुनौती इसलिए क्योंकि अगर एआईएडीएमके ने चुनाव जीतने के बाद बीजेपी को सत्ता में हिस्सा नहीं दिया तो यह गठबंधन सिर्फ चुनावी सौदा बनकर रह जाएगा, जिसका कोई दीर्घकालिक फायदा नहीं होगा

**भारतीय** जनता पार्टी और दिवंगत जयललिता की पार्टी एआईएडीएमके के बीच तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर हुआ गठबंधन ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पार्टी की नींद उड़ा दी है। यह गठबंधन बीजेपी के रणनीतिकार अमित शाह की देन बताई जा रही है।हालांकि अभी तक दोनों दलों के दिल मिलते नहीं दिखाई दे रहे हैं। वजह हैं एआईएडीएमके नेता ई. पलानीस्वामी के बयानों में बार-बार आ रहा असमंजस। तमिलनाडु की राजनीति में यह कोई पहला मौका नहीं है जब चुनावी गणित के चलते विरोधी दलों ने हाथ मिलाया हो, लेकिन सत्ता साझा करने को लेकर जो स्पष्टता होनी चाहिए, उसकी यहां भारी कमी नजर आ रही है। अमित शाह ने खुद चेन्नई जाकर गठबंधन की सार्वजनिक घोषणा की, यहां तक कि दावा भी कर दिया कि अगली सरकार तमिलनाडु में एआईएडीएमके-बीजेपी की होगी। लेकिन जब पलानीस्वामी से इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने साफ कह दिया कि उनका बीजेपी के साथ सिर्फ चुनावी गठबंधन है, सरकार साझा नहीं की जाएगी। इससे बड़ा संकेत और क्या हो सकता है कि गठबंधन का भविष्य बेहद अनिश्चित है।

यह सब तब हो रहा है जब बीजेपी ने अन्नामलाई जैसे उभरते नेता को हटाकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। तब माना गया कि पलानीस्वामी की शर्त पूरी कर दी गई है और अब गठबंधन में कोई बाधा नहीं रहेगी। लेकिन अब जिस तरह से एआईएडीएमके लगातार यह कह रही है कि बीजेपी के साथ मिलकर सिर्फ चुनाव लड़ेंगे, सरकार नहीं बनाएंगे, उससे साफ है कि उनके इरादे पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं यह गठबंधन केवल अन्नामलाई को हटवाने की रणनीति तो नहीं थी? जिस प्रकार से पलानीस्वामी ने पहले अन्नामलाई के खिलाफ मुखर विरोध जताया और अब अन्नामलाई की विदाई के बाद भी नए मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं, उससे संदेह और भी गहराता जा रहा है।

गौरतलब है कि तमिलनाडु की राजनीति में हिंदी विरोध, सांस्कृतिक पहचान, और क्षेत्रीय स्वाभिमान जैसे मुद्दे हमेशा हावी रहे हैं। ऐसे में बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी से जुड़ाव अक्सर द्रविड़ दलों के लिए एक



राजनीतिक जोखिम बन जाता है। पलानीस्वामी भी शायद इसी वजह से खुलकर बीजेपी के साथ सत्ता साझा करने से बच रहे हैं। वह एक तरफ डीएमके को सत्ता से हटाने के लिए बीजेपी के समर्थन का लाभ उठाना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर बीजेपी से दूरी बनाकर अपने क्षेत्रीय वोट बैंक को भी साधना चाहते हैं। यही वजह है कि वह बार-बार स्पष्ट कर रहे हैं कि केंद्र में नरेंद्र मोदी नेता होंगे और तमिलनाडु में सिर्फ वह यानी पलानीस्वामी। इससे संकेत मिलता है कि एआईएडीएमके नहीं चाहती कि तमिलनाडु में बीजेपी को ज्यादा ताकत मिले। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह का गठबंधन तमिलनाडु की राजनीति में नया नहीं है। डीएमके और एआईएडीएमके ने अक्सर चुनावों में गठबंधन किए हैं, लेकिन राज्य की सत्ता में आने के बाद अपने सहयोगियों को सत्ता में भागीदारी देने से कतराते रहे हैं। डीएमके, कांग्रेस और वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव जीतती है, लेकिन सरकार सिर्फ डीएमके की बनती है। कुछ ऐसा ही पैटर्न अब एआईएडीएमके भी अपनाना चाहती है। यानी चुनावी फायदा लेने के लिए बीजेपी के साथ हाथ मिलाया जाए, लेकिन सत्ता में उन्हें हिस्सा न दिया जाए। इससे लगता है कि जयललिता की पार्टी, बीजेपी को कहीं सिर्फ एक वोट बैंक के तौर पर तो इस्तेमाल नहीं कर रही है।क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 11 फीसदी से अधिक वोट हासिल हुए थे,जो किसी भी चुनाव में किसी भी दल की जीत हार का अंतर कम और बढ़ा सकते हैं। अगर हम आंकड़ों पर नजर डालें तो 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और एआईएडीएमके के गठबंधन को लगभग 40 फीसदी वोट मिले थे, जबकि डीएमके और उसके सहयोगियों को 45 प्रतिशत। यानी मुकाबला कड़ा था। लेकिन जब 2023 में अन्नामलाई को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, तब से एआईएडीएमके के साथ बीजेपी के रिश्तों में खटास आ गई। आखिरकार 2023 में यह गठबंधन टूट गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा, और नुकसान दोनों को हुआ। एआईएडीएमके को 20.46 फीसदी वोट मिले और बीजेपी को अकेले 11.24 प्रतिशत, यानी एनडीए को कुल 18.28 प्रतिशत। अगर ये दोनों साथ होते तो आंकड़ा लगभग 41 फीसदी के पास पहुंचता, जो डीएमके गठबंधन के 47 प्रतिशत के मुकाबले कुछ हद तक टक्कर दे सकता था। बीजेपी को इस आंकड़े से यह सीख जरूर मिली कि तमिलनाडु में वह अकेले दम पर अभी सत्ता में नहीं आ सकती। इसलिए उन्होंने फिर से एआईएडीएमके से हाथ मिलाने का फैसला किया। लेकिन अन्नामलाई जैसे नेता की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और आक्रामक शैली को देखकर पलानीस्वामी ने शायद खतरे की घंटी महसूस की और अन्नामलाई को हटाने की शर्त रख दी। बीजेपी ने यह शर्त मानकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया, लेकिन अब भी एआईएडीएमके का रुख सख्त है। इस पूरे घटनाक्रम से यही प्रतीत होता है कि पलानीस्वामी गठबंधन के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, लेकिन सत्ता में बीजेपी को साझीदार बनाने से कतरा रहे हैं।

यहां एक और दिलचस्प बात यह है कि तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने इस पूरे विवाद पर बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार बनाने का फैसला दोनों पार्टियों के नेतृत्व द्वारा सही समय पर किया जाएगा। यानी फिलहाल बीजेपी भी खुलकर कुछ कहने से बच रही है। अमित शाह ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर यही बात दोहराई थी कि उचित समय पर सब स्पष्ट किया जाएगा। इससे यह साफ होता है कि बीजेपी पलानीस्वामी के बयानों से नाराज तो है लेकिन अभी किसी टकराव की स्थिति नहीं बनाना चाहती। लेकिन क्या बीजेपी का यह नरम रवैया उसे लंबे समय तक नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्योंकि, अगर चुनाव जीतने के बाद भी उसे सत्ता में हिस्सेदारी नहीं मिलेगी, तो उसके कार्यकताओं में निराशा बढ़ेगी। इससे पार्टी की छवि कमजोर होगी और तमिलनाडु जैसे राज्य में जहां बीजेपी अब तक सत्ता से दूर रही है, वहां वह अपनी पहचान मजबूत नहीं कर पाएगी।

वहीं पलानीस्वामी का यह दोहरा खेल यह दिखाता है कि वह एक तरफ बीजेपी का सहारा लेकर डीएमके को हराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी ओर बीजेपी को सत्ता से बाहर रखकर अपनी पार्टी की स्थिति को मजबूत भी करना चाहते हैं। यह रणनीति चतुर जरूर है, लेकिन स्थायित्व के लिहाज से बेहद खतरनाक भी है। बीजेपी के लिए यह गठबंधन एक बड़ा अवसर भी है और एक बड़ी चुनौती भी। अवसर इसलिए कि एआईएडीएमके जैसे मजबूत क्षेत्रीय दल के साथ आकर वह तमिलनाडु में अपनी मौजूदगी को मजबूत बना सकती है। और चुनौती इसलिए क्योंकि अगर एआईएडीएमके ने चुनाव जीतने के बाद बीजेपी को सत्ता में हिस्सा नहीं दिया तो यह गठबंधन सिर्फ चुनावी सौदा बनकर रह जाएगा, जिसका कोई दीर्घकालिक फायदा नहीं होगा। बीजेपी को यह तय करना होगा कि वह सिर्फ वोट बैंक के लिए सहयोगी बने रहना चाहती है या सत्ता में हिस्सेदारी के लिए सख्ती भी दिखाएगी। वहीं पलानीस्वामी भी शायद इस बात को भली-भांति समझते हैं कि डीएमके को हराने के लिए बीजेपी का साथ जरूरी है।

## कविता

हम ही को मिलेगी सजा जानते हैं।

है दुनिया बड़ी दिलरुबा जानते हैं
मोहब्बत को हम तो खुदा मानते हैं।

बहाव में हम भी तो बहे जा रहे हैं
है तिनके का ही सहारा जानते हैं।

मोहब्बत है तो विश्वास कायम रहेगा
बेशकीमती है बहुत वफा जानते हैं।

बनाएंगे हम अपना हमवार यकीनन
मुखालिफ अभी है हवा जानते हैं।

हम कितनी भी पैरवी कर ले अपनी
वो हमको ही हमेशा बेवफा मानते हैं।

हां हम हैं गुनहगारे उल्फत संजीव
हम ही को मिलेगी सजा जानते हैं।

संजीव
---------

## बाबूजी धीरे चलना!

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नगर** निगम कार्यालय में जैसे ही सूरज अपनी पहली किरणें फेंकता, वैसे ही बाबुओं की नींद खुलती। घड़ी में सुबह के नौ बजते ही कार्यालय के गेट पर चाय-बीड़ी की महक फैल जाती। कुछ बाबू फाइलों से ऐसे बचते मानो वे फाइलें न होकर सांप-बिच्छू हों। काम को धकेलने में उनकी कला इतनी विकसित थी कि अगर यही कला ओलंपिक में शामिल होती, तो वे स्वर्ण पदक की दुकान खोल लेते। सर, फाइल दबा दीजिए, जनता को कौन सी जल्दी है! एक अनुभवी बाबू ने नौसिखिए को समझाया। नौसिखिया बोला, लेकिन साहब, जनता परेशान हो जाएगी। अनुभवी ने गुरू ज्ञान दिया, जनता का काम तो भगवान भी नहीं कर पाया, हम किस खेत की मूली हैं? फाइलों पर जमी धूल उनकी उम्र की गवाही देती थी। किसी फाइल का पेंच फंसे तो मामला सीधा बाबूजी की जेब में आकर रुकता। बाबूजी का सिद्धांत था झ फाइल वही आगे बढ़ेगी, जिसकी चाय और समोसा पेट में जाएगा। नगर निगम के चपरासी भी अपने अधिकारों से परिचित थे। वे अक्सर कहते, हमारी औकात को मत समझिए, बिना हमारे कोई कागज इधर से उधर नहीं होता। एक दिन रामलाल नामक वृद्ध अपने मकान का नक्शा पास कराने आया। बाबूजी ने उसे ऊपर से नीचे तक ऐसे देखा जैसे शादी में नाचने वाला नाचता नहीं, बल्कि स्कैन करता हो। पचास हजार लगेंगे! झ बाबूजी ने ऐसे कहा मानो सब्जी के भाव बता रहे हों। वृद्ध कांपते हुए बोला, बेटा, मेरी सारी पूंजी तो इसी मकान में लगी है! बाबूजी हंसे, तो थोड़ा और लगा दो न! ईंट-गारे में ही सही, बाबुओं का भी तो भविष्य उज्ज्वल होना चाहिए! रामलाल की आंखों में आंसू थे, लेकिन बाबूजी को इससे फर्क नहीं पड़ा। उनके लिए जनता के आंसू वैसे ही थे जैसे सरकारी ऑफिस में कंप्यूटर झ मौजूद तो होता है, पर चलता नहीं। आखिरकार, रामलाल ने जैसे-तैसे पैसे जुटाए और बाबूजी के चरणों में अर्पित कर दिए। फाइल सरक गई। बाबूजी का सिद्धांत था झ कोई भी काम असंभव नहीं, बस सही जगह चिकनाई लगानी चाहिए। जिस दिन फाइल पास हुई, उस दिन रामलाल ने सोचा, काश, ईश्वर की भी कोई बाबूगिरी होती, तो प्रार्थनाएं भी रिश्वत से पास हो जातीं! पर कहानी में ट्विस्ट तब आया जब अगले दिन नगर आयुक्त ने औचक निरीक्षण का फरमान जारी किया। बाबूजी के चेहरे पर ऐसी चमक आ गई मानो कक्षा में बच्चे से सवाल पूछा गया हो और उसे जवाब न पता हो। उन्होंने तुरंत चायवाले को बुलाया, आज दो कप एक्स्ट्रा बनाना, साहब को खुश करना है। निरीक्षण शुरू हुआ। साहब के आने की सूचना मिलते ही ऑफिस के सारे बाबू ऐसे सक्रिय हो गए जैसे परीक्षा के एक दिन पहले पढ़ाई करने वाले छात्र। फाइलें जो वर्षों से धूल खा रही थीं, अचानक व्यवस्थित हो गईं।

## विचार

# आधी सच्चाई का लाइव तमाशा: रिश्तों की मौत का नया मंच

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**घर के** अंदर की बातें अब घर के नहीं रहीं। एक वक़्त था जब दीवारों के भीतर जो होता था, वही दीवारों में दफन होता था। पर अब दीवारें भी वाई-फाई से जुड़ चुकी हैं और रिश्ते डेटा पैक पर टिके हैं। बात-बात पर फेसबुक लाइव, इंस्टा स्टोरी, और यूट्यूब व्लॉग – यही अब नए जमाने का रिश्ता-निपटान मंच बन गए हैं। कोई थोड़ा-बहुत झगड़ा हुआ नहीं, लोग कैमरा ऑन करके ऑडियंस के सामने आंसू बहाने लगते हैं। और उस रोते चेहरे के पीछे कितनी सच्चाई है, इसका किसी को अंदाजा नहीं होता – क्योंकि कहानी का दूसरा पहलू अक्सर बेमौसम आता है, या कभी आता ही नहीं।

**रोते हुए लाइव, और सहानुभूति का सैलाब**

आजकल रिश्तों में सहनशीलता नहीं, स्क्रिप्टिंग आई है। जैसे ही किसी झगड़े या मनमुटाव की चिंगारी उठती है, लोग अपने कैमरे चालू कर लेते हैं और लाइव आकर खुद को पीड़ित घोषित कर देते हैं। आवाज में कंपकंपी, आंखों में आंसू, और शब्दों में दर्द – सब कुछ इतना रियल होता है कि देखने वाला पल भर में 'इमोशनल इन्वेस्ट' कर बैठता है।

**पर सवाल ये है कि क्या वो सच्चाई का पूरा चेहरा देख रहा है, या बस आधा?**

आज की मिसाल लीजिए – सोशल मीडिया पर पहले 'सुट्टा आली' प्रकरण छाया रहा और अब 'मुक्का वाली' मामला। दोनों में ही एक पक्ष ने पहले सोशल मीडिया पर आकर सहानुभूति बटोरी। लोग टूट पड़े समर्थन में, ट्रोलिंग शुरू हुई, इल्जामों की झड़ी लग गई। लेकिन जब कुछ समय बाद दूसरा पहलू सामने आया, तो वही हमदर्द दोराहे पर खड़े दिखे। कोई खिसियाया, कोई चुप हो गया, और कुछ ने हाथ जोड़ लिए – हमें तो पूरी बात पता ही नहीं थी।

**सोशल मीडिया: इंसाफ का नया अदालत?**

अब सवाल उठता है – क्या सोशल मीडिया कोई अदालत है, जहां एकतरफा सबूत पेश करके दूसरे पक्ष को बिना सुने सजा सुनाई जा सकती है? क्या हम सब यूजर्स अब जज बन चुके हैं? और अगर हां, तो हमारी अदालत में अपील की व्यवस्था कहां है? दिक्कत ये है कि आजकल लोग जज नहीं, जजमेंटल बन चुके हैं। किसी भी मुद्दे को बिना सोचे, बिना समझे, बिना जांचे – बस वायरल होने की स्पीड से नापते हैं। 'कौन सही है' से ज्यादा अहम हो गया है 'कौन पहले लाइव आया'।

**रिश्ते अब रील और रेटिंग का हिस्सा बन गए हैं**

जब एक रिश्ते की दरार को सार्वजनिक किया जाता है, तो उसका असर केवल उस रिश्ते पर नहीं, समाज पर भी पड़ता है। यह एक विकृति बनती जा रही है, जहां निजी दर्द सार्वजनिक मनोरंजन बन रहा है। और इसे प्रोत्साहन मिलता है व्यूज, लाइक्स और फॉलोवर्स की भूख से। एक जमाना था जब लोग अपने रिश्तों को बचाने के लिए कुछ भी कर जाते थे – आज लोग लाइक और शेयर के लिए अपने रिश्ते खुद बर्बाद कर देते हैं। मीडिया से ज्यादा, मिडियाई मानसिकता दोषी है यह केवल 'मीडिया ट्रायल' का मुद्दा नहीं है। असली समस्या उस मानसिकता की है जो कैमरा ऑन होते ही खुद को पीड़ित घोषित कर देती है और दर्शकों को जूरी बना देती है। यह 'हाफ ट्रुथ पॉलिटिक्स' अब राजनीति तक सीमित नहीं रही – यह अब हमारे घरों में घुस चुकी है। लोग अपने गुस्से और दुख को शब्दों में नहीं, स्क्रिप्टेड कंटेंट में ढाल रहे हैं। और दर्शक भी, असल में मदद करने के बजाय, तमाशबीन बने रहते हैं – स्क्रीन के उस पार तालियाँ बजाते हुए।

**रिश्ते सहारे से ज्यादा, स्क्रीन पर टिके हैं**

इस डिजिटल युग में रिश्ते अब संवाद से नहीं, कंटेंट से चलने लगे हैं। पार्टनर से बात करने की जगह, लोग सोशल मीडिया पर 'इंडीरेक्ट' पोस्ट करते हैं।

लड़ाई होती है, तो स्टोरी लगती है – सब कुछ सहने की भी एक हद होती है। और फिर लाइक, कमेंट और शेयर की बाढ़ आती है, जो उस रिश्ते के फटे कपड़े में और कील ठोक देती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# देश में समाप्त होने के कगार पर पहुंचा नक्सलवाद

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**पिछले** छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे। मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनो कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है।

## चीन अमेरिका टैरिफ वार में अमन सामने।

**संजीव**

**डोनाल्ड** ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद 100 दिनों में डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही सामने आती दिखाई दी है। मूलतः बड़े व्यवसाय से जुड़े व्यापारी से राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था को सुधारने में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को डाँवाडोल कर चुके हैं। यह भी बताया जाता है कि उनके व्यावसायिक सलाहकार टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी इस व्यापारिक नीति पर अरबों का नुकसान हुआ है जिसके चलते एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप में गहरे व्यावसायिक मतभेद उभर आए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन ने चुनाव के लगभग 100 दिन बाद अपनी आधिकारिक सभा में कहा की डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 100 दिनों से कम समय में ही आश्चर्यजनक रूप से भारी नुकसान तथा विनाश किया है पूर्व राष्ट्रपति ने दावा किया की ट्रंप ने सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के विरुद्ध द्वेषपूर्ण बर्ताव कर लगभग 7000 कर्मचारियों की छटनी करके अमेरिका को एक झटका दिया है उन्होंने कहा की कई अमेरिकी भोजन के लिए सामाजिक सुरक्षा पर भरोसा करते हैं और इसमें यह कटौती लाखों लोगों के लिए विनाशकारी होगी, उन्होंने आगे कहा की अमेरिकी प्रशासन ने पूरे विश्व में टैरिफ युद्ध लाकर आर्थिक अस्थिरता पैदा कर दी है। अमेरिका ने पहले चीन पर भारी 145% टैरिफ लगाया था जवाब में चीन ने 125% टैरिफ लगाने पर अमेरिका ने फिर जवाबी कार्रवाई कर 245% टैरिफ चीन पर ठोक दिया है ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार चीन ने बहुत सारे रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका भेजने पर प्रतिबंध लगा दिया था इन सब रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका की आत्मनिर्भरता खत्म हो गई थी जिसमें उल्लेखनीय है कि गैलियम,जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे कुछ तकनीक के निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया था अमेरिका के व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने दावा किया है कि इस तरह के निर्यात को प्रतिबंधित करने में चीन की मंशा दुनिया के ऑटो मार्क्स एयरोस्पेस निमार्ता, सेमीकंडक्टर कंपनियों एवं अन्य सैन्य ठेकेदार को महत्वपूर्ण सामग्री पूर्ति करने से रोकने के लिए की गई है।

## न्यूज फ्लैश

### विदेश भेजने के नाम पर 36 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के बाल** जाटान गांव के एक व्यक्ति से विदेश भेजने के नाम पर 36 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले की सूचना पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार पीड़ित अपने बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजना चाहता था। आरोपियों ने पीड़ित से उसके बेटे के डॉक्यूमेंट भी लिए, लेकिन पैसे लेने के बाद उन्हें नकली वीजा थमा दिया। इतना ही नहीं पीड़ित को 3 बार दिल्ली एयरपोर्ट पर बुलाया। पीड़ित को जब अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने आरोपियों से अपने बेटे के पासपोर्ट व अन्य कागजात मांगे, लेकिन इन डॉक्यूमेंट की वापसी के लिए भी आरोपियों ने 2 लाख रुपए की डिमांड कर दी। पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी मिली। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को मामले की शिकायत दी। जिसके बाद अब मूनक पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बाल जाटान का पीड़ित महिपाल अपने बेटे कुनाल को ऑस्ट्रेलिया भेजना चाहता था। अक्तूबर 2023 में उसकी मुलाकात कुताना चौक पर आरोपियों से हुई थी। जिसमें आरोपियों ने बताया था कि वे विदेश भेजने का काम करते है और आपके बेटे को 36 लाख रुपए में ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके पास आरोपी सन्नी ने फोन किया और कुताना चौक पर पासपोर्ट और कागजात व दो लाख रुपए लेकर बुलाया।

### हाईवे पर चलते ट्रक में लगी आग, लाखों का माल जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के तरावड़ी** के पास नेशनल हाईवे-44 पर बीती रात एक चलते हुए ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक में आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में उसने ट्रक को पूरी तरह चपेट में ले लिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार ट्रक उत्तराखंड के रूद्रपुर से पंजाब के टेपला जा रहा था और उसमें बिस्किट की पेटियां लदी हुई थी। हादसा रात करीब एक बजे हुआ। ट्रक चालक मोहम्मद उवेश ने बताया कि वह बिस्किट की पेटियों से लदा ट्रक लेकर रूद्रपुर से चला था। जैसे ही ट्रक तरावड़ी क्षेत्र में पहुंचा, अचानक कंडक्टर साइड से धुंआ उठने लगा और देखते ही देखते आग भडक गई। ट्रक में उस समय चल रही गति के कारण चालक को गाड़ी साइड में लगाने में थोड़ी देर लगी और जब तक गाड़ी को किनारे किया गया, आग काफी फैल चुकी थी। टायरों ने भी आग पकड़ ली थी। घटना की जानकारी तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ट्रक में रखा सारा माल जल चुका था।

### साइबर क्राइम से बचने के लिए रहें सजग व सतर्क: सीजेएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला विधिक सेवा** प्राधिकरण द्वारा कैंपेन सिक्योर योर डिजिटल वर्ल्ड अवेयरनेस एंड लीगल एड अगेंस्ट साइबर फ्रॉड्स के अंतर्गत जिला करनाल के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि हालसा, पंचकूला के आदेशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला में साइबर क्राइम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हालसा द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित पोस्टर व पैम्पलेट छपवाए गए हैं, जिन्हें जिला करनाल के विभिन्न विभागों जैसे न्यायिक परिसर, पुलिस स्टेशन, स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनवाड़ी सेंटर, बाल संरक्षण संस्थानों, महिला आश्रम व नारी निकेतन जैसे स्थानों पर लगाया जा रहा है व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं व स्वयंसेवियों द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# वन नेशन, वन इलेक्शन राष्ट्र की आवश्यकता: विजयपाल एडवोकेट

## लोकसभा और विधानसभा के एक साथ चुनाव होने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी : विजयपाल एडवोकेट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़। वन नेशन, वन** इलेक्शन कमेटी के हरियाणा के संयोजक विजयपाल एडवोकेट ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन राष्ट्र की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। जब देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे तो देश का काफी खर्च बचेगा जिसे अन्य विकास कार्यों में खर्च किया जा सकेगा। विजयपाल एडवोकेट गुरुवार को पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम लोग भी देश में एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में हैं। विजयपाल एडवोकेट ने यह भी कहा देशभर में वन नेशन,



वन इलेक्शन को लेकर जो मुहिम चलाई जा रही है उसे लोगों के सकारात्मक विचार आ रहे हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन के संयोजक विजयपाल एडवाकेट ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए एक कमेटी का गठन किया हुआ है। देश के अंदर अलग-अलग संगठनों, वर्गों, छात्रों, बार एसोसिएशनों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से अभियान चला हुआ है। हरियाणा में सांगठनिक रूप बनाए गए 27 जिलों में से 20 जिलों में वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर कार्यक्रम हो चुके हैं। विजयपाल एडवाकेट ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन अभियान के राष्ट्रीय संयोजक शिवराज चौहान 22 अप्रैल को 2.30 बजे करनाल में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आ रहे हैं। श्री चौहान भी वन नेशन, वन इलेक्शन पर अपने विचार रखेंगे।

इसी कड़ी में गुरुग्राम और पंचकूला में दो मैराथन प्रोग्राम भी रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर चल रही मुहिम के तहत 200 कार्यक्रम हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद, नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषदों द्वारा भी रजुलेशन पास कराकर वन नेशन, वन इलेक्शन कमेटी के पास भेजे जा चुके हैं।

## बाघड़ू पवार भट्ठा कम्पनी पर जूस श्रमिकों को भेंट किए



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सेवा ट्रस्ट (यूके) इंडिया की** ओर से प्रधान सुरेश वत्स के सानिध्य मे तिहाड़ बाघडू के पवार भट्ठे कंपनी में एक सौ पचास श्रमिकों को दवाई ,नारियल तेल व जूस भेंट किए। डाबर कोर्स स्पॉन्सर कंपनी की ओर से लगभग दस भट्ठे पर मुफ्त में दवाई, तेल ,जूस,बिस्किट श्रमिकों को वितरित किए जाएंगे । सेवा ट्रस्ट (यूके) इंडिया की ओर से जरूरतमंद श्रमिकों की समय-समय पर सहायता प्रदान करती रहेंगी। दिलबाग सिंह हिंदी प्राध्यापक ने श्रमिकों को समझाया कि आप अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में दाखिल करवाएं और अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें । भट्ठा संचालक प्रदीप पवार ने बताया कि श्रमिकों का विशेष ध्यान रखा जाता है । संस्था के सदस्य हमेशा निःस्वार्थ सेवा करने के लिए तैयार रहते हैं संस्था पौधे व रक्तदान शिविर भी लगाती रहती है । इस अवसर पर पवन पालीवाल, रविकांत एस डी ओ,रमेश मदान ,प्रवीण कुमार, सुनील छहतैरा, सतीश नैन भट्ठा मालिक,मास्टर सुरेंद्र कश्यप, भट्ठा मुनीम, अर्पित सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर की अध्यक्षता में 10 मई 2025 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इरम हसन ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का स्थाई निपटारा किया जाता है। लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध किसी भी ऊपरी अदालत में अपील नहीं की जा सकती है।

# दिव्यांगों की सेवा भगवान की सेवा: प्रवीन जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) समाज सेवा संगठन की** ओर से आज 17 अप्रैल वीरवर को संगठन कार्यालय अग्रवाल मण्डी पर 3 दिव्यांग जनों को हाथ रिक्शा वितरण की समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज 3 जरूरत मंद दिव्यांग बच्चो की हाथ रिक्शा की डिमांड आई थी गुरमीत कच्चा कैंप जसवीर इसराना सुशील राज नगर जाकर देखा इनकी जरूरत को देखते हुए अग्रवाल मंडी कार्यालय पर समाज मुख्य अतिथि समाज सेवी नवीन जी के सहयोग से 3 हाथ रिक्शा वितरण की मुख्य अतिथि ने कहा संगठन पानीपत में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है हम सबको संगठन का सहयोग करना चाहिए जैन ने बताया



इनके घर वालों ने कहा हमने पहले कई बार सरकारी हॉस्पिटल व रेडक्रॉस में लिखकर दिया लेकिन आज तक व्हील चेयर व हाथ रिक्शा नही दी उनकी जरूरत को देखते हुए आज अग्रवाल मण्डी कार्यालय पर 3 हाथ रिक्शा भेट की जिससे उनको कुछ राहत मिल पाएगी और हाथ रिक्शा से कही भी आ जा सकते है जरूरत तो हम किसी की पूरा नहीं कर सकते इतनी कोशिश रहती है सभी के सहयोग से हम जरूरत मंद का सहयोग कर सके जैन ने कहा बहुत ही भाग्य शाली है हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है नवीन जी जर्मनी में रहते हैं और समय समय पर संगठन को सहयोग करते रहते है आज नवीन जी पूरे परिवार के साथ आए संगठन ने दिल से धन्यवाद किया। जरूरत मंद दिव्यांगो की सेवा भगवान की सेवा के बराबर होता है देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभिमान की राह पर चल रहा है संगठन जिस किसी साथी के नॉलेज में कोई जरूरत मंद दिव्यांग है जिसके पास हाथ रिक्शा नही है 9812863034 पर संपर्क कर मुफ्त हाथ रिक्शा बुकिंग करवा सकते है समाज सेवा संगठन जरूरत मंद बेटियो की शादी करवाना गर्म कपड़े वितरण करना इलाज करवाना,जगह जगह वाटर लगाना निशुल्क यात्रा करवाना आदि धार्मिक व सामाजिक कार्य करता रहता है।

## व्यक्ति ने नहर किनारे लगाई फाँसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल** सैनी

खरखौदा शहर के रोहतक मार्ग पर नंदीशाला के पास से होकर गुजरने वाली एनसीआर वाटर चैनल के पास एक व्यक्ति ने सफेदे के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

सुबह जब लोग वहां से गुजरते से फंदे पर लटकते व्यक्ति की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिनाख्त में मृतक की पहचान सिसाना हाल खरखौदा में रहने वाले जितेंद्र के रूप में हुई। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सिसाना का रहने वाला 35 वर्षीय जितेंद्र कुछ समय से खरखौदा में अपने परिवार के साथ रह रहा था। परिवार का पालन-पोषण करने के लिए जितेंद्र टैंपो में सब्जी रखकर फेरी लगाकर बेचने का काम करता था। चार बेटियों का पिता जितेंद्र इन दिनों आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल संदीप का कहना है कि सूचना पाकर मौके पर पहुंचक जांच की तो मृतक की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई। जिसकी बाइक भी पास ही पड़ी हुई थी। स्वजन को इसकी सूचना दी गई, जिनकी तरफ से आर्थिक तंगी से इन दिनों जितेंद्र के परेशान होने की बात कही गई।

# सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए नवीन को मिला प्रशंसा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा : समाज में** जागरूकता, सेवा और समर्पण की भावना को जीवंत करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए, नेहरू युवा केंद्र सोनीपत ने तिरंगा युवा समिति के अध्यक्ष नवीन खाडा को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों और जनसेवा के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया। यह सम्मान केंद्र के युवा अधिकारी नवीन गुलिया द्वारा विशेष रूप से भेंट किया गया। नवीन खाडा पिछले कई वर्षों से



समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हैं। उन्होंने 31 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर अनेक जरूरतमंदों की जान बचाने में योगदान दिया है। इसके साथ ही वह पर्यावरण संरक्षण, महिला

**सम्मान**

**▶▶ बलिदानियों की स्मृति में भव्य स्मारक निर्माण जैसे अनेक प्रेरणादायक अभियानों से जुड़े हुए हैं**

सशक्तिकरण, युवा जागरूकता, देशभक्ति कार्यक्रमों और बलिदानियों की स्मृति में भव्य स्मारक निर्माण जैसे अनेक प्रेरणादायक अभियानों से जुड़े हुए हैं। उनके नेतृत्व में तिरंगा युवा समिति लगातार ग्रामीण क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही है। नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी श्री नवीन गुलिया ने इस अवसर पर कहा, "आज के दौर में ऐसे युवा विरले ही होते हैं, जो निस्वार्थ भाव से समाज के लिए समर्पित रहते हैं। नवीन खाडा का कार्य समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। केंद्र को गर्व है कि ऐसे युवा हमारे साथ जुड़े हैं।" यह सम्मान न केवल नवीन खाडा के व्यक्तिगत प्रयासों का प्रतीक है, बल्कि युवा शक्ति के सामूहिक योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को भी उजागर करता है।

# संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी) ने किया गेहूं फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कृषि विभाग के** उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन में गेहूं फसल के कटाई प्रयोगों का कार्य चल रहा हैए जिसके आधार पर हर गांव की औसत फसल पैदावार निकाली जाती है। इस औसत पैदावार के आधार पर ही संभावित उत्पादन का अनुमान लगाया जाता है। इसके साथ-साथ इस औसत पैदावार से कम पैदावार वाले बीमित किसानों को हुए नुकसान पर फसल का मुआवजा दिया जाता है। इसी के दृष्टिगत वीरवार को कृषि विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक सांख्यिकी डॉ. राजीव कुमार मिश्रा ने कृषि विभाग, करनाल के अधिकारियों के साथ जिले में चल रहे फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपनी उपस्थिति में ही गांव रायपुर रोडान (44) खण्ड नीलोखेड़ी तथा खण्ड करनाल के गांव सुहाना (94) व कम्बोपुरा (2) में फसल कटाई प्रयोगों का कार्य पूर्ण करवाया। उन्होंने जिले के विभिन्न गांवों में किसानों से बातचीत कर गेहूं कटाई के कार्य से संबंधित किसी भी तरह की समस्या के बारे में जाना व कृषि कार्य से संबंधित विभिन्न सुझाव भी किसानों को दिए। इस मौके पर उनके साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक सांख्यिकी अधिकारी डा. सुनील कुमार व खण्ड कृषि अधिकारी नीलोखेड़ी डॉ. रामपाल, खण्ड कृषि अधिकारी करनाल डॉ. गौरव मैहला, सांख्यिकीय सहायक पंकज कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया अपमानित: साहिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भा**जपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं गांधी परिवार ने स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा खडी की गई संस्थाओं को निजी लाभ के लिए अपना कब्जा किया। इस प्रकार कांग्रेस के गांधी परिवार ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का अपमान किया है। कांग्रेस अब कोई लोकतांत्रिक पार्टी नहीं बल्कि एक पारिवारिक उदयम बन चुकी है। जहां निष्ठद्दा का इनाम मिलता है पारदर्शिता की सजा और जवाबदेही से बचा जाता है। जिला अध्यक्ष साहिल सुधा वीरवार को कांग्रेस भवन के सामने गांधी परिवार का पुतला फूंकने के उपरांत



कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष साहिल सुधा ने सैंकडों कार्यकताओं के साथ गांधी परिवार की शव यात्रा निकाली और कांग्रेस भवन के समक्ष गांधी परिवार का पूतला फूंक कर अपना रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। यह सिर्फ वित्तीय गड़बड़ी का मामला नहीं है- यह उस राजनीतिक वंश की जवाबदेही का क्षण है जिसने दशकों तक संस्थानी, सार्वजनिक धन और राष्ट्रीय विरासत को अपनी निजी संपति समझा। यह मामला साफ दशार्ता है कि कैसे गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी के ढांचे का उपयोग कर निजी धन अर्जित किया और देश की जनता को धोखा दिया, जबकि वे स्वयं को लोकतंत्र का रक्षक बताते रहे। गांधी परिवार की धोखाधड़ी और कांग्रेस के ढांचे का दुरुपयोग श्वष्ठ की चार्जशीट यह स्पष्ट करती है कि गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी का दुरुपयोग कर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को अपने नियंत्रण में ले लिया, जिसकी संपत्ति 2000 करोड़ से अधिक थी और जिसे पत्रकारिता व जनसेवा के लिए बनाया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एजेएल को 90.25 करोड़ का ऋण दिया, जिसे चुपचाप यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कुल हिस्सेदारी 76 प्रतिशत है। यंग इंडिया ने इस 90 करोड़ के ऋण को माफ कर दिया और केवल 50 लाख के मामूली निवेश पर एजेएल का पूर्ण स्वामित्व हासिल कर लिया। इस प्रकार, गांधी परिवार ने दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, भोपाल, पटना जैसी प्रमुख शहरों की अचल संपत्ति पर कब्जा कर लिया। यह गांधी विकास मॉडल का जीवंत उदाहरण है जहां पार्टी का पैसा निजी पूंजी में बदल जाता है।

# प्राथमिकता से लोगो की समस्याओ का समाधान करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: उपायुक्त अजय** सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर लगाने का मुख्य उदेश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। इसलिए सभी सबंधित विभागों अधिकारी समाधान शिविर मे बैठने के साथ-साथ यहा पंहुचे हर प्रार्थी की समस्या का समाधान समयबद्ध होकर करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त उनके कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने समाधान शिविर मे अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पंहुचे लोगो की समस्याओं को एक-एक कर के



ध्यानपूर्वक सुना और साथ ही सबंधित विभाग के अधिकारी को उनकी समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से 12 बजें तक आयोजित किए जा रहें है। इन शिविरों की मोनिटरिंग भी वीसी के माध्यम से सीएम द्वारा कि जाती है। इस मौके पर समाधान शिविर मे गांव सौंडा से सत्या देवी व पुष्पा रानी अपने घर के नजदीक नाले के पानी की निकासी संबंधी समस्या को लेकर पंहुची थी, जिस पर उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारी को उनकी समस्या का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। ऐसे ही गांव कलेरा निवासी दलजीत सिंह जमाबंदी मे हुई त्रुटि को ठीक करवाने को लेकर, मुलाना निवासी दीपक नाथ वर्मा ने अपने परिवार पहचान पत्र मे परिवारिक आय को कम करवाने को लेकर समस्या रखी, पंजोखरा से राजबाला अपने पुत्र की दुर्घटना वंश मृत्यु होने पर सरकार की दीनदयान योजना के तहत सहायता राशि के संबंध मे पंहुची थी।

इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र संबंधी समस्याओ को लेकर पंहुचे जिनमे सनेह लता ने जन्म तिथि को ठीक करवाने, राजकुमार ने दिव्यांग पेंशन को लेकर व अन्य ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। बता दें कि इस मौक पर समाधान शिविर मे लोगो द्वारा कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 4 शिकायतों का उपायुक्त मौके पर ही निपटान करवाया और शेष 3 शिकायतों को सम्बंधित अधिकारी को मार्क करते हुए उन्हें जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे आयोजित समाधान शिविरों मे आकर अपनी समस्याओं को रखे और उनका समाधान पाकर इन शिविरो का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इन समाधान शिविरो का उदेश्य लोगो को एक ही जगह पर विभिन्न विभागो से संबंधी समस्याओ को सुनकर उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना है।

# खरखौदा के भारद्वाज नर्सिंग होम की डॉ तमन्ना पर एक और केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के थाना** कलां रोड स्थित भारद्वाज नर्सिंग होम में लिंग जांच के बाद अवैध रूप से गर्भपात कराने के मामले में डॉ तमन्ना पर एक और केस दर्ज हुआ है। यह कार्रवाई 12 अप्रैल को सिविल सर्जन रोहतक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। सूचना के अनुसार क्लिनिक में भ्रूण का लिंग परीक्षण कर एमटीपी की जा रही थी। इस पर सिविल सर्जन ने पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डा. विश्वजीत राठी व एमपीएचडब्ल्यूएम रणजीत सिंह को



जांच के लिए भेजा। सोनीपत प्रशासन के सहयोग से गठित टीम में डॉ अनुराधा डोगरा, डॉ मयंक सैनी व डीसीओ मुंशी राम शामिल थे। छापेमारी के दौरान एक महिला रक्तस्राव की स्थिति में मिली जिसे डीसीएच सोनीपत भेजा गया। क्लिनिक से एमटीपी किट बरामद हुई। पूछताछ में डॉ तमन्ना ने कबूला कि 11 अप्रैल को यूपी के बिजनौर की दलाल सुमन के जरिए भ्रूण जाँच करवाई गई थी।

## न्यूज फ्लैश

### नवीन जिन्दल की पहल पर आयोजित हो रहे हैं मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर: धर्मवीर सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद** : सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। आज शाहबाद मारकंडा हल्के के गांव छोडपुर और संभालखी में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद नि:शुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर आयोजित हो रहे हैं। नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरुआत की है। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 98 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई व 10 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को नि:शुल्क दवाइयां, परामर्श और खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के कैंपों के सफल आयोजन लिए गांव छोड़पुर से राजेंद्र प्रधान, रिंकू ढींडसा, संजीव कुमार, भविष्य लाडी, ओमप्रकाश, रामकुमार, रामनाथ, सुखराम और गांव सम्भालखी से सतीश सरपंच, हरनाम लाडी, कृष्ण कुमार, सुशील कुमार, विजय कुमार, संजीव कुमार, संदीप कुमार पंच, अमन कुमार पंच, खुशीराम पंच, प्रवीण कौर, चौकीदार रामधारी तेजपाल, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### राजिंदर सिंह बने हरियाणा रिपब्लिकन पार्टी कुरुक्षेत्र के जिलाध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र के राजिंदर सिंह को जिला अध्यक्ष नियक्त किया गया है । इस नियक्ति पर राजिंदर सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामदास आठवले केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस उमीद के उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी, लग्न, व निष्ठा से निभाऐगे साथ ही संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ेगे।

# विज ने नवनिर्वाचित उप-प्रधान ललता प्रसाद को दी बधाई

## नगर परिषद अम्बाला सदर की बैठक में ललता प्रसाद को मतदान के दौरान चुना गया उप-प्रधान

**बधाई दी**

▶▶ पार्षद एकजुट होकर नगर परिषद अम्बाला सदर में बेहतर कार्य करें ताकि हमारा शहर सबसे अच्छा शहर बन सके

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सभी पार्षद एकजुट होकर नगर परिषद अम्बाला सदर में बेहतर कार्य करें ताकि हमारा शहर सबसे अच्छा शहर बन सके। विज अम्बाला छावनी नगर परिषद नवनिर्वाचित सदन की पहली बैठक में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस दौरान नगर परिषद के नव-निर्वाचित उप-प्रधान ललता प्रसाद को फूल-मालाएं पहनाते हुए उन्हें उपप्रधान पद की बधाई दी। इससे पहले ललता प्रसाद को सदन में हुए मतदान के दौरान कुल 33 में से 26 वोट मिले और उनकी एक





तरफा जीत हुई। उनके उपप्रधान चुने जाते ही ढोल नगाडों के साथ अन्य पार्षदों ने भी बधाई दी। बैठक में ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के पहुंचने पर नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा उनका स्वागत किया गया। उपप्रधान पद के चुनाव के बाद नगर परिषद की विभिन्न कमेटियों का भी चुनाव हुआ जिसमें कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान में भाजपा के पार्षद सभी कमेटियों के सदस्य चुने गए जिन्हें कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बधाई दी।

इन चार कमेटियों के यह चुने गए सदस्य फाइनेंस एंड कांट्रेक्ट कमेटी में भाजपा पार्षद संजीव अत्री और निधी गर्ग सदस्य चुने गए। फाइनेंस सब कमेटी में भाजपा पार्षद रमन छतवाल, प्रमोद लक्की, शिवाजी व डा. शशि लोंगिया सदस्य चुने गए। पब्लिक वर्क एंड बिल्डिंग सब कमेटी में भाजपा पार्षद श्याम सुंदर अरोड़ा, महेशचंद, मोहित कौशिक और बलजिंद्रपाल सिंह सदस्य चुने गए। सेनीटेशन एंड वाटर सप्लाई सब कमेटी में भाजपा पार्षद नरेश धवन, रेणु चौहान, रीना और गौरव सैनी सदस्य चुने गए।

# जैन ने पेयजल की किल्लत की शिकायतों का लिया संज्ञान



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत**। तारा नगर, भगतपुरा, चार मरला, आठ मरला समेत अनेकों कालोनियों में पिछले दो दिन से आ रही पेयजल की किल्लत की शिकायतों के चलते नगर निगम मेयर राजीव जैन अचानक पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी सिथत बूस्टिंग स्टेशन पंहुचे और वंहा पर ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों को फटकार लगाई। भविष्य में शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी। मौके पर मौजूद नगर निगम के कनिष्ट अभियंता अमित ने बताया कि इलेक्ट्रिक पैनल में फाल्ट आ गया है जिस कारण 220 हॉर्स पावर कि मोटर नहीं चल रही और दो घंटे में फाल्ट ठीक करके पानी कि आपूर्ति

**आपूर्ति**

▶▶ कनेक्शन अलग अलग पैनल से किये जाएँ ताकि आपात सिथति में छोटी मोटरों से पानी की आपूर्ति जारी रह सके

शुरू कर दी जाएगी। राजीव जैन ने कहा कि साथ में सवा सौ हॉर्स पॉवर की दो मोटरों को चालू करने के लिए कहा तो अधिकारी ने बताया कि इनका भी कनेक्शन इसी इलेक्ट्रिक पैनल से है। राजीव जैन ने निर्देश दिए कि कनेक्शन अलग अलग पैनल से किये जाएँ ताकि आपात सिथति में छोटी मोटरों से पानी की आपूर्ति जारी रह सके।

# साइबर क्राइम जागरूकता वर्कशॉप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सेंटर में साइबर क्राइम जागरूकता पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि इस वर्कशॉप में पीएनबी बैंक एलडीएम मलकीत सिंह ने सभी को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में



आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है।

# नशे पर लगाम कसने को लेकर समाज के लोगों को आगे आकर करने होंगे प्रयास: शिक्षा मंत्री

**आह्वान**

▶▶ नशे जैसी बिमारी को जड़ मूल से खत्म करने के लिए समाज की भूमिका अहम रहती है

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में ड्रग फ्री हरियाणा को लेकर निकाली जा रही साइक्लोथॉन-2.0 का जिला सचिवालय परिसर में पहुंचने पर प्रशासन की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने साइक्लोथॉन यात्रा के यात्रियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने 84 गांव की पंचायतों के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी प्रदान करके ड्रग फ्री कार्य में भूमिका निभाने पर सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर ओलम्पियन सीमा बिसला और कॉमन वैल्थ गेम की ब्रांज मेडल विजेता पूजा गहलावत को शिल्ड



देकर सम्मानित किया। परिसर में मौजूद सभी आयोजकों, खिलाडि?ों, व कॉलेज के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। शिक्षा मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नशे को जड़ मुल से खत्म करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है। साइक्लोथॉन यात्रा जहां-जहां से गुजर रही है वहां-वहां नशे को दूर करने का संदेश दे रही है। जिला प्रशासन भी नशे पर लगाम कसने को लेकर मुस्तेदी से कार्य कर रहा है। इस कार्य में लगातार सफलता हासिल हो रही है। कानून के माध्यम से भी नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है।

उन्होंने कहा कि नशे का जाल बुनने वाले समाज के दुश्मन हैं। इसके खिलाफ सरकार लड़ाई लड़ रही है।

नशे जैसी बिमारी को जड़ मूल से खत्म करने के लिए समाज की भूमिका अहम रहती है। शिक्षा मंत्री ने नशे के खिलाफ जारी इस मुहिम में आह्ह्वान किया कि युवा इस मुहिम का हिस्सा बनें व इस समस्या को बाहर निकालने के लिए दूसरों को भी प्रोत्साहित करें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस नशे जैसे बुराई को समाप्त करने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से भी काबू पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामर्थय व बुद्धि के दम पर भी नशे से बाहर निकला जा सकता है।

# जनसंवाद व समाधान शिवरों को लेकर उपायुक्तों ने दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मंडलायुक्त अंशज सिंह ने उपायुक्त कार्यालय अम्बाला के सभागार में सीएम विंडो, जनसंवाद, समाधान शिविर विषयों पर उपायुक्तों व अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए इन सभी विषयों पर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त अम्बाला अजय सिंह तोमर, उपायुक्त यमुनानगर



पार्थ गुप्ता, उपायुक्त पंचकूला मोनिका, नगर निगम कमीश्नर सचिन गुप्ता, नगर निगम पंचकूला से अपराजिता, एडीसी कुरूक्षेत्र सोनू भट्ट व अन्य संबंधित मौजूद रहें। मंडलायुक्त अंशज सिंह ने उपायुक्तों व अन्य संबंधित अधिकारियों से जिला वाईज सीएम

**दिशा-निर्देश**

▶▶ समीक्षा करते हुए इन सभी विषयों पर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए

विंडो, जनसंवाद, समाधान शिविरों के तहत बिन्दूवाईज विस्तार से समीक्षा की। बैठक के तहत सीएम विंडो पर किस तरह की शिकायतें ओवर डयूज हैं, समाधान शिविरों में किस तरह की शिकायतें आ रही है उनका निपटान के तहत क्या-क्या कार्रवाई की जा रही हैं, इसकी जानकारी हासिल की। बैठक के दौरान जिन विभागों से सम्बधिंत सीएम विंडों से सम्बधिंत जो शिकायतें लम्बित थी जिनमें राजस्व विभाग, नगर निगम, नगर परिषद्, पंचायत विभाग या अन्य थी उस बारे भी एक्शनटेकन रिपोर्ट के माध्यम से वास्तविकता जानी।

# आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए विद्यार्थियों को दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा/कुलदीप सिंह )**

आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के लिए और आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग की ओर से वीरवार को अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टी कल्याणा में डेमो दिखाया गया जिसमें अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर त्वरित रूप से किस तरह से काबू पाया जाए इसका डेमो बच्चों को दिखाया। अग्निशमन विभाग की ओर से बताया गया कि जब कभी भी आगजनी की घटना हो तो हमें त्वरित गति से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिस पर आग पर काबू पाया जा सके। उन्होंने सभी को



अलग-अलग तरह के अग्निशमन यंत्रों और उन्हें उपयोग करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की दुर्घटना की स्थिति में जल्दबाजी में कोई भी गलत निर्णय नहीं लेना चाहिए। इस मौके पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी द्वारा भी आग बुझाने का डेमो दिखाया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से ही विद्यार्थियों को सक्षम और सशक्त बनाने की के प्रयास करता रहा है।

### सांसद नवीन जिंदल 1 मई को लेंगे दिशा की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की द्वितीय बैठक 1 मई 2025 को लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल करेंगे। इस बैठक का एजेंडा सभी विभागीय अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस बैठक में सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे और अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित एटीआर जल्द से जल्द प्रशासन के पास भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

# कल से कुरुक्षेत्र में लगेगा योग का महाकुंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : भारतीय योग संस्थान (मुख्यालय : रोहिणी, दिल्ली) के तत्वावधान में संस्थान के हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के योग साधना केन्द्रों के प्रमुखों के लिए गांव मिजार्पुर स्थित योगाश्रम में दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर 19 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि इस योग प्रशिक्षण शिविर में पंजाब प्रांत से 300, चंडीगढ़ से 130 तथा हरियाणा से लगभग 250 केंद्र प्रमुख भाग लेंगे । ये प्रशिक्षित केंद्र प्रमुख व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में



जाकर आम जनता के लिए निःशुल्क हड्डी व जोड़ रोग निवारण शिविरों का आयोजन करेंगे । इस बार भारतीय योग संस्थान द्वारा अप्रैल, मई, जून मास में देश-विदेश स्थित अपने योग साधना केन्द्रों पर निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग निवारण शिवरों का आयोजन किया जा

**शिविर**

▶▶ दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर 19 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है

रहा है । इस बार संस्थान की त्रैमासिक पत्रिका 'योग मंजरी' का अप्रैल 2025 विशेषांक भी हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषांक छपा है क्योंकि निष्क्रिय जीवन शैली एवं गलत पाश्चर के कारण यह रोग समाज में बड़ी तेजी से फैल रहा है । इस शिविर का संयोजक संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा को बनाया गया है । गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस शिविर में संस्थान के माननीय अखिल भारतीय प्रधान योग रत्न देसराज तथा अखिल भारतीय महामंत्री माननीय ललित गुप्ता के अतिरिक्त कई केंद्रीय, प्रांतीय व जिला अधिकारियों द्वारा कई योग व योग चर्चा सत्र लिए जाएंगे । योग साधकों की जिज्ञासाओं व शंकाओं का समाधान भी शिविर में किया जाएगा । आज संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान माननीय देसराज जी द्वारा कुरुक्षेत्र के कार्यकताओं की ऑनलाइन बैठक में सिविल की तैयारी का जायजा लिया गया एवं शिविर व्यवस्था।

# मॉक ट्रायल इवेंट के माध्यम से छात्रों ने प्राप्त किया व्यावहारिक अनुभव

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा 17 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )**

गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ ने अपने छात्रों की व्यावसायिक कानूनी क्षमताओं के विकास और अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक आंतरिक क्लाइंट काउंसलिंग और मॉक ट्रायल इवेंट का आयोजन किया। यह आयोजन मूट कोर्ट सोसाइटी के तत्वावधान में सहायक प्रोफेसर पारस बत्रा और सहायक प्रोफेसर इंद्रजीत द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की दूरी को पाटना था। क्लाइंट काउंसलिंग सत्र में छात्रों को मॉक क्लाइंट्स के साथ संवाद स्थापित करने,




उनकी कानूनी समस्याओं को समझने और प्रभावी परामर्श एवं संवाद कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। इसके पश्चात आयोजित मॉक ट्रायल सत्र में छात्रों ने वकील, गवाह और न्यायाधीश जैसे विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए एक सजीव न्यायालय वातावरण का अनुभव प्राप्त किया। इस अभ्यास ने छात्रों को न्यायालयीन प्रक्रिया, साक्ष्य नियमों और मौखिक अभिव्यक्ति से परिचित कराया।

क्लाइंट काउंसलिंग और मॉक ट्रायल इवेंट के दौरान अतिथि के रूप में उपस्थित रही न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा

**अनुभव**

▶▶ यह आयोजन मूट कोर्ट सोसाइटी के तत्वावधान में सहायक प्रोफेसर पारस बत्रा और सहायक प्रोफेसर इंद्रजीत द्वारा किया गया

प्राधिकरण पानीपत की सचिव, मीनू ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इसके अलावा पानीपत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से अधिवक्ता अमूल ठकराल और अधिवक्ता सुरप्रीत सिंह भी उपस्थित रहे । न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनू ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अपने अधिवक्ता कौशल को निखारने और वकालत की भावना को जीवित रखने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियाँ छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती हैं, जो उन्हें भविष्य में एक सफल कानूनी पेशेवर बनने की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं। मीनू ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए कॉलेज की प्रशंसा की और भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का सुझाव दिया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने डिजिटल और साइबर धोखाधड़ी जैसे समकालीन विषय पर भी प्रकाश डाला और छात्रों को साइबर अपराध से बचाव हेतु व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, सोना-चाँदी जेवरात बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में 15 अप्रैल 2025 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल निवासी पंजाबी बाग अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 02 दिन का पुलिस




रिमांड प्राप्त कर आरोपी से सोना-चाँदी जेवरात बरामद किए गए है। आरोपी को आज माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री छोटे लाल निवासी सिमरन विहार अम्बाला छावनी ने 15 मार्च 2025 को थाना महेशनगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 01 मार्च 2025 से 14 मार्च 2025 के दौरान अज्ञात आरोपी ने सिमरन विहार अम्बाला छावनी में स्थित उसके घर से सोना-चाँदी जेवरात व नकदी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का रहेगा विशेष योगदान: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का विशेष योगदान रहेगा। इसी तरह से हम सभी को मिलकर हरियाणा के विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाना होगा। सरकार की नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा।
पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर



लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विकास हुआ है और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा हुआ है। अब भारत सुरक्षित, लोगों के हितों को सर्वोपरि रखने वाला, तीव्र गति से विकसित होने वाला राष्ट्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं, क्योंकि सरकार उनके हितों का पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा का विकास तेज गति से हो रहा है।

प्रदेश में सडकों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिली है। ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुना तेजी से काम करके देश व प्रदेश में विकास कार्यों में बढ़ोतरी करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। हरियाणा देश का पहला राज्य है जो किसानों की सभी फसलों को शत प्रतिशत एमएसपी पर खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का उदघाटन और यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली की नई यूनिट का शिलान्यास किया है। इस यूनिट पर 7272 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जो कि वर्ष 2028 के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगी।

# श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षांत समारोह आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: श्रीकृष्ण** आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि प्रथम दीक्षांत समारोह हमारे विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक क्षण है। हम इसे पूरी गरिमा व शिष्टता के साथ मनाएंगे। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने 18 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह से जुड़ी हर इकाई से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए.इस अवसर पर कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि पहले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। समारोह की रिहर्सल भी की गई है, जिसमें संपूर्ण कार्यक्रम



का बारीकी से पूर्वाभ्यास किया गया। समारोह विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मल्टीपरपज हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर वैद्य बिजेंद्र सिंह तोमर, प्रोफेसर आशीष मेहता, डीन ऑफ एकेडमिक डॉ. जितेश कुमार पंडा,प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र खुराना, प्रॉक्टर प्रोफेसर राजा सिंगला, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. राजेंद्र चौधरी, उप कुलसचिव विकास शर्मा एवं सहायक कुलसचिव अतुल गोयल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मानद उपाधि से नवाजे जाएंगे वैद्य त्रिगुणा गौरतलब है कि इस भव्य दीक्षांत समारोह की हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम बंडारू दत्तात्रेय अध्यक्षता करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### दीपक मणि तिवारी ने संभाला कमांडेंट का पदभार

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पानीपत** रिफाइनरी स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई में दीपक मणि तिवारी ने कमांडेंट का पदभार संभाल लिया। इससे पहले तिवारी मुंबई में तैनात थे। कमांडेंट दीपक मणि तिवारी ने बताया कि उन्होंने 15 वर्ष पहले यूपीएससी की परीक्षा पास कर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सहायक कमांडेंट के पद पर ज्वाइन किया था। उन्होंने बताया कि एन.आई.एस.ए. हैदराबाद में ट्रेनिंग के बाद उनकी पहली पोस्टिंग दिल्ली मैट्रो में हुई थी। इसके बाद उन्होंने देश के औद्योगिक संस्थानों, ऐतिहासिक धरोहरों के साथ-साथ संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों पर काम किया है। अब उन्हें पानीपत रिफाइनरी में कमांडेंट के पद पर काम करने का मौका मिला है। कमांडेंट तिवारी ने बताया कि उन्हें फक्र है कि सीआईएसएफ को देश के औद्योगिक संस्थानों, देश की ऐतिहासिक धरोहरों, संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा का जिम्मा मिला है। जिसे हमारे बल सदस्य सच्ची निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। देश सेवा कर हमारे दिल को आत्मिक शांति का अनुभव होता है।

### टीचरों का ऑनलाइन डायरी के विरोध में प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एमआइएस** पोर्टल पर ऑनलाइन टीचर डायरी भरने के आदेश के विरोध में हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के बैनर तले करनाल जिले के टीचरों ने आज लघु सचिवालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्रित हुए टीचरों ने शिक्षा विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए इसे विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा पहुंचाने वाला कदम बताया। प्रदर्शन के उपरांत शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा को ज्ञापन सौंपा। हसला के राज्य प्रधान सतपाल सिंधू ने कहा कि 8 अप्रैल को शिक्षा विभाग की शैक्षणिक शाखा द्वारा जारी आदेश पूरी तरह अव्यावहारिक हैं। एमआइएस पोर्टल पर प्रतिदिन टीचर डायरी भरने की प्रक्रिया न केवल टीचरों, बल्कि स्टूडेंटों के समय को भी बर्बाद करेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस फैसले से अध्यापन कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होगी। सतपाल सिंधु ने कहा कि नई शिक्षा नीति में साफ निर्देश है कि शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य नहीं लिए जाएं, ताकि वे पूरी तरह पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। इसके विपरीत हरियाणा शिक्षा विभाग लगातार शिक्षकों पर गैर जरूरी डिजिटल और प्रशासनिक कार्यों का बोझ डालता जा रहा है। इससे टीचर अपने मूल कार्य यानी अध्यापन पर पूरा ध्यान नहीं दे पा रहे। हसला पदाधिकारियों ने सवाल उठाया कि इस तरह का अहम निर्णय लेने से पहले विभाग ने टीचर संगठनों से कोई विचार-विमर्श नहीं किया। उन्होंने मांग कीए कि विभाग को पहले जमीनी हकीकत की जांच करनी चाहिए थी कि क्या प्रदेश के सभी स्कूलों में डिजिटल संसाधन और नेटवर्क की पर्याप्त सुविधा है या नहीं।

### नहर किनारे मिले कपड़े और मोबाइल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में कैथल पुल** के नजदीक नहर किनारे एक युवक के कपड़े और मोबाइल फोन मिले है। कपड़ों से एक पर्ची भी मिली, जिसमें युवक के पिता और भाई का मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। आशंका है कि युवक ने नहर में छलांग लगाई है। कपड़े मिलने की जानकारी के बाद पुलिस व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। फिलहाल युवक का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। वीरवार को कैथल पुल के पास नहर किनारे एक महिला जा रही थी। उसे किनारे पर कपड़े मिले। उसमे एक मोबाइल भी था। कपड़ों की तलाशी ली गई तो जेब से एक पर्ची भी मिली। जिस पर दो मोबाइल नंबर लिखे हुए थे। महिला ने डायल-112 को कॉल किया और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों नंबरों पर कॉल किया और कॉलर से बात की। इसके बाद खुलासा हुआ कि यह मोबाइल 35 वर्षीय अजय नाम के युवक है, जो भिवानी के मोहिला गांव का रहने वाला है और 15 अप्रैल की सुबह 11 बजे से लापता है। जानकारी मिलने के बाद अजय के परिजन करनाल पहुंचे।

# शिक्षक संघ ने डायरी अपडेट करने का किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आज राज्य** कार्यकारिणी राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों में दिए जा रहे ज्ञापन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रधान राजेंद्र टंडन की अगुवाई में माननीय शिक्षा मंत्री हरियाणा एवं निदेशक महोदय के नाम एम आई एस पर अध्यापक दैनिकी को ऑनलाइन अपडेट करने के विरोध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र श्री विनोद कौशिक जी को आज ज्ञापन सोपा गया। जिला प्रधान ने विस्तार देते हुए बताया कि जिले में स्कूलों में एक-एक अध्यापक के पास तीन से छह कक्षाएं है।जिन्हें अध्यापक को पढाना, दैनिक कार्य



देना और उसके अतिरिक्त स्कूली कार्यालय से संबंधित कार्यों को पूरा करना होता है। ऐसे में एम आई एस पर एक अध्यापक के द्वारा 3 से 6 कक्षाओं के कार्य को हर रोज अपडेट करना बहुत ही चुनौती पूर्ण है और समय की बबार्दी भी है। जो समय अध्यापक को बच्चों को पढ़ाने में देना होगा, उसी समय में से ऑनलाइन डायरी अपडेट करना एक लंबा प्रोसेस है जिसमें बहुत सारे बिंदु दिए गए हैं जो स्थितियों को देखते हुए बिल्कुल भी तर्कसंगत नहीं है। दूसरा, निपुण और एफ एल एन के तहत मूल्यांकन करना अत्यधिक लंबा और पेचीदा भी है। जिससे बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है और समय की भी हानि हो रही है । अतः आज राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र ने जिले के विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर डायरी अपडेट के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया की उल्लास कार्यक्रम में से भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अध्यापक स्कूलों में अपना अधिक समय दे सके और शिक्षा स्तर में सुधार किया जा सके। इस मौके पर जिला महासचिव संदीप चौहान जिला कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, वरिष्ठ उप प्रधान सुखदेव गजलाना, जिला उप प्रधान रमेश मेहला,सह सचिव सुरेश मुकीमपुर ,ऑडिटर नरेंद्र प्रकाश,राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूबे सिंह सुजान व देवदत, रमेश रंगा, लाडवा प्रधान अमनपाल, पिहोवा प्रधान राजेंद्र जांगड़ा,शाहबाद प्रधान अशोक सैनी, राम कुमार मौजूद रहे।

# लंग इंस्टिट्यूट में यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाएं शुरू की




**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :मैक्स सुपर** स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने सोनीपत के बत्रा हार्ट एंड लंग इंस्टिट्यूट के सहयोग से यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अपनी विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य जन जागरूकता बढ़ाना और विशेषज्ञ सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। इस ओपीडी की शुरूआत मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के यूरोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. अभिनव वीरवाल और बत्रा हार्ट एंड लंग इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. अंकुर बत्रा की उपस्थिति में की गई।

# कार बुकिंग के नाम पर ग्राहकों से 8 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मधुबन थाना क्षेत्र** स्थित जीटी रोड पर मौजूद करनाल मोटर्स शोरूम में एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया। रिलेशनशिप मैनेजर ने ग्राहकों से कार बुकिंग के पैसे लिए। मैनेजर ने पैसों को न तो कंपनी में जमा किया और न ही कार डिलीवर की। शोरूम प्रबंधन मे मैनेजर के खिलाफ मधुबन थाना में शिकायत दी गई। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार रिलेशनशिप मैनेजर ने कार बुकिंग के नाम पर कई ग्राहकों से नकद पैसा लिया। मैनेजर ने पैसे को न तो कंपनी में जमा किया और न ही कार डिलीवरी की। शोरूम प्रबंधन का दावा है कि आरोपी ने तकरीबन 8 लाख रुपए की ठगी की है। इस धोखाधड़ी के चलते कंपनी को ना सिर्फ आर्थिक नुकसान हुआ, बल्कि उसकी प्रतिष्ठा भी प्रभावित हुई है। शिकायतकर्ता शोरूम मैनेजर सनी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कलसी के रहने वाले दीप कुमार को करीब एक साल पहले रिलेशनशिप मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया था। शुरू में वह ठीक तरीके से काम कर रहा था, लेकिन कुछ समय बाद शक हुआ कि वह नकद में ग्राहकों से पैसे लेकर कंपनी में जमा नहीं कर रहा।

# राज्य लोक सूचना अधिकारियों पर लगाए गए जुर्माने की वसूली तुरंत करें: सोनू भट्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : अतिरिक्त उपायुक्त** सोनू भट्ट ने कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत राज्य सूचना आयोग (एसआईसी) द्वारा राज्य लोक सूचना अधिकारियों (एसपीआईओ) पर लगाए गए जुमार्ने की तुरंत वसूली करने को अनिवार्य बनाया गया है। ये निर्देश हरियाणा के मुख्य सचिव ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों/निगमों के मुख्य प्रशासकों और प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों को जारी



किए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सूचना का अधिकार (संशोधन) नियम, 2018 पर प्रकाश डाला गया है, जिसे 3 जुलाई, 2018 को अधिसूचित किया गया था। ये नियम आरटीआई प्रावधानों का पालन करने में विफल रहने वाले एसपीआईओ पर जुमार्ना लगाने और वसूलने की प्रक्रिया को रेखांकित करते हैं। आरटीआई अधिनियम की धारा 20 के अनुसार, एसआईसी शिकायत निर्णय या अपील के दौरान लिखित जुमार्ना आदेश जारी करता है। रजिस्ट्रार एक निर्दिष्ट रजिस्टर में विवरण दर्ज करता है और नियंत्रण प्राधिकरण को एक वसूली नोटिस जारी करता है, जिसमें निर्धारित समय सीमा के भीतर एसपीआईओ के वेतन से जुमार्ना राशि की कटौती करके निर्दिष्ट सरकारी खाते में जमा करने का निर्देश दिया जाता है।

# बबैल नाके तक होगा सनौली रोड का चौड़ीकरण,

**पानीपत:** पानीपत शहरी विधानसभा का प्रमुख मार्ग कहे जाने वाले सनौली रोड के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा, बीते वीरवार को विभाग द्वारा पोल शिफ्टिंग के आदेश जारी कर दिए गए हैं, लंबे समय से सड़क के चौड़ीकरण हेतु प्रयासरत रहे विधायक प्रमोद विज ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क के चौड़ीकरण से पूर्व बिजली के पोल की शिफ्टिंग का कार्य होगा, बाद में सड़क के चौड़ीकरण का भी कार्य प्रारंभ किया जाएगा क शहर में ट्रैफिक कम हो इसके लिए पुर्णतः प्रयासरत हू कवंदे मातरम् चौक से बबैल नाके तक सड़क के चौड़ीकरण से जाम की स्थिति में सुधार होगा एवं राहगीरों को भी आवागमन में आसानी के साथ-साथ समय की बचत होगी।

# प्राथमिक उपचार का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति की जान बचाना: प्रो. एआर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर चौधरी ने कहा कि प्राथमिक उपचार का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति की जान बचाना होता है। इसके अलावा, प्राथमिक उपचार संक्रमण होने की संभावना को कम करने में मदद करता है, लंबे समय तक चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता को कम करता है, और स्थिति को खराब होने से बचाता है। मामूली कट, जलन या घाव की उचित देखभाल इसे ओर खराब होने की संभावना को कम करती है। वे गुरुवार को कुरुक्षेत्र



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस की यूटीडी यूनिट द्वारा सीनेट हाल में एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। प्रो. ए.आर. चौधरी ने रेड क्रॉस के सात सिद्धांतो का उदाहरण देते हुए मानवता की ओर दया के भाव रूपी लोह हृदय में प्रज्ज्वलित करने के बारे में बतलाया । यूथ रेड क्रॉस कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. दिनेश राणा ने बताया की यथार्थ में रेड क्रास के सात सिद्धांतों का जीवन में स्वर्णिम प्रभाव पड़ता है जिनका निरंतर अध्ययन करने से जीवन को नई दिशा प्राप्त होती है जिससे हम केवल अपने परिवार ही नही बल्कि पूरे विश्व के कल्याण में अपनी भागीदारी सुनिचित कर सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर मे की रिसोर्स कुरूक्षेत्र जिला रेड क्रॉस से लेक्चरर किरण कश्यप ने स्वयंसेवको को प्राथमिक सहायता की तकनीको के बारे मे बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रेड क्रॉस की शुरूआत हुई। उन्होंने व्यावहारिक रूप से बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी साझा की जिसमें पहले सत्र में फर्स्ट एड व दूसरे सत्र में आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया।

# अनाज मंडियों में गड़बड़ी पर भड़की भाकियू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले की मंडियों** में गेहूं की तुलाई के दौरान हो रही हेराफेरी को लेकर भाकियू का गुस्सा फूट पड़ा है। किसानों के साथ हो रहे खुलेआम अन्याय के खिलाफ भाकियू ने मंडी प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों पर सीधे तौर पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। भाकियू का कहना है कि जब मंडी में ही किसानों को लूटा जा रहा हो और वहीं नेता-मंत्री विजिट के दौरान सिर्फ रसगुल्ले खा रहे हों तो अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि हालात कितने खराब हैं। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने बताया कि गेहूं सीजन में किसानों की लूट को रोकने के लिए यूनियन ने विशेष कमेटियों का गठन किया है। बुधवार को भाकियू की टीम ने करनाल व कुंजपुरा मंडियों का दौरा किया। टीम ने अपना डिजिटल कांटा साथ ले जाकर मौके पर ही तुलाई की जांच की। जांच में खुलासा हुआ कि करनाल की मंडी में प्रति कट्टा 500 से 800 ग्राम तक गेहूं अधिक तौला जा रहा था। थानेसर मंडी में यह अंतर 5 से 11 किलो तक पाया गया। रतनमान ने कहा कि थानेसर मंडी में तो न तो एजेंसी का कोई अधिकारी मिला और न ही मार्केट कमेटी का कोई प्रतिनिधि। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नापतौल विभाग से पास कराए गए कांटों में बाद में दाना फंसा दिया जाता है।

# देश की युवा शक्ति ही देश के भावी भविष्य: डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : देश की युवा शक्ति** ही देश के भावी भविष्य, प्रगति व उत्थान का मजबूत स्तंभ होती है, चाहे कोई भी देश हो, यह हर उस देशवासी के संदर्भ में होती है। युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान है तो भूतकाल और भविष्य काल के सेतू भी हैं। युवा देश और समाज के जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। युवा हमारे राष्ट्र भविष्य हैं तथा




जनसंख्या के सबसे गतिशील खंड का प्रतिनिधित्व भी करते है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों के सवार्गीण विकास के निमित्त आयोजित द्वि दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन अवसर पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये।कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रवंदना से हुआ। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस इस ग्रीष्मकालीन शिविर मे छात्रा हुनर, छात्रा भावना धीमान, छात्रा खुशी गर्ग, छात्र स्मित और छात्र चिराग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें टैलेंट हंट, पौधारोपण, हैंड प्रिंटिंग, नाटक, म्यूजिकल चेयर, बैलून बैलेंसिंग और क्विज प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। सभी गतिविधियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हर गतिविधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ह्यस्टार विनरह्व के रूप में सम्मानित किया गया, जिनमें कार्तिक सिंघानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा कार्तिक अरोड़ा, जीत सिंह गिल, हनी सिंह और मनीष ने सराहनीय प्रदर्शन किया। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियो के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा इतिहास गवाह है कि आज तक दुनिया में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रहे हों, उनके मुख्य आधार युवा ही रहे हैं।

# ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा से महिलाओं की यात्रा होगी सुरक्षित: वरुण सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा पुलिस** की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा, महिलाओं को डायल-112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम बनाएगी। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बताया कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को 112 पर कॉल कर वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण



के साथ-साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा।
यात्री की निगरानी हरियाणा डायल-112 द्वारा हर आधे घंटे के उपरांत आवेदक को कॉल करके की जाएगी। आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम ईआरवी को भेजा जाएगा व यात्री द्वारा सांझा किए गए आपातकालीन नंबर पर भी संपर्क किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सफर करते समय युवतियां व महिलाएं टैक्सी व अन्य साधन में बैठते ही अपने घर पर अपने परिचितों से मोबाइल कॉल पर बात करती हैं। लेकिन अब महिलाओं की ट्रिप को पुलिस भी मॉनिटर करेगी ताकि इस दौरान इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई अपराध न हो। महिलाओं से अपील है कि वे अपनी यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा दी जा रही ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा का प्रयोग करे।

# राजधानी महाविद्यालय में अन्तर-महाविद्यालयीय योग चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** राजधानी महाविद्यालय में 'अन्तर्मन' योग और ध्यान समिति द्वारा आयोजित अन्तर-महाविद्यालयीय योग चित्रकला प्रतियोगिता ने कलात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक शान्ति का अद्भुत माहौल बनाया। महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में हुए, इस अनूठे आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वन्दना और विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ, जिसके बाद प्राचार्य प्रो. दर्शन पाण्डेय ने अपने





प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सफलता के लिए समय के महत्त्व पर जोर दिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने योग के विभिन्न आसनों और आध्यात्मिक पहलुओं को अपने चित्रों में जीवन्त रूप दिया। कार्यक्रम के न्यायाधीश प्रो. सुरुचि गौतम और डॉ. अमित कुमार ने प्रतिभागियों को आवश्यक निर्देश दिए और दो घंटे तक चली इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी कल्पना को कैनवास पर उतारा। इस रचनात्मक प्रतिस्पर्धा में राजधानी महाविद्यालय की टीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अरबिंदो महाविद्यालय की काजल द्वितीय और राजधानी महाविद्यालय की ही पल्लवी तृतीय स्थान पर रहीं। मिरांडा हाउस महाविद्यालय की अनुष्का को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

"अन्तर्मन" योग एवं ध्यान समिति के पिछले आयोजनों की एक झलक दिखाने वाले वीडियो ने सभी को पुरानी यादें ताजा कर दीं। कार्यक्रम के अन्त में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जहाँ विजेताओं को नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को उनकी कलात्मक प्रतिभा के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. नरेश वर्मा ने सभी आयोजकों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। राजधानी महाविद्यालय की यह योग चित्रकला प्रतियोगिता न केवल एक कलात्मक आयोजन थी।

# नरेला के प्रमुख गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश साध का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नरेला क्षेत्र के** प्रमुख गणमान्य नागरिक एवं नरेला की साध संगत के प्रमुख भाई ओमप्रकाश साध का 4 अप्रैल 2025 को 88 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। इस क्षेत्र के विकास के लिए यह रेलवे की नौकरी के साथ-साथ समाज सेवा भी करते रहे। रिटायर होने के उपरांत यह सारा जीवन समाज को न्योछावर कर समाज सेवा में जुटे रहे। इनकी नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग से अच्छे-अच्छे अधिकारी उनकी बात मान जाते थे। इनका क्षेत्र की सभी जात बिरादरियों में अच्छा तालमेल रहता था। अपने पूर्वजों की स्मृति में हर साल दिवाली और होली पर उनकी समाधि पर



भव्य हवन और भंडारे की परंपरा इन्होंने चलाई हुई है। इसमें उनके परिवार के अलावा नरेला क्षेत्र की पूरी साध संगत इसमें सक्रिय हिस्सेदारी कर भरपूर सहयोग देती रही है। दिनांक 16 अप्रैल 2025 को उनके निवास पर एक हवन पवित्र ब्रह्म भोज एवं पगड़ी रस्म का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में दूर दराज के सैकड़ो वरिष्ठ नागरिकों गणमान्य नागरिकों ने भागीदारी की। पगड़ी रसम में लगभग 90 वर्षीय भाई रामचंद्र साध एवं कलमकार राजवरत ने उनके सुपुत्र रवि प्रकाश को जिम्मेदारी की पगड़ी सौंप करअपना कर्तव्य निभाने की हिदायत देते हुए पूरा करें और उनकी परंपराओं को निरंतर जारी रखें। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में राजपाल साध, बालकिशन साध, राकेश मुकेश साध, मुकेश कुमार, तेज सिंह निरवाल, वेद निरवाल, प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह, एडवोकेट हर्षवर्धन, जसवंत हीर माजरा , सुल्तान चोपड़ा, रिसाल सिंह खत्री, विष्णु स्वामी, डाल चंद शर्मा, बलजीत सुमन आदि मौजूद थे।

# अग्रोहा विकास ट्रस्ट ने किया वैश्य समाज के विधायकों का अभिनन्दन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित शाह ऑडिटोरियम में दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट के द्वारा वैश्य समाज की यशस्वी प्रथम महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार रेखा गुप्ता के अतिरिक्त सांसद चांदनी चौक प्रवीण खंडेलवाल, दिल्ली से वैश्य समाज से विधायक तिलक राम गुप्ता, अशोक गोयल, अजय महावर, डॉ अनिल गोयल व संजय गोयल, पूर्व विधायक जय भगवान अग्रवाल, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग अध्यक्ष मीणा गुप्ता, सुभाष गोयल, सुमन प्रमुखता से उपस्थित रहे।
अग्रोहा विकास ट्रस्ट की तरफ से






ट्रस्ट के अध्यक्ष नन्द किशोर गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से सभी उपस्थितजन का स्वागत किया।
इस अवसर पर अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट नरेला की तरफ से भी मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार रेखा गुप्ता का सम्मान प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र द्वारा किया गया। अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट नरेला से प्रमुखता से हेमराज बंसल, कृष्ण बंसल, मनोज बंसल, विद्या सागर बंसल, विकास बंसल, प्रदीप बंसल, निपुण गुप्ता, संजीव भालोठिया व विपिन मंगला उपस्थित रहे।
इस अवसर पर हेमराज बंसल ने कहा कि रेखा गुप्ता का देश की राजधानी दिल्ली का मुख्यमंत्री बनना समस्त अग्रवाल वैश्य समाज के लिये गौरव की बात है तथा हम उम्मीद करते है कि रेखा गुप्ता न केवल वैश्य समाज का अपितु समस्त राष्ट्र का सम्मान बढ़ायेंगी।

# फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वाल्मीकि ने किया दो दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/पंजाबः ऑल** इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वाल्मीकि ने दो दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया भी पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष नवीन वाल्मीकि व उनकी पूरी टीम से मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश के पदाधिकारियो ने फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया का सम्मान किया। इस मौके पर पंजाब के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया के समक्ष कई समस्याएं रखीं और संगठन का





किस प्रकार से पंजाब में और अधिक विस्तार किया जाये इस पर भी विचार रखें। इस मौके पर रती राम, रवि टिकाऊ, संजीव कालूराम, प्रहलाद राव, संजय सांवरिया, कुलदीप, जसवंत, कृष्ण कुमार, रणजीत सिंह, गौरव निधानिया, दीपक पार्चा इन सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें। इस मौके परऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया, ओम दत्त चंडालिया, राजेश बेनीवाल, नरेश कीर, अनिल कुमार, जगदीश, सुनील खेरालिया, राजेंद्र गोगलिया सहित कई लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना होगा और संगठन की नीतियों व कार्यों को समाज तक पहुंचना होगा और समाज की समस्याओं का समाधान करवाना होगा, जिससे की समाज के लोगो को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर दिल्ली से आये हुए कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

# राधेश्याम हसीन हुए जय शंकर प्रसाद गौरव सम्मान से सम्मानित





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः आर. डी.** काव्यकुल संस्था, दिल्ली तथा जिया साहित्य कुटुम्ब, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में 'हरिद्वार काव्य महोत्सव-द्वितीय 'का आयोजन शिवानंद आश्रम, भूपतवाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश के मशहूर शायर राधेश्याम हसीन ने शिरकत की। इस अवसर पर हसीन को 'जयशंकर प्रसाद गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षा डॉ. निशा शर्मा( असिस्टेंट प्रोफेसर गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय) मुख्य संयोजक डॉ. रंजीत शर्मा थे। समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोकप्रिय कवि-कवयित्रियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशा-निर्देश पर त्रिनगर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सतेन्द्र शर्मा और सभी ब्लॉक अध्यक्षों, नगर निगम प्रत्याशी और अन्य गणमान्य पदाधिकारी के साथ संगठन के बारे में चर्चा करते हुए आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव।

# कांग्रेस पार्टी मात्र राजनीतिक दल ही नहीं एक विचारधारा हैः आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः कांग्रेस मात्र** राजनीतिक दल ही नहीं एक विचारधारा है, जिससे प्रभावित लोग अपने आप कांग्रेस से जुड़ने लगते हैं।
यह बात करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने उस वक्त कही जब जिला कार्यालय पर जिला ऑब्जर्वर पी के मिश्रा और लक्ष्मण रावत की उपस्थिति में गोकुलपुर विधानसभा से पूर्व निगम प्रत्याशी नरेश पाल के नेतृत्व में और झड़ौदा वार्ड से देवेंद्र कुमार और रेखा के नेतृत्व में पंकज धीरन, अमित कुमार, रीता, गुंजन, संगीता, बेबी, रेखा देवी, शाहनाज, अटारी बेगम, नूरजहां के साथ दो दर्जन से भी ज्यादा लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दिल्ली के







कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी सभी सदस्यों को कांग्रेस ज्वाइन करने की शुभकामनाएं और बधाई संदेश देते हुए कहा कि आज जिस तरह से बड़ी संख्या में महिला साथियों ने पार्टी ज्वाइन की है उससे साफ हो जाता है कि कांग्रेस ही महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। आजादी से आज तक कांग्रेस ने महिलाओं के हक और हकूक लड़ाई में अग्रणीय भूमिका निभाई है और आगे भी निभाएगी। आदेश भारद्वाज, पी के मिश्रा और लक्ष्मण रावत ने भी संदेश देते हुए कहा कि यह नए सदस्य पार्टी की जनहितैषी नीतियों और धर्मनिरपेक्ष, समावेशी विचारधारा के प्रति आकर्षित हुए हैं।
कांग्रेस अपनी एकता को मजबूत करने के लिए सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और सभी वर्गों के कल्याण पर जोर दे रही है। बड़ी संख्या में लोगों का कांग्रेस से जुड़ने का कदम न केवल पार्टी की पहुंच को बढ़ाता है, बल्कि दिल्ली में एकजुटता और समान लक्ष्यों के साथ जनता के बीच विश्वास को भी प्रबल करता है। उन्होंने दिल्ली की भाजपा सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार पर जनता की उपेक्षा और वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उनका कहना था कि भाजपा ने दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने, बेरोजगारी कम करने और बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने के वादों को पूरा करने की कोई पहल नहीं की।
इसके बजाय, सरकार का ध्यान केवल प्रचार और राजनीतिक लाभ पर है। जिला कांग्रेस ने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के कल्याण में विफलता का भी आरोप लगाया, साथ ही जनता से एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ आवाज उठाने की अपील भी की।

# यूनिवर्सिटी की लापरवाही से हिंदू कॉलेज के 2200 से अधिक परिक्षार्थी फेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबादः महात्मा** ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के जारी स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम में को-कॅरिकुलम विषय के अंक हजारों विद्यार्थियों की अंकतालिका पर नहीं चढ़े हैं। यूनिवर्सिटी की इस लापरवाही से हिंदू कॉलेज के करीब 2200 से अधिक परिक्षार्थी फेल हो गए हैं। अन्य कॉलेजों में भी यही स्थिति है। कॉलेजों ने सुधार के लिए विद्यार्थियों से अंक तालिकाओं के साथ 18 अप्रैल तक आवेदन मांगे गए हैं, जिससे समस्या का समाधान करवाया जा सके। तीन अप्रैल से विश्वविद्यालय ने स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी करना शुरू किया था, लेकिन जब विद्यार्थियों ने परिणाम देखा तो वह दंग रह गए। हिंदू कॉलेज के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में 1400, तृतीय सेमेस्टर में 600 और पांचवें सेमेस्टर में 200 विद्यार्थियों के परिणाम में गलतियां हैं। यही स्थिति शहर के अन्य कॉलेजों की है। हिंदू कॉलेज के परीक्षा प्रभारी प्रो. जेके पाठक ने बताया कि परिणाम में सुधार के लिए विद्यार्थियों से आवेदनपत्र जमा करवा रहे हैं। 18 अप्रैल को शाम 5 बजे तक



**लापरवाही**

▶▶ परीक्षाओं के परिणाम में को-कॅरिकुलम विषय के अंक हजारों विद्यार्थियों की अंकतालिका पर नहीं चढ़े

विद्यार्थी अंकतालिका के साथ प्रार्थनापत्र जमा कर सकते हैं। गुरुवार दोपहर तक 32 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। 19 अप्रैल को कॉलेज से एक कर्मचारी आवेदन लेकर विश्वविद्यालय जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो।
केजीके कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुनील चौधरी ने बताया कि गुरुवार दोपहर तक 30 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। कुल कितने विद्यार्थियों के परिणाम में समस्या है, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। जिस तरह से विश्वविद्यालय ने आवेदन मांगे हैं, उससे जाहिर है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस परिणाम से प्रभावित हुए हैं।
बीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र अभिनव कुमार सिंह ने बताया कि उनका परिणाम विश्वविद्यालय ने तीन अप्रैल को दोपहर तीन बजे जारी किया था। राजनीति विज्ञान में उनके 100 में से 77 अंक हैं और समाजशास्त्र में सौ में से 78 अंक हैं।

# डीएफओ हवाई अड्डे के परिचालन क्षेत्र में जंगली जानवरों को पकड़े : कमिश्नर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबादः मंडलायुक्त** आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हवाई क्षेत्र पर्यावरण प्रबंध समिति की बैठक कमिश्नर सभागार में गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक में कमिश्नर ने मुरादाबाद एयरपोर्ट की तरफ आने-जाने वाले मार्गों पर प्रकाश की व्यवस्था कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।
मण्डलायुक्त ने हवाई अड्डे के परिचालन क्षेत्र में जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए उचित कार्यवाही करने के डीएफओ को निर्देश दिए। बैठक में विमान की लैडिंग टेकआफ के दौरान होने वाली पक्षी-जानवरों से उत्पन्न घटनाओं के संबंध में चर्चा की गयी। इस विषय पर विचार विमर्श कर हवाई अड्डे के 10 से 15 किलोमीटर के दायरे में कोई जलाशय, बूचड़खाना, मृत जानवरों के शव-



कचरा आदि न होने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक को हवाई क्षेत्र से 10 से 15 किलोमीटर की परिधि में साफ-सफाई एवं कचरा प्रबंधन पर भी बेहतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। हवाई अड्डे के आसपास स्थित तालाबों में छिड़काव एवं सफाई करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। जिला विमानपत्तन के निदेशक ने बताया कि हवाई अड्डे के अन्दर घास को काटने का कार्य जारी है। बैठक में लैडिंग, टेकआफ के दौरान होने वाली पक्षी, जानवरों से उत्पन्न घटनाओं के संबंध में, हवाई क्षेत्र के 10-15 किलोमीटर परिधि के क्षेत्र में साफ-सफाई संबंधित, हवाई अड्डे के पास तेजी से बढ़ने वाले पेड़ों से संबंधित, कचरा प्रबन्धन संबंधित इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### हंगामा ओटीटी सीरीज हसरतें का दूसरा सीजन रिलीज

**नई दिल्ली।** हंगामा ओटीटी प्लैटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाली ओरिजनल सीरीज हसरतें के पहले सीजन की शानदार सफलता के बाद अब आ रहा है इसका दूसरा सीजन। देश के सबसे लोकप्रिय डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लैटफॉर्म में शुमार हंगामा डिजिटल मीडिया ने अपनी उस सीरीज के दूसरे सीजन की घोषणा की जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था और यह लोकप्रिय सीरीज है- हसरतें-2। यह सीरीज एक साथ कई कहानियों या एपिसोड का गुलदस्ता है।
17 अप्रैल 2025 से शुरू होने वाली इस सीरीज के दो एपिसोड इस दिन जारी कर दिए जाएंगे और अपने सीजन-2 के साथ यह सीरीज दर्शकों को महिलाओं की भावनात्मक, अंतरंग और अनकही दुनिया में ले जाएगी। यह महिलाओं की इच्छाओं, पहचान और आजादी के सफर से आपको रूबरू करवाएगी। इस हसरतें-2 सीरीज को शाकुंतलम टेलीफिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इसके निर्देशक हैं वैभव सिंह और अंशुमान के. सिंह। इस नए सीजन में छह कहानियां हैं। हर कहानी बोल्ड, झकझोरने वाली और सच्चाई के करीब है। इस सीरीज के सीजन-1 ने अपने कंटेन्ट, महिलाओं के मन की दुनिया को सही तरीके से दिखाकर देशभर के दर्शकों का दिल जीता था। लाखों दर्शकों के प्यार और उनसे मिलने वाले रिव्यू से यह साफ हुआ है कि हसरतें ने उन कहानियों को सामने लाने की कोशिश की है जो अनकही रह जाती हैं। अब हसरतें-2 के साथ एक कदम और आगे जाने की तैयारी है क्योंकि यह नई सीरीज बनी हुई सीमाओं से आगे की कहानी लाएगी, रूढ़ियों को चुनौती देगी और जरूरी विमर्श के लिए माहौल बनाएगी।
यह सीरीज तीन हिस्सों में रिलीज होगी। पहले दो एपिसोड 17 अप्रैल को रिलीज होंगे, अगले दो एपिसोड 24 अप्रैल को और आखिर के दो एपिसोड 30 अप्रैल को। ये सभी एपिसोड सिर्फ हंगामा ओटीटी पर ही रिलीज होंगे।

### ऑकेरा ने नोएडा में नए स्टोर का उद्घाटन किया

**नोएडा।** भारत के अग्रणी लैब-ग्रोन (प्रयोगशाला में निर्मित) डायमंड ज्वैलरी ब्रांड ऑकेरा ने नोएडा में अपना नया स्टोर खोलकर उत्तर भारत में विस्तार किया है। इसके साथ ही अब ऑकेरा के बैंगलुरु, हैदराबाद और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कुल दस स्टोर हो गए हैं, जो लैब-ग्रोन डायमंड ज्वैलरी मार्केट में ब्रांड की निरंतर वृद्धि और बढ़ते प्रभाव को दशार्ते हैं। नया लांच किया गया यह स्टोर नोएडा के सेक्टर 18 के प्रतिष्ठित शॉपिंग डेस्टिनेशन में मौजूद है, इसका पता हैः वेव वन मॉल, सेक्टर 18, नोएडा; यह स्टोर 2,000 वर्ग फुट में फैला है। ऑकेरा के रिटेल ऐस्थेटिक्स के अनुरूप यह स्टोर ब्रांड के लालित्य, परिष्कार और समकालीनता के सिद्धांतों को सहजता से दशार्ता है, जिसमें मिनिमलिस्टिक डेकॉर के साथ आभूषणों को केंद्र में रखा गया है। यह स्टोर सॉलिटेयर एंगेजमेंट रिंग, ब्राइडल सेट, नेकलेस, इयररिंग्स के साथ-साथ ब्रांड की सिग्नेचर लाइन इकोज ऑफ चॉइस और हाल ही में लांच किए गए अक्षय तृतीया स्पेशल इनफिनिटी डायमंड कलेक्शन का बेहतरीन संग्रह प्रस्तुत करता है, जिनमें समृद्धि और सौभाग्य के लिए नो-दोषम डायमंड शामिल है। स्टोर लांच के अवसर पर ऑकेरा की संस्थापक और सीईओ लिसा मुखेदकर ने कहा, उत्तर भारत में विस्तार करना हमारे ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक प्राथमिकता है। एनसीआर ट्रेंडसेटर कम्यूनिटी का इलाका है, यहां ऐसे लोग बसते हैं जो स्टाइल के मामले में आगे रहते हैं, और परम्परा और इनोवेशन दोनों को सराहना जानते हैं। उत्तर भारत आभूषण बाजार का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है और विकास के नजरिए से बहुत अहम भी है। यहां की बड़ी आबादी आभूषणों के मामले में जागरुक है और यहां के लोगों का अपनी संस्कृति से गहरा जुड़ाव है, इसलिए यह बाजार हीरे के आभूषणों के लिए अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, इस शहर का रुतबा लक्जरी और जीवन शैली के हब के तौर पर है जो इसे ऑकेरा जैसे ब्रांड के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। यहां पर आधुनिकता और समय से परे कायम रहने वाले लालित्य का संगम देखने को मिलता है। आईजीआई का ग्लोबल स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन दशार्ता है कि ऑकेरा ब्रांड प्रामाणिकता पर कितना जोर देता है, ताकि ग्राहक प्रामाणिकता और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों के बारे में सुनिश्चित हो सकें।

### चंद्रशेखर की जयंती पर बलिया से दिल्ली तक हुए आयोजन

**बलियाः पूर्व** प्रधानमंत्री रहे प्रखर समाजवादी जननायक स्व. चंद्रशेखर की जयंती पर गुरुवार को उनके गृह जिले बलिया से लेकर दिल्ली तक उनकी समाधि स्थल समेत विभिन्न आयोजन हुए। इस अवसर पर कहीं सर्वधर्म प्रार्थना सभा की गई, तो कहीं मरीजों में फल वितरित किए गए। देश की राजधानी दिल्ली स्थित राजघाट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की समाधि पर कई बड़े राजनेताओं और बड़ी हस्तियों ने श्रद्धांजलि दी। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व पूर्व मंत्री नारद राय समेत सैकड़ों लोगों ने दिल्ली पहुंचकर जन प्रिय नेता की समाधि पर पुष्प अर्पित किए।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों के परिजनों ने किया प्रदर्शन

## पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी से की न्याय की गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः पांडेयपुर** निवासी एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपितों के परिजनों ने गुरुवार को वाराणसी जिला मुख्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले में निर्दोष लोगों को झूठे आरोपों में फंसाने और पुलिस कार्रवाई की आड़ में उत्पीड़न करने का आरोप लगाया।
प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल महिलाएं और बच्चों ने कहा कि पुलिस बिना उचित जांच के कुछ निर्दोष युवकों को दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कमिश्नर और




जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पीड़िता की ओर से कुछ अनुचित मांगें की गई थीं, जिन्हें पूरा न करने पर कुछ युवकों के नाम जानबूझकर

**मांग**

▶▶ निर्दोष लोगों को झूठे आरोपों में फंसाने और पुलिस कार्रवाई की आड़ में उत्पीड़न करने का आरोप लगाया

एफआईआर में जोड़ दिए गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि जिन लोगों ने उसकी मांगें मान लीं, उनके नाम शिकायत में नहीं जोड़े गए। वहीं, इस मामले में लालपुर-पांडेयपुर पुलिस ने 14वें आरोपी राज खान को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। राज खान मूल रूप से नरपतपुर डुबकियां का निवासी है और वर्तमान में हुकुलगंज में रह रहा था। एसीपी कैंट विदुष सक्सेना ने बताया कि अब तक इस मामले में कुल 14 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस शेष 9 अज्ञात आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल को इस मामले में थाने में 12 नामजद और 11 अज्ञात लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# टेक होम राशन प्लांट का उपमुख्यमंत्री केशव ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में गुरुवार को अनौरा कला गांव में टेक होम राशन प्लांट का निरीक्षण किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन (एसपीएमआरएम) के अंतर्गत संचालित टेक होम राशन प्लांट के निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव ने वहां कार्यरत महिलाओं से वार्ता की। प्लांट में कामकाज को लेकर महिलाओं ने मशीनों के उपयोग, खाद्य की पैकेजिंग को लेकर तमाम जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने कहा कि टेक होम राशन प्लांट देखकर सुखद अनुभव प्राप्त हुआ।
इसमें कार्यरत प्रेरणा एसआरएलएम की प्रतिभावान बहनों से मुलाकात प्रेरणा देने वाली भेंट रही। कार्यरत बहनें आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए पोषाहार उत्पादन कर रही हैं। भविष्य में इनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का कार्य हम करेंगे। बहनों के सपनों को और ऊंचाइयां देने के लिए अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देशित किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने सोलर प्लांट का भी निरीक्षण किया और आने वाले वक्त में सोलर की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सोलर का उपयोग शुरू करना चाहिए। इससे घरेलू बिजली क्षेत्र में अच्छी बचत होगी। सोलर के उपयोग से बहुत सारे फायदे हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुड़ें और सोलर को अपनाएं।

### सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से टकराई बाइक, दो की मौत

**कानपुरः शिवराजपुर** थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे में बाइक सवार दोस्तों की मौत हो गई। शिवराजपुर थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि कानपुर से दो बाइक सवार अपने घर कन्नौज जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक से कानपुर-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमनी निवादा गांव के पास से गुजर रहे थे तभी सड़क पर खड़े एक डंपर में पीछे से जा घुसे। दोनों ही बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र निवासी शैलेंद्र (25) और निखिल यादव (27) के रूप में हुई है।

# जनता की समस्याओं को सुनें अधिकारीः सीएम

## हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येयः मुख्यमंत्री-योगी ने जनता दर्शन कार्यक्रम में हर पीड़ित के पास पहुंचकर सुनीं उनकी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूर्वाह्न 10 बजे से सभी अधिकारी कार्यालय में बैठें और जनशिकायतों को सुनें। स्थानीय शिकायतों का समाधान जनपद स्तर पर ही कराया जाए। जो समस्याएं शासन स्तर से निस्तारित होनी हैं, उन्हें ही यहां भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 125 से अधिक पीड़ितों की समस्याओं को सुना और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।
जनता दरबार में चंदौली से आए दो युवकों को मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक भी दी। साथ ही अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों को पुचकारा और गोद में लेकर खिलाया और उन्हें चॉकलेट भी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण सरकार की विशेष प्राथमिकता है। अफसरों से कहा कि पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाकर

**आदेश**

▶▶ पूर्वाह्न 10 बजे से सभी अधिकारी कार्यालय में बैठें और जनशिकायतों को सुनें

चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में चंदौली से दो दिव्यांग युवक भी अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं, फिर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चंदौली के राजेश व चंद्रशेखर को इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक प्रदान की। इस दौरान कुछ पीड़ितों के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें देख मुख्यमंत्री ने दुलारा-पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी।
अफसरों को दिया प्रार्थना पत्र, समय से निस्तारण के निर्देशमुख्यमंत्री ने जनता दरबार में मौजूद शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को जनता की शिकायतों के प्रार्थना पत्र सौंपते हुए इसके समय से निस्तारण के निर्देश दिए।

# महोबा पत्थर मंडी में गहराया जल संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**महोबाः देश** की सबसे बड़ी पत्थर मंडी में शुमार उत्तर प्रदेश के महोबा जिले की कबरई में 40 हजार से ज्यादा की आबादी पानी के लिए घंटों मशक्कत करने को परेशान हैं। नगर पंचायत के टैंकरों से वार्डों में पानी की सप्लाई की जा रही है जो ऊँट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। कई बार पानी के लिए लोगों का आपस में विवाद भी हो जाता है। गर्मी में बढ़ते तापमान के बीच अब पेयजल का संकट गहराने लगा है। कबरई कस्बा के मुहाल राजेंद्र नगर, इंद्रा नगर, आजाद नगर, सुभाष नगर, भगत सिंह नगर, जवाहर नगर और विशाल नगर समेत अन्य मुहालों में पानी की



भयाभय स्थिति हो रही है। गुरुवार को कस्बा निवासी मुन्ना लाल, रामकिशोर, श्यामलाल, विनय सिंह, अरविंद समेत अन्य लोगों ने बताया कि लोगों की प्यास बुझाने के लिए नगर पंचायत के टैंकरों से जल की आपूर्ति की जा रही है जो कि नाकाफी है।पानी टैंकर पहुंचते ही लोग पानी भरने के लिए टूट पड़ते हैं। देखते ही देखते मिनटों में पूरा टैंकर खाली हो जाता है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि कस्बे में पानी की समस्या को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वार्डों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है। समस्या के निस्तारण के लिए पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है, जिससे जल्द ही जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उदासीनता के चलते जल संकट से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पानी को लेकर लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से बिगड़ चुकी है।
लोग पानी के चक्कर में अपना काम धंधा छोड़ने को मजबूर हैं। जल संकट गहराने के कारण यहां के युवाओं की शादियाँ भी प्रभावित हो रही है। बेलगाम खनन से बिगड़ रहा प्राकृतिक संतुलन

# मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश पर विपक्ष की चुप्पी पर योगी ने कसा तंज

## एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों और विपक्ष पर किया प्रहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर प्रदेश में भ्रष्टाचार, जातिवाद और माफियावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने योजनाओं में घोटाले कर लंदन में होटल बनाए, वही लोग प्रदेश को लूटने और जातियों में बांटने के लिए जिम्मेदार हैं। गुरुवार को यहां एक मीडिया समूह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुर्शिदाबाद की घटना का जिक्र करते मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष की चुप्पी पर तंज कसा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग, जिन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद, माफियावाद और परिवारवाद से अपना साम्राज्य खड़ा किया, वही लोग अब मुर्शिदाबाद जैसे मामलों पर मौन हैं। बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है। जो हाल आज मुर्शिदाबाद का है, वो कभी यूपी के शहरों का होता थामुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने यूपी को दंगा और माफिया

**साधा निशाना**

▶▶ परिवारवाद से अपना साम्राज्य खड़ा किया, वही लोग अब मुर्शिदाबाद जैसे मामलों पर मौन हैं

मुक्त बनाया है। पहले हर जिले में माफिया पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करते थे, ठेके लेते थे, दंगे करवाते थे और महिलाओं व व्यापारियों को परेशान करते थे। लोग त्योहारों पर सशंकित रहते थे। अब यूपी में त्योहार शांतिपूर्ण और भव्यता के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो हाल आज मुर्शिदाबाद का है, वही कभी यूपी में मुजफ्फरनगर, बरेली, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे शहर का हुआ करता था। मुख्यमंत्री ने पूर्वी यूपी में इंसेफलाइटिस जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों में इस बीमारी से 50 हजार बच्चों की मौत हुई। इनमें से ज्यादातर बच्चे अल्पसंख्यक समाज के होते थे, लेकिन किसी नेता के आंसू नहीं बहे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी इंसेफलाइटिस बीमारी पर ध्यान नहीं दिया, क्योंकि बच्चे वोट बैंक नहीं होते। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया होते थे, आज वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज हैं और प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। योजनाओं के पैसे लूटकर बनाए लंदन में होटलमुख्यमंत्री योगी ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का उदाहरण देते हुए बताया कि वर्ष 2016 में बिना किसी तैयारी के इसका शिलान्यास कर दिया गया। तब 15,200 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट अनियमितताओं से भरा था।

# फिल्म भूल चुक माफ से लव सॉन्ग कोई ना रिलीज किया!

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अपने ट्रैलर के लिए खासी चर्चा बटोरने के बाद दिनेश विजान और मैडॉक फिल्म्स की नई फिल्म भूल चूक माफ अपने पहले गाने कोई ना की रिलीज के साथ फिर से चर्चा में है। इस रोमांटिक कॉमेडी का सभी को बेसब्री से इंतजार है। इसके टीजर ने दर्शकों को इस बेहतरीन फिल्म की झलक दिखाकर उनकी उत्सुकता बढ़ा दी है। शानदार फिल्म निमार्ता और निर्देशक दिनेश विजान की पेशकश यह फिल्म भूल चूक माफ मैडॉक फिल्म्स की शानदार और नई कहानी पेश करने करने वाली फिल्मों की कड़ी में नया नाम है। कोई ना इस फिल्म भूल चूक माफ की रोमांटिक कहानी को बहुत अच्छे से पेश करता है। यह गाना हमें रंजन और तितली की दुनिया की झलक भी दिखाता है। यह एक प्रेम गीत है जो प्रेम में नजरों के मिलने, बनने वाले नाजुक पलों और प्रेम के शुरू होने को खूबसूरती से पेश करता है। इस गाने के खूबसूरत बोल और शानदार सिंगिंग की वजह से यह गाना फिल्म का मुख्य आकर्षण बन गया है। इस फिल्म को करिश्माई संगीतकार तनिष्क बागची और गिफ्टी ने तैयार किया है। इसके बोल इरशाद कामिल के हैं और इसे प्रोड्यूस किया है तनिष्क बागची और गणेश वाघेला ने। इस गाने को हरनूर और श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज से सजाया है। इन सभी ने मिलकर इस गाने में प्रेम की केमेस्ट्री और उसकी खूबसूरती को पेश किया है। इस गाने का म्यूजिक वीडियो देखने वालों को निश्चित ही पसंद आएगा, इसमें नटखटपन है, राजकुमार और वामिका के बीच के प्रेम के नाजुक पल हैं और इसलिए यह गाना दर्शकों को इन दोनों के प्रेम की दुनिया में ले जाता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### दिल्ली में पारा 40 डिग्री के पार

**नई दिल्ली:** देश के ज्यादातर राज्यों में दिन के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 3-4 डिग्री ज्यादा है। वहीं, न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक उत्तर भारत में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 16 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाड़ी में भी चक्रवाती स्थितियां बनी हुई हैं। अगले कुछ दिनों में बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में बारिश की उम्मीद है। राजस्थान में 19 अप्रैल से हीटवेव खत्म होने जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार 17 और 18 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश की संभावना, 17 से लेकर 23 अप्रैल तक पूर्वोत्तर राज्यों में होगी जबरदस्त बारिश होने की संभावना है। 19 अप्रैल को राजस्थान और 18 अप्रैल को सौराष्ट्र और कच्छ में उष्ण लहर की स्थिति कम होने की संभावना है।

### विकास के नक्शे पर और निखरेगा गोरखपुर

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को विकास के नक्शे पर सतत निखारने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में वह शनिवार को गोरखपुर को करीब 1500 करोड़ रुपये की लागत वाली 147 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपये की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

# मुर्शिदाबाद हिंसा पर विपक्ष हुआ बेनकाब: योगी

## पहले यूपी के शहर भी मुर्शिदाबाद की तरह ही दंगों की आग में जलते थे: सीएम योगी

**विपक्ष को घेरा**

**▶▶ कहा, योजनाओं में भ्रष्टाचार करके लंदन में बने हैं इनके होटल, हर जिले में माफिया चलाते थे पूरी व्यवस्था,**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। सीएम योगी ने अपनी सरकार में हुए राज्य के विकास, बुनियादी ढांचे और माफिया मुक्त शासन की उपलब्धियां गिनाईं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर प्रदेश में भ्रष्टाचार, जातिवाद और माफियावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने योजनाओं में घोटाले कर लंदन में होटल बनाए, वही लोग प्रदेश को लूटने और जातियों में बांटने के लिए जिम्मेदार हैं। मुर्शिदाबाद की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने विपक्ष की चुप्पी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि ये लोग, जिन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद, माफियावाद और परिवारवाद से अपना साम्राज्य खड़ा किया, वही लोग अब मुर्शिदाबाद जैसे मामलों पर मौन हैं। बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है।

**जो हाल आज मुर्शिदाबाद का है वो कभी यूपी के शहरों का होता था**

सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने यूपी को दंगा और माफिया मुक्त बनाया है। पहले हर जिले में माफिया पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करते थे, ठेके लेते थे, दंगे करवाते थे और महिलाओं व व्यापारियों को परेशान करते थे। लोग त्योहारों पर सशंकित रहते थे। अब यूपी में त्योहार शांतिपूर्ण और भव्यता के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो हाल आज मुर्शिदाबाद का है वही कभी यूपी में मुजफ्फरनगर, बरेली, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे शहर के हुआ करते थे। मुख्यमंत्री ने पूर्वी इंसेफलाइटिस जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

### महाकुंभ ने पूरे देश में बदली यूपी को लेकर धारणा: सीएम योगी

सीएम योगी ने महाकुंभ 2025 की सफलता का जिक्र किया, जिसमें 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पुलिस के व्यवहार और व्यवस्थाओं ने सभी को प्रभावित किया। यूपी को भारत की आस्था का केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि यह राज्य देश को जोड़ने का काम करता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में 122 चीनी मिलें संचालित हो रही हैं, और पिछले आठ वर्षों में 2.80 लाख करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान किया गया है। खाद्यान्न उत्पादन में भी यूपी देश में अग्रणी है।

**संवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत**

सीएम ने लोकतंत्र के चार स्तंभों, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया को अपनी अपनी लक्ष्मण रेखा का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अधिकार के साथ साथ कर्तव्यों का भान होना भी बेहद जरूरी। भारत में लोकतंत्र इसलिए मजबूत क्योंकि इसके चारों स्तम्भ अपनी अपनी लक्ष्मण रेखा का पालन करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि संवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और यह कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां संवाद समाप्त होता है, वहीं से संघर्ष शुरू होता है, इसलिए हमें हर हाल में संवाद का मार्ग अपनाना होगा। कार्यक्रम में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, सलाहकार अवनीश अवस्थी और मीडिया समूह के वरिष्ठ अधिकारी व पत्रकारगण मौजूद रहे।

# उद्यमिता और रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा दें: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। व्यावसायिक, उद्यमिता एवं रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। उच्च शिक्षा से डिग्री प्राप्त करने के बाद युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उनके कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। गुरुवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशों में मानव संसाधन की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को विदेशी भाषा के साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाए। विदेशी दूतावासों से सम्पर्क कर विभिन्न देशों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए।

**विशेष ध्यान**

**▶▶ युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उनके कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए: सीएम धामी**

### राज्य में विधि-व्यवस्था की समीक्षा करे सरकार: चेंबर

**रांची:** राज्य में हरेक नियमित अंतराल पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और डीजीपी से सख्त कार्रवाई की अपील की है। चेंबर ने कहा है कि राज्य में विधि-व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए। चेंबर का कहना है कि किसी भी राज्य की राजधानी उसके विकास का पैमाना तय करती है, लेकिन राजधानी रांची में अपराधियों के बढ़ते मनोबल के कारण लोग भयभीत हैं।

# टेक्नॉलोजी के माध्यम से पारदर्शिता लाने का हुआ कार्य: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में 16 लाख स्मार्ट मीटर लगाकर टेक्नॉलजी के माध्यम से पारदर्शिता लाने का कार्य किया गया है। राज्य में इकॉनोमी और इकॉलोजी के बीच समन्वय बनाकर ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊर्जा निगमों के कार्मिकों की ओर से आयोजित स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस मौके पर उत्तराखण्ड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से ऊर्जा निगमों के कार्मिकों की




विभिन्न समस्याओं के समाधान करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभिनंदन की असली हकदार उत्तराखंड प्रदेश की जनता है, जिन्होंने प्रदेश की सेवा करने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को पॉवर सरप्लस राज्य बनाने के लिए सबको समन्वय के साथ आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार का राज्य सरकार को हर योजना पर सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार उत्तराखंड को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए संकल्पित है। बिजली उत्पादन के लिए लखवाड़ बांध परियोजना, जमरानी बांध बहुउद्देश्यीय परियोजना और देहरादून में आने वाले 50 सालों में पेयजल की समस्याओं को दूर करने के लिए सौंग बांध परियोजना पर कार्य गतिमान है। राज्य में अत्याधुनिक जीआईएस (गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन) उपकेंद्रों की स्थापना भी जारी है। उन्होंने कहा राज्य में 16 लाख स्मार्ट मीटर लगाकर टेक्नॉलजी के माध्यम से पारदर्शिता लाने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून शहर की बिजली लाइनें भूमिगत की जा रही हैं। यूपीसीएल की ओर से अत्याधुनिक ओटोमेटेड डिमान्ड रिसपॉन्स सिस्टम के उपयोग से ओवरड्राल की स्थिति पर रियल टाइम पर नियंत्रण कर हर वर्ष करोड़ो रुपए की बचत की है।

**प्रोत्साहन**

**▶▶ राज्य में इकॉनोमी और इकॉलोजी के बीच समन्वय बनाकर ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा**

### जनता दर्शन कार्यक्रम में दिखी मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता गुरुवार को उनके आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में देखने को मिला। जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से 112 नागरिक अपनी समस्यायें लेकर आये, जिसमें से विभिन्न जन समस्याओं के 88 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ने सभी की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये।

# ईडी के खिलाफ धरना प्रदर्शन में संवैधानिक पदों पर बैठे लोग हो रहे हैं शामिल: जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और क्रप्शन दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड अखबार की नींव आजादी से पूर्व वर्ष 1938 में ही रख दी थी। जिसके पहले संपादक पंडित नेहरू थे। इसके बाद एसोसिएट जनरल लिमिटेड के प्रकाशन समूह की ओर से नेशनल हेराल्ड के अलावा हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज नामक अखबार निकाले जाते थे। उन्होंने कहा कि भारत का अग्रदूत माने जाने वाला यह अखबार नेहरू परिवार और कांग्रेस की अगुवाई में भ्रष्टाचार का अग्रदूत बनकर रह गया। उन्होंने कहा कि जवहार लाल नेहरू के बाद इंदिरा और फिरोज गांधी ने नेशनल हेराल्ड अबखर की कमान संभाली। तत्तपश्चात राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने करीब दो हजार करोड़ की यह संपति



**साधा निशाना**

**▶▶ यह अखबार नेहरू परिवार और कांग्रेस की अगुवाई में भ्रष्टाचार का अग्रदूत बनकर रह गया**

हासिल की। जिसको लेकर वर्ष यूपीए की सरकार के दौरान सुब्रम्णयम स्वामी की ओर से 2012 में पटियाला हाउस कोर्ट में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी को आरोपी बनाया गया था। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल 2021 में ईडी ने इस बारे मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। उस दौरान भी कांग्रेस की ओर से ईडी के दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि यह मामला कितना गंभीर है इसको लेकर सरदार पटेल से लेकर कई स्वतंत्रता सेनानियों ने सवाल उठाए हैं। वहीं पर कांग्रेस देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर ईडी के दुरूपयोग की बात कर रही है, जो सही नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज देश जानना चाहता है कि मामला क्या है। आखिर क्यों ईडी के खिलाफ देश भर में कांग्रेस की ओर से धरने प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग जिनमें मंत्री और मुख्यमंत्री आते हैं भी ईडी के खिलाफ धरने प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री मामले को समझने की कोशिश नहीं कर रहे हैं और न ही वे किसी मामले को समझने की कोशिश करते हैं।

### मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से बम की धमकी ने प्रशासन और खुफिया एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। मंडी स्थित उपायुक्त कार्यालय को धमकी मिलने के साथ अब शिमला सचिवालय स्थित मुख्य सचिव कार्यालय को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे सचिवालय परिसर में हड़कंप मच गया है और सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से कड़ा कर दिया गया है।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने इसकी पुष्टि करते हुए गुरुवार को बताया कि यह धमकी एक अज्ञात ईमेल के माध्यम से दी गई है, जिसमें कार्यालय को बम से उड़ाने की बात कही गई है। यह ईमेल बुधवार रात करीब डेढ़ बजे प्राप्त हुआ। इसके बाद तुरंत बम डिस्पोजल टीम को सचिवालय भेजा गया। देर रात सचिवालय परिसर की गहन तलाशी ली गई लेकिन मौके पर कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।




**तपोभूमि** संतों की मंशा के अनुसार आधुनिकता के साथ प्राचीनता का भी रखा जाएगा ध्यान, यहीं लिखे गए थे पुराण

# नैमिषारण्य को भी विकसित कर रही योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** नैमिषारण्य, गोमती नदी के तट पर बसी 88 हजार ऋषि-मुनियों की पावन तपोभूमि। इसके विकास को लेकर वर्ष 2023 में महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां के संतों से मुलाकात की थी। उसी समय उन्होंने घोषणा की थी कि तीर्थ क्षेत्र नैमिष के विकास में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कुछ इस तरह होगा कि धर्म एवं अध्यात्म की यह धरती पर्यटन के केंद्र के रूप में भी उभरे। मुख्यमंत्री ने तो यहां तक कहा था कि मेरा प्रयास यह होगा कि नैमिष का विकास अयोध्या से भी बेहतर हो।

**वैदिक सिटी के रूप में विकसित होगा नैमिषारण्य**

नैमिषारण्य तीर्थ परिषद के गठन के पीछे योगी सरकार की मंशा इस तीर्थ स्थल के नियोजित विकास की रही है। इसके तहत नैमिषारण्य



तीर्थ क्षेत्र में नए घाट का निर्माण होगा। यह घाट राजघाट और दशाश्वमेध घाट के बीच होगा। पुराने घाटों का भी जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण होना है। इनमें से कई काम हो चुके हैं और कुछ पर काम जारी है। मुख्यमंत्री का मानना है कि जैसे अयोध्या में पर्यटकों/श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी वैसे-वैसे नैमिषारण्य का भी आकर्षण बढ़ेगा। यूं भी हर हिंदू ऋषियों की इस तपोस्थली में आना चाहता है। लखनऊ से पास होने और सनातन धर्म में आस्था रखने वालों की भावना के अनुरूप उसका विकास बहुत पहले हो जाना चाहिए था।

अयोध्या और काशी के कायाकल्प और पर्यटकों की रुचि देखते हुए अब यह जरूरी हो गया है। इसीलिए एक ओर योगी सरकार अयोध्या को सजाने एवं संवारने के साथ वहां एक नव्य अयोध्या बना रही है। उसी तरह नैमिषारण्य में भी वैदिक सिटी बन रही है। नए घाट के निर्माण और पुराने घाटों के सुंदरीकरण के साथ सड़कों का भी चौड़ीकरण हो रहा है। ललिता देवी और भूतेश्वरनाथ जैसे प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य मंदिरों और ऋषि-मुनियों से जुड़े प्रमुख स्थलों और पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा के मद्देनजर इनके लिए जरूरी बुनियादी सुविधाओं का भी विकास होगा। स्थानीय संतों की मंशा के अनुसार आधुनिकता के साथ प्राचीनता का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**शीघ्र शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा**

नैमिषारण्य शीघ्र ही प्रदेश की राजधानी और अन्य प्रमुख धार्मिक शहरों, खासकर अयोध्या एवं वाराणसी से हेलिकाप्टर सेवा से जुड़ जाएगा।

ठाकुरनगर रुद्रावर्त धाम मार्ग के किनारे नौ करोड़ रुपये की लागत से हेलीपोर्ट बनकर तैयार है। यहां एक साथ तीन हेलीकॉप्टर्स की लैंडिंग हो सकती है। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद इसकी सेवाएं उपलब्ध होने लगेंगी। रेल और सड़क कनेक्टिविटी को भी और बेहतर बनाया जाएगा।